सूर्योदय 5:27 सूर्यास्त 7:22

**आज का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 18.5 न्यू | 24.5 अधि |
| धर्मशाला | 21.0 न्यू | 28.5 अधि |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 79441.45 |
| निफ्टी | 24123.85 |
| सोना | 72,380 |
| चांदी | 91,070 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार




आशीष जनसेवक नहीं, ठेकेदार: सुक्खू

पृष्ठ 3 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | बुधवार, 3 जुलाई, 2024 | 20 आषाढ़, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 196, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- गगल में बरसात की पहली बारिश बनी आफत, घरों में घुसा पानी -पेज 4
- कांग्रेस सरकार को ले डूबेगी मुख्यमंत्री की तानाशाही: राणा -पेज 6
- आईटीआई एरिया छोड़ नहीं हुई पेयजल आपूर्ति -पेज 12
- जिम्बाब्वे दौरे के लिए टीम इंडिया रवाना -पेज 13
- सांसद इंजीनियर राशिद पांच जुलाई को लेंगे पद की शपथ -पेज 14


# हाथरस में सत्संग के बाद भगदड़, 130 लोगों की मौत

## 150 से अधिक घायल, हादसे की जांच को कमेटी गठित

**एजेंसी, हाथरस**

**उत्तर** प्रदेश के हाथरस में मंगलवार को भोले बाबा के सत्संग के बाद भगदड़ मच गई। इसमें 130 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई, जबकि 150 से अधिक घायल हैं। ऐसे में मृतकों की संख्या बढ़ सकती है।

**सीएम योगी ने घटनाक्रम की तलब की रिपोर्ट**

वहीं, आरोपी बाबा घटनास्थल से फरार हो गया है। हादसा हाथरस जिले से 47 किलोमीटर दूर फुलरई गांव में मंगलवार दोपहर करीब एक बजे हुआ। हादसे के बाद हालात भयावह हैं। लाशों और घायलों को बस और टैंपो में सिकंदराऊ सीएचसी और एटा जिला अस्पताल भेजा गया।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने घटना का संज्ञान लेते हुए मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को हाथरस जाने व घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। घटनाक्रम की रिपोर्ट तलब की है। योगी राहत एवं बचाव कार्य की पल-पल की



जानकारी ले रहे हैं। उन्होंने हादसे के कारणों की जांच के लिए अपर पुलिस महानिदेशक आगरा और अलीगढ़ के मंडलायुक्त की अध्यक्षता में जांच समिति का गठन किया है। समिति 24 घंटे के भीतर अपनी रिपोर्ट देगी। उन्होंने हादसे में मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपए और घायलों को 50-50 हजार रुपए की अनुग्रह राशि जारी करने के निर्देश दिए हैं। हाथरस के जिलाधिकारी आशीष कुमार पटेल ने बताया कि फुलई गांव में आज एक धार्मिक आयोजन के समापन पर उमस के बीच बाहर निकलने की जल्दी में भगदड़ मच गई, जिससे कई हताहत हुए हैं।

### आईबी की नौकरी छोड़ बने बाबा

नारायण साकार हरि उर्फ भोले बाबा के नाम से प्रसिद्ध स्वयंभू संत का असली नाम सूरज पाल है और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बड़ी संख्या में उनके अनुयायी हैं। मूल रूप से कांशीराम नगर (कासगंज) में पटियाली गांव के रहने वाले सूरज पाल उत्तर प्रदेश पुलिस में नौकरी करते थे। उन्होंने इंटेलीजेंस ब्यूरो में भी काम किया है। 18 साल की नौकरी के बाद उन्होंने वीआरएस ले लिया और अध्यात्म में रम गए।



### राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और गृह मंत्री ने जताया दुख

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में आयोजित सत्संग के दौरान मची भगदड़ की घटना पर गहरा दुःख जताया है। पीएम मोदी ने शोक जताते हुए कहा कि राज्य सरकार, प्रशासन राहत बचाव कार्य में जुटा हुआ है। केंद्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारी यूपी सरकार के लगातार संपर्क में हैं। वहीं, राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे और प्रियंका गांधी ने भी शोक जताया है।

### मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख

प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि पीएम मोदी ने हाथरस हादसे में मारे गए हर मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2-2 लाख और घायलों को 50-50 हजार रुपए की राहत राशि देने की घोषणा की।

राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का दिया जवाब

# पीएम मोदी बोले- परजीवी पार्टी के नाम से जानी जाएगी कांग्रेस

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को लोकसभा सत्र के सातवें दिन राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब दिया। इस दौरान विपक्ष ने भी जमकर हंगामा किया। तानाशाही नहीं चलेगी, 'मणिपुर-मणिपुर' और 'न्याय दो-न्याय दो' के नारे लग रहे हैं। पीएम को इस दौरान दो बार अपना भाषण रोकना पड़ा। स्पीकर ने विपक्ष को दो बार ऐसा नहीं करने की नसीहत दी। स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि यह ठीक नहीं है, लेकिन विपक्ष के सांसद सुनने को तैयार नहीं हैं। पीएम ने कहा कि हमने दुनिया को दिखा दिया कि यह विश्व का सबसे बड़ा चुनावी अभियान था।

देश की जनता ने दुनिया के सबसे बड़े चुनावी अभियान ने हमें चुना है। मैं कुछ लोगों की पीड़ा समझ सकता हूं कि लगातार झूठ चलाने के बावजूद उनकी घोर पराजय हुई। कांग्रेस लगातार तीसरी बार 100 पार नहीं कर सकी और शीर्षासन कर रही है। इस परजीवी पार्टी को मिली 99 सीटों पर उसके सहयोगियों ने उसे जिताया है, इसलिए कांग्रेस परजीवी है। जनता ने उस पर भरोसा नहीं करके विपक्ष में बैठे रहने का जनादेश दिया है। कांग्रेस को लगातार तीसरी बार सबसे बड़ी हार का सामना करना पड़ा है और वह आत्ममंथन करने की बजाए 99 सीटें पाकर बहुत खुश नजर आ रही है।

### विपक्ष के आचरण को लेकर निंदा प्रस्ताव पारित

**रक्षा मंत्री** राजनाथ सिंह ने लोकसभा में प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन के दौरान विपक्षी सदस्यों की ओर से संसदीय मर्यादाओं को तार-तार करने की निंदा करते हुए एक प्रस्ताव सदन में रखा जिसे ध्वनिमत से मंजूरी दी गई।

### सेना भर्ती पर फैलाया जा रहा झूठ

**पीएम** ने कहा कि सेना में भर्ती को लेकर सरासर झूठ फैलाया जा रहा है, ताकि लोग देश की रक्षा करने के लिए सेना में न जाएं। आखिर किसके लिए कांग्रेस हमारी सेनाओं को कमजोर करना चाहती है। हमारे देश में इंदिरा गांधी ने वन रैंक, वन पेंशन की व्यवस्था की थी, लेकिन इसे दशकों तक लागू नहीं किया गया। एनडीए सरकार ने 1 लाख 20 हजार करोड़ वन रैंक, वन पेंशन के लिए दिए। सरकार पेपर लीक को रोकने के लिए अत्यंत गंभीर है। इसे रोकने के लिए एक के बाद एक कदम उठा रहे हैं। छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों के बख्शा नहीं जाएगा।

### हिंदू आतंकवाद गढ़ने की कोशिश की

**पीएम** ने कहा कि 131 साल पहले स्वामी विवेकानंद जी ने शिकागो में कहा था कि मुझे गौरव है कि मैं उस धर्म से आता हूं, जिसने पूरी दुनिया को सहिष्णुता और वैश्विक स्वीकृति सिखाई है। हिंदुओं पर आरोप लगाने का झूठ षड्यंत्र हो रहा है। इन लोगों ने हिंदू आतंकवाद गढ़ने की कोशिश की थी।

### सदन में कल चल रहा था बालक बुद्धि का विलाप

**मोदी** ने कहा कि हमने सोमवार को सदन में बचकाना हरकत देखी। यह बालक बुद्धि का विलाप है। बालक बुद्धि में न बोलने का ठिकाना होता है और न ही उनमें व्यवहार का कोई ठिकाना होता है। बालक की बुद्धि जब सीमाएं खो देती है तो यह सदन में बैठकर आंखें मारते हैं। देश आज इनसे कह रहा है कि तुमसे नहीं हो पाएगा।

## न्यूज शॉर्ट्स

### अबोहर सेक्टर में पाक घुसपैठिया ढेर

**फिरोजपुर (पंजाब)।** पंजाब के अबोहर सेक्टर में बीएसएफ के जवानों ने पाकिस्तानी घुसपैठिये को मार गिराया। सोमवार देर रात को संदिग्ध गतिविधि दिखने पर जवानों ने घुसपैठिये को चुनौती दी, लेकिन घुसपैठिया बाड़ की ओर बढ़ता रहा, जिसके बाद जवानों ने तीन गोलियां चलाईं। जवानों को मृत घुसपैठिये का शव मिला। घुसपैठिया की उम्र 25 साल के करीब है, लेकिन अभी उसकी पहचान नहीं हो पाई है।

### पाकिस्तान में मार गिराए नौ आतंकी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सुरक्षाबलों ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के खैबर और लक्की मारवत जिलों में नौ आतंकवादियों को मार गिराया। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत को आतंकवादियों का गढ़ माना जाता है। सुरक्षाबलों ने खैबर के तिराह इलाके में खुफिया अभियान चलाकर आतंकवादी कमांडर नजीब उर्फ अब्दुर रहमान और आतंकवादी कमांडर इशफाक उर्फ मुआविया सहित सात आतंकवादियों को ढेर किया। आतंकवादियों के पास से हथियार और भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद किया है।

### नीट-यूजी विवाद पर सुप्रीम कोर्ट में आठ को सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय विवादों से घिरी मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट-यूजी' से जुड़ी याचिकाओं पर आठ जुलाई को सुनवाई करेगा। पांच मई को हुई परीक्षा में अनियमितताओं का आरोप लगाने वाली और इसे नए सिरे से कराए जाने का अनुरोध करने वाली याचिकाएं भी शामिल हैं। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ 26 याचिकाओं पर सुनवाई करेगी।

### राहुल नहीं हुए कोर्ट में पेश, अब 26 को सुनवाई



**सुलतानपुर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं रायबरेली से लोकसभा के सांसद राहुल गांधी सुलतानपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट में मंगलवार को पेश नहीं हुए। अब अगली सुनवाई 26 जुलाई को होगी। राहुल के अधिवक्ता ने बताया कि सदन की कार्यवाही के चलते कोर्ट में पेश नहीं हो सके।

### लिपुलेख दर्रे से कैलाश दर्शन कर सकेंगे श्रद्धालु

**नई दिल्ली।** पिथौरागढ़ जिले की ब्यास घाटी में 18,300 फुट की ऊंचाई पर पुराने लिपुलेख दर्रे से कैलाश शिखर दर्शन 15 सितंबर से शुरू हो जाएगा। पिथौरागढ़ जिला पर्यटन अधिकारी कीर्ति चंद्र आर्य ने बताया कि श्रद्धालु धारचूला से लिपुलेख तक अपनी गाड़ियों से जा सकेंगे। इसके बाद करीब 800 मीटर की दूरी पैदल तय करनी होगी।

## सलमान को मारने के लिए पाक से मंगवाई थी एके-47 राइफलें

**मुंबई।** फिल्म अभिनेता सलमान खान को मारने के लिए लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने पाकिस्तान से एके-47 राइफलें मंगवाकर 25 लाख की सुपारी दी थी।

सलमान खान की दैनिक गतिविधियों पर नजर रखने के लिए लगभग 60 से 70 लोगों को रखा था। यह खुलासा नवी मुंबई पुलिस की ओर से कोर्ट में पेश की गई लॉरेंस बिश्नोई गैंग के पांच आरोपियों के खिलाफ 350 पेज की चार्जशीट से हुआ है। पुलिस ने जासूसी एजेंसी की जानकारी, आरोपी के मोबाइल फोन, उसकी बातचीत, तकनीकी जानकारी, व्हाट्सऐप ग्रुप, टावर लोकेशन और ऑडियो-वीडियो कॉल के आधार पर सबूत इकट्ठा किए हैं। इसके आधार पर 350 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की गई है।

**मुंबई पुलिस ने कोर्ट में दाखिल की 350 पन्नों की चार्जशीट**

## अस्पताल में दराट लेकर घुसा युवक

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** कुल्लू के ढालपुर के क्षेत्रीय अस्पताल में सोमवार रात एक युवक नशे की हालत में दराट लेकर अंदर घुस गया, जिसे देखकर पहले तो सभी लोग दहशत में आ गए, लेकिन फिर सुरक्षा कर्मियों ने बहुत मुश्किलों के बाद नशेड़ी युवक पर काबू पाया और उसे पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। वहीं, अस्पताल में भर्ती मरीजों और उनके तीमारदारों में भी इस घटना ने दहशत का माहौल बना दिया है। लोगों ने पुलिस प्रशासन से अस्पताल परिसर में गश्त बढ़ाने की मांग की है। (अनंत ज्ञान)

# केजरीवाल की गिरफ्तारी पर सीबीआई को नोटिस, सात दिन में मांगा जवाब

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**दिल्ली** हाईकोर्ट में मंगलवार को सीबीआई की ओर से आबकारी नीति 'घोटाले' से संबंधित भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई हुई।

जस्टिस नीना बंसल कृष्णा ने सीबीआई को नोटिस जारी कर सात दिन में जवाब मांगा है। मामले की अगली सुनवाई 17 जुलाई को होगी। केजरीवाल की ओर से एक जुलाई को याचिका दाखिल की थी। केजरीवाल ने राऊज एवेन्यू कोर्ट के 26 जून के उस आदेश को भी चुनौती दी है, जिसके तहत उनको 3 दिन के लिए सीबीआई रिमांड पर भेजा गया था। फिलहाल केजरीवाल 12 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में हैं। सीबीआई केजरीवाल के खिलाफ शराब नीति केस में भ्रष्टाचार से जुड़े मामले की जांच कर रही है। इस मामले में सीबीआई ने 26 जून को केजरीवाल को गिरफ्तार किया था। केजरीवाल शराब नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पहले से ही तिहाड़ में बंद हैं। केजरीवाल के खिलाफ दो मामले दर्ज हैं। ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग केस में 21 मार्च को गिरफ्तार किया था।

वहीं, सीबीआई ने शराब नीति में भ्रष्टाचार का मामला दर्ज किया था। सीबीआई ने केजरीवाल को इस केस में 26 जून को केजरीवाल को दोबारा गिरफ्तार किया गया।


अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र
अब आपके शहर चंडीगढ़ में भी
विज्ञापन और खबरों के लिए संपर्क करें हमारी चंडीगढ़ शाखा
जगदीश शर्मा ब्यूरो चीफ
SCO 210, Sector 34-A, Chandigarh Mob. 9872000431
Head Office: Plot No.8, Phase-II, Ind. Area Nagrota Bagwan, Distt. Kangra (H.P.) 176047 Ph. 01892-299098, 9816875517


# विजिलेंस टीम ने सरकाघाट में जांची सेंट्रल पार्क की गुणवत्ता

## रेत और क्रंकीट का सैंपल लिया, संस्थाओं ने की थी घोटाला होने की शिकायत

**रितेश चौहान, सरकाघाट**

**पूर्व** भाजपा सरकार के कार्यकाल में सरकाघाट के मुख्य बाजार में 44 लाख रुपए से निर्मित सेंट्रल पार्क के निर्माण में हुई कथित धांधली और गुणवत्ता की जांच को मंडी की विजिलेंस टीम मंगलवार को सरकाघाट पहुंची। यहां विजिलेंस टीम ने निर्माण कार्य की जांच की।

विजिलेंस के अचानक मुख्य बाजार में आने और पार्क की खुदाई करने पर हड़कंप मच गया। इस बहुचर्चित पार्क के निर्माण को लेकर कई सामाजिक संगठनों और संस्थाओं ने बड़ा घोटाला होने के आरोप लगाए थे। मुख्यमंत्री से



सरकाघाट में सेंट्रल पार्क में लगी सामग्री की जांच करती विजिलेंस टीम।

लेकर विजिलेंस को जांच की मांग को लेकर शिकायत भेजी थी। विजिलेंस टीम ने पेवरों के नीचे डाले गए रेत और क्रंकीट का सैंपल लिया है।

विजिलेंस टीम के प्रभारी एसआई दुनीचंद ने बताया कि जांच की जा रही है, अगर गुणवत्ता के साथ खिलवाड़ किया होगा तो किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा और उसके कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। (अनंत ज्ञान)

## बीआरएस नेता कविता मुख्य षड्यंत्रकारियों में से एक करार

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने कथित शराब घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार एवं धनशोधन के दो मामलों में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) नेता के. कविता को जमानत देने से इनकार करते हुए कहा कि प्रथम दृष्टया वह दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 तैयार करने और इसके क्रियान्वयन की आपराधिक साजिश के मुख्य षड्यंत्रकारियों में से एक हैं।

हाईकोर्ट ने जांच एजेंसियों की ओर से एकत्रित सामग्री का अवलोकन करते हुए कहा कि कविता प्रथम दृष्टया विभिन्न प्रक्रियाओं में रिश्वत के भुगतान और अपराध की आय से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं और धनशोधन के अपराध में शामिल थीं।






**बेरहम मानसून** 6 सड़कें और तीन ट्रांसफार्मर बंद, 24 घंटों में मैदानी व मध्य पर्वतीय क्षेत्रों में भारी बारिश का अलर्ट

# हिमाचल में भारी बारिश, कई जगह भू-स्खलन

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश में सोमवार रात को हुई भारी बारिश से कई जगह भू-स्खलन हुआ है। इससे 6 सड़कें ठप हो गई हैं, जबकि तीन ट्रांसफार्मर बंद हैं। कांगड़ा, बिलासपुर, ऊना और मंडी जिले में कई जगह भू-स्खलन हुआ था। लोक निर्माण विभाग ने मंगलवार को कई सड़कों को खोल दिया है। इससे लोगों को दिनभर भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा है।

वहीं, मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में भी राज्य के मैदानी व मध्य पर्वतीय क्षेत्रों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। स्थानीय लोगों व सैलानियों को सचेत रहने



को कहा है। सैलानियों को भू-स्खलन संभावित इलाकों और नदी-नालों के समीप न जाने की हिदायत दी गई है। राज्य में छह जुलाई तक भारी वर्षा की आशंका जताई गई है। मंडी जिले के सुंदरनगर उपमंडल में एक, करसोग में तीन और बालीचौक में भू-स्खलन से एक सड़क बंद हो गई है। वहीं, चबा में दो और तीसा में एक ट्रांसफार्मर बंद हो गया है। मौसम विभाग के मुताबिक, बीती रात कांगड़ा में सबसे ज्यादा 75 मिलीमीटर बारिश हुई है। इसके अलावा बरठीं में 41, धर्मशाला में 30, सैंज में 29, ऊना में 20, मंडी में 16 और बिलासपुर में 10 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड हुई है।

प्रदेश में लगातार हो रही बारिश के चलते सैलानियों की संख्या में भी गिरावट दर्ज की गई है। शिमला, चायल, डल्हौजी, मनाली और कसौल इत्यादि में होटलों की ऑक्यूपेंसी में कमी आई है। शिमला में होटलों की ऑक्यूपेंसी 85 फीसदी से घटकर 60 फीसदी रह गई है। (अनंत ज्ञान)

### अधिकतम तापमान

| | |
|---|---|
| बिलासपुर | 33.5° |
| ऊना | 35.6° |
| चंबा | 36.3° |
| कांगड़ा | 32.9° |
| सुंदरनगर | 32.5° |
| हमीरपुर | 32.5° |
| बरठीं | 32.2° |
| धौलाकुआं | 29.2° |
| धर्मशाला | 28.5° |
| मंडी | 28.2° |
| सोलन | 27.5° |
| शिमला | 24.5° |

## न्यूज ब्रीफ

### साइबर ठगों के निशाने पर हिमाचली गृहिणियां

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** सावधान, अब साइबर ठगों के निशाने पर हिमाचल की गृहिणियां भी आ गई है। कई महिलाओं को ठगी का शिकार बनाया गया है। साइबर अपराधी लोगों को ठगने के लिए आए दिन नए-नए हथकंडे अपना रहे हैं। ये अपराधी व्हाट्सएप कॉल कर महिलाओं को ठगने का काम कर रहे हैं। साइबर थानों में ऐसी शिकायतें आ रही हैं। जनवरी से लेकर जून माह तक प्रदेशभर में साइबर अपराध की करीब 275 शिकायतें आई हैं। पुलिस अधिकारी का फोटो लगाकर शातिर अपने आप को डीएसपी और एचएचओ बताते हैं। ये महिलाओं व उनके परिजनों को कहते हैं कि उनका बेटा या पति उनके कब्जे में है। उसे मारपीट या फिर चिट्टे के साथ पकड़ा गया है। बेटे को जेल में डाल दिया गया है, अगर छुड़ाना चाहते हैं तो इसके बदले में उन्हें रुपए देने होंगे। कई महिलाओं के बेटे हिमाचल से बाहर नौकरी या पढ़ाई कर रहे हैं। कई लोग शातिरों को पैसे दे देते हैं। जब परिजन रिश्तेदारों और बेटों से बात करते हैं तब जाकर उन्हें ठगी का पता चलता है। पुलिस मुख्यालय ने एडवाइजरी जारी की है कि अगर कोई ऐसा फोन आए तो मत उठाएं। बार-बार कॉल आने पर पुलिस को सूचित करें।

### भाजपा मंडल रोहड़ू की मासिक बैठक संपन्न

**दशमी रावत, रोहड़ू।** भारतीय जनता पार्टी रोहड़ू मंडल की मासिक बैठक मंगलवार को मंडल अध्यक्ष शशि रावत की अध्यक्षता में सर्किट हाउस रोहड़ू में संपन्न हुई। बैठक में मंडल महामंत्री राजकुमार शरवाण व विजय मेहता, जिला कोषाध्यक्ष संदीप ठाकुर, युवा मोर्चा अध्यक्ष विक्रम चौहान, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य किसान मोर्चा प्रेम झामटा, मंडल उपाध्यक्ष संजीव चौहान सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता विशेष रूप से मौजूद रहे। मंडल के मीडिया प्रभारी सुमेश चौहान ने जारी प्रेस बयान में बताया कि बैठक में आगामी होने वाले संगठनात्मक कार्यक्रमों की रुपरेखा तैयार की गई और सभी कार्यकर्ताओं के सुझाव भी लिए गए। (अनंत ज्ञान)

### डीएवी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्टूडेंट्स सम्मानित



**भरत ठाकुर, कोटखाई।** डीएवी शताब्दी स्कूल कोटखाई ने डीएवी एसजेवीएन दत्तनगर और डीएवी सीपीएस कोटखाई में हाल ही में संपन्न डीएवी राष्ट्रीय खेल (क्लस्टर स्तर) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्टूडेंट्स के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया। स्टाफ सदस्यों ने एथलीटों को माला पहनाई और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। प्रिंसिपल संजीव शर्मा ने खेल शिक्षक के दिशा-निर्देशों के तहत स्टूडेंट्स के प्रयासों को मान्यता दी और बच्चों को बधाई दी। उन्होंने छात्रों की उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त की और शिक्षकों के दिशा-निर्देशों और अभिभावकों के समर्थन के तहत आने वाले समय में और भी बेहतर करने के लिए स्टूडेंट्स की क्षमताओं में दृढ़ विश्वास व्यक्त किया। (अनंत ज्ञान)

### राहुल गांधी के बयान की धर्माणी ने की निंदा

**नीरज शर्मा, घुमारवीं।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र धर्माणी ने राहुल गांधी के संसद में दिए बयान की कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के चेहरे से अब नकाव उतर चुका है और लोगों को उनके बयान से पता लग गया है कि कांग्रेस किस तरह अल्पसंख्यक लोगों को खुश करने के लिए बाहुल संख्यक लोगों को कैसे बदनाम करती है। नेहरू के समय से कांग्रेस भारतीय संस्कृति हिंदू देवी-देवताओं को अपमानित करने का प्रयास कर रही है। कांग्रेस हिंदू राजनीति केवल वोटों के लिए करती है,ख उनके मन में क्या है अब यह जग जाहिर हो गया है। राहुल को संसद में दिए बयान के लिए पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए राहुल गांधी का यह बयान स्पष्ट करता है कि कांग्रेस लोकसभा चुनाव में मिली करारी हार के कारण हताश व निराश है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की इस विकृत मानसिकता से प्रत्येक वर्ग निराश है। कांग्रेस के नेताओं को इस प्रकार बयानों के लिए देश की जनता से सार्वजनिक माफी मांगनी चाहिए। (अनंत ज्ञान)

### सुरेश बने खैर ठेकेदार यूनियन के जिला प्रधान

**गोपाल कपिल, झंडूता।** झंडूता विकास खंड के अंतर्गत समोह के सुरेश नेगी खैर ठेकेदार युनियन के जिला प्रधान बने हैं। कलोल विश्राम गृह में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया है। इसके अलावा अन्य कार्यकारिणी का गठन भी इस बैठक में किया गया है। कार्यकारिणी में उपप्रधान जमीत सिंह राय, महासचिव शाहीन मोहम्मद, हरदयाल सिंह, महेंद्र सिंह, उपप्रधान संजय चंदेल, सचिव पवन, सुरजीत शर्मा, कोषाध्यक्ष प्यार चंद शर्मा, सलाहकार रविंद्र कुमार को चुना गया। इसके अलावा रणजीत कश्यप, ओंकार सिंह, केहर सिंह, बलवीर सिंह को सदस्य चुना गया है। इस बैठक में अन्य मसलों पर भी चर्चा की गई है। नवनियुक्त प्रधान ने बताया कि सरकार के समक्ष खैर ठेकदारों की समस्याओं को रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि निशानदेही सहित अन्य कार्यो को लेकर कमेटी की ओर से कार्य किया जाएगा। ताकि इस कार्य से जुड़े लोगों को किसी तरह की समस्या न झेलनी पड़े। बैठक में पवन कुमार, रामदास, मरोत्तन से अनिल कुमार, झबोला से संजय कुमार सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

### नहीं थम रहा हिमाचल-पंजाब के बीच टैक्सी विवाद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल और पंजाब के बीच टैक्सी ऑपरेटरों का विवाद बढ़ गया है। पंजाब के पर्यटकों द्वारा हिमाचल टैक्सी ड्राइवर की हत्या और उसके बाद हिमाचल में गाड़ियों से तोड़फोड़ के बाद पंजाब में भी हिमाचल की गाड़ियों को रोका जा रहा है। जिससे टैक्सी चालकों के साथ-साथ पर्यटकों को भी परेशानी हो रही है। इन घटनाओं के बाद जहां हिमाचल के कारोबार पर भी असर पड़ रहा है। इसी मामले को लेकर शिमला टैक्सी यूनियन के लोग पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह से मिले और विवाद को सुलझाने की मांग उठाई। टैक्सी चालकों का कहना है कुछ लोगों की गलतियों का खामियाजा सभी टैक्सी ऑपरेटर को भुगतना पड़ रहा है। वह चाहते हैं कि दोनों राज्यों का आपसी भाईचारा बना रहे। दोनों राज्यों के टैक्सी ऑपरेटर सयम रखें। दोनों राज्यों के ऑपरेटर भी लगातार आपस में बातचीत कर रहे हैं। सरकार भी पंजाब के साथ मामले को सुलझाने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि पंजाब के पर्यटक टैक्सी चालक को मारकर गाड़ी में पंजाब ले गए रास्ते में कहीं पर भी नाके पर चेकिंग नहीं की गई। उन्होंने कहा कि नाकों पर चेकिंग होनी चाहिए। पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने बताया कि टैक्सी ऑपरेटर का विवाद बड़ा नहीं है। सरकार इसको सुलझाने के लिए बात करेगी। टैक्सी चालक का मर्डर दुखद घटना है। दोनों प्रदेशों को आपसी सौहार्द के साथ आगे बढ़ना चाहिए।

### सनरॉक प्ले स्कूल में मनाया राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस

**भरत ठाकुर, कोटखाई।** सनरॉक प्ले स्कूल गुम्मा में चिकित्सक दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों व स्टाफ के सभी सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए स्कूल की प्रधानाचार्य शैलजा अमरैईक ने नन्हे-मुन्ने बच्चों को जानकारी दी कि 'डॉक्टर दिवस' प्रत्येक वर्ष एक जुलाई को संपूर्ण भारत में मनाया जाता है। भारत में इसे राष्ट्रीय दिवस के रूप में मनाया जाता हैं। भारत में डॉक्टर बिधानचंद्र रॉय के जन्मदिन पर प्रत्येक वर्ष डॉक्टर दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों ने मानव जाति के लिए बहुत समर्पण किया है। डॉक्टरों के इसी समर्पण और त्याग को याद करते हुए एक जुलाई का दिन भारत में राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस के रूप में मनाया जाता है। प्रधानाचार्या ने कहा कि सनरॉक प्ले स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहा है और अच्छी शिक्षा प्रदान करने का हरसंभव प्रयास कर रहा है तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव प्रयासरत रहता है व आश्वासन दिया कि वे संबंधित क्षेत्र के लोगों की आशाओं व अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए हमेशा प्रत्यनशील रहेंगें। प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में बच्चों को स्वस्थ्य सम्बंधित विशेषकर दांतों के रख-रखाव व सफाई के बारे में जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर नन्हे-नन्हे बच्चों द्वारा लघु नाटक व सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। (अनंत ज्ञान)




# शिमला पहुंचा अर्ली वैरायटी का सेब

## पहले दिन पहुंचे टाइडमैन व रेड जून के 10 बॉक्स, 10 किलो की पेटी 700 रुपए में

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

शिमला में अर्ली वैराइटी टाइडमैन व रेड जून सेब पहुंचा है। इस सीजन में पहली बार यह सेब मंडी में पहुंचा है। पहले दिन टाइडमैन सेब की 5 पेटियां मंडी में पहुंची हैं। शुरुआत में 10 किलो की पेटी के दाम 700 रुपए तक मिले हैं। यह दाम कम हैं, क्योंकि सेब अभी कच्चा है।

इसके अलावा रेड जून किस्म की भी 5 पेटियां मंडी में पहुंची हैं। इसकी 20 किलो की पेटी के दाम 500 रुपए तक मिले हैं। शुरुआती दाम बहुत कम हैं, लेकिन आने वाले समय में दामों में निश्चित तौर पर बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। फिलहाल, अर्ली वैराइटी सेब आया है और आने वाले समय में लो और मीडियम हाइट से भी सेब पहुंचेगा।



बता दें कि हिमाचल प्रदेश में बागवानों को इस बार दोहरी राहत मिलने वाली है। एक तो इस बार मंडियों में यूनिवर्सल कार्टन में 20 किलो पैकिंग में सेब बिकेगा। जिससे बागवानों को अब पहले की तरह अधिक पैकिंग में सेब बेच कर नुकसान नहीं उठाना होगा। वहीं इस बार बागवानों को यूनिवर्सल कार्टन पिछले सालों के मुकाबले में 3.50 से 7.50 रुपए सस्ता मिल सकता है। सेब सीजन को नजदीक देखते हुए एचपीएमसी ने यूनिवर्सल कार्टन के दाम फाइनल कर दिए हैं, जिसमें बागवानों को अलग-अलग कीमत के सफेद और ब्राउन कार्टन उपलब्ध कराए जाएंगे।

बागवानों को ब्राउन यूनिवर्सल कार्टन सबसे सस्ता 48 और सफेद कार्टन 56 रुपए में उपलब्ध कराया जाएगा। इस कीमत पर बागवानों को जीएसटी अलग से चुकाना होगा। पिछले साल ब्राउन कार्टन के रेट 51.50 रुपए और सफेद कार्टन 63.50 रुपए में था। बागवानों को ये कार्टन अगले हफ्ते से एचपीएमसी के शाखा कार्यालयों में मिलना शुरू हो जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

### 3 से 3.50 करोड़ कार्टन की मांग

हिमाचल की आर्थिकी में सेब का योगदान पांच हजार करोड़ से अधिक का रहता है। प्रदेश में पैदा होने वाले सेब की देश भर की मंडियों में अधिक मांग रहती है। ऐसे में मंडियों में बागवानों को सेब के अच्छे रेट मिलते हैं। हिमाचल में हर साल औसत 3 से 3.50 करोड़ पेटियों का उत्पादन होता है। जिसके चलते हर साल 3.50 करोड़ कार्टन की मांग रहती है। वहीं टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद एचपीएमसी ने बागवानों को पर्याप्त कार्टन उपलब्ध कराने के निर्देश जारी किए हैं। सेब सीजन को नजदीक देखते हुए शॉर्टलिस्ट हुई कंपनियों को एक सप्ताह में कार्टन उपलब्ध कराना होगा, ताकि बागवानों को कार्टन के लिए परेशानियों का सामना न करना पड़े। वहीं जीएसटी काउंसिल ने कार्टन पर जीएसटी 18 से घटाकर 12 फीसदी तय की है।

# सुक्खू सरकार ने एक और गारंटी पूरी कर लाखों महिलाओं को दिया तोहफा : बलवीर

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा**

सुक्खू सरकार ने एक और गारंटी पूरी करके प्रदेश की लाखों महिलाओं को 1500 रुपए प्रति महीना देकर व्यवस्था परिवर्तन की एक और गारंटी पूरी की है। यह बात प्रदेश किसान कांग्रेस उपाध्यक्ष बलवीर रचाईक ने प्रेस के नाम जारी अपने ब्यान में कही है।



उन्होंने कहा कि इससे पहले कर्मचारियों के लिए ओपीएस की बहाली, बागवानों के लिए यूनिवर्सल कार्टन को प्रयोग में लाकर प्रति किलो सेब बिक्री से प्रदेश के बागवानों को ठगी एवं शोषण से बचाया। दूसरी, तरफ भाजपा कांग्रेस की गारंटियों पर आए दिन सवाल उठाती रहती है।

वर्ष 2014 में सत्ता में आने से पहले देश के विभिन्न वर्गों के लोगों के लिए भाजपा द्वारा अनेक गारंटियां दी गई थीं। जिन गारंटीयों के आधार पर भारतीय जनता पार्टी ने केंद्र में सत्ता हथियाई उन्हें दस साल में भी पूरा नहीं कर पाई। हर साल 2 करोड़ युवाओं को रोजगार, काला धन वापस लाकर हर एक भारतीय नागरिक के खाते में 15-15 लाख रुपए, 2022 तक देश भर के किसानों की आय दुगनी करने एवं इसके अतिरिक्त भी अनेकों गारंटियां देकर देश की जनता को झांसे में फंसाया था।

केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश के बागवानों की कमर बाहरी देशों से आने वाले सेब पर आयात शुल्क घटाकर इस कद्र तोड़ी कि यहां के बागवानों को संपत्ति बेचने पर मजबूर किया है। किसान नेता ने प्रदेश भाजपा पर बरसते हुए कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की बढ़ती लोकप्रियता से हताश भाजपा आए दिन गारंटियों के नाम पर प्रदर्शन करती रहती है, जबकि केंद्र की अपनी गारंटियों में एक भी गारंटी दस साल में पूरी नहीं हो पाई है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश कांग्रेस की प्राथमिकता धनबल के जोर से जनता द्वारा चुनी गई प्रदेश सरकार को गिराने की थी, परंतु प्रदेश की प्रबुद्ध जनता ने उसके मंसूबों पर पानी फेर दिया।

# 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम के तहत खलिनी में पौधरोपण

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मन की बात कार्यक्रम में शुरू किए गए। एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत खलिनी में पौधरोपण किया। इस अवसर पर विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए।



इस अवसर पर पूर्व मंत्री सुरेश भारद्वाज ने कहा कि हमारे जीवन में रिश्तों का बहुत महत्वपूर्ण योगदान होता है। वैसे तो सभी रिश्ते बहुत महत्वपूर्ण होते है, लेकिन मां का रिश्ता बहुत ही निस्वार्थ होता है। मंडलाध्यक्ष सुनील धर ने कहा कि प्रधानमंत्री ने कहा था कि प्राकृतिक का सरंक्षण और इसे संजोए रखना हम सबका दायित्व है और उसी दायित्व को निभाते हुए पेड़ लगाए। हमारा पर्यावरण साफ-सुथरा होगा तभी हम सांस ले पाएंगे। इस अवसर पर महापौर कुसुम सदरेट, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश शारदा, पूर्व पार्षद पूरणमल, उपाध्यक्ष सुशील चौहान, पिंकी गोयल, उपाध्यक्ष जय लाल ठाकुर, सचिव अनूप वैध, सचिन सचिन, किशोर ठाकुर आदि उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता 20 से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता 20 से 23 जुलाई तक इंदिरा गांधी खेल परिसर शिमला में आयोजित की जाएगी। यह फैसला शिमला जिला बैडमिंटन एसोसिएशन की जुब्बल के खड़ा पत्थर में हुई। सालाना आम सभा की बैठक में लिया गया।

बैठक की अध्यक्षता संगठन के चेयरमैन बलवंत झौटा ने की। बैठक में एसोसिएशन के प्रधान चंद्रशेखर तुर्की महासचिव सुमित धौटा और अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। प्रतियोगिता के आयोजन की जानकारी देते हुए बलवंत झौटा, चंद्रशेखर तुर्की और सुमित धौटा ने कहा कि यह प्रतियोगिता 11 वर्ष आयु वर्ग से लेकर 19 वर्ष आयु वर्ग और सीनियर वर्ग में खेली जाएगी।



बैडमिंटन एसोसिएशन की जुब्बल के खड़ा पत्थर में हुई बैठक में भाग लेते पदाधिकारी।

प्रतियोगिता के अन्य वर्गों में अंडर-13, 15, 17 व अंडर-19 शामिल है।

यह प्रतियोगिता महिला और पुरुष दोनों वर्गों में आयोजित होगी और इसमें शिमला जिला के बैडमिंटन खिलाड़ी हिस्सा ले सकेंगे। बलवंत झौटा ने कहा कि एसोसिएशन की आम वार्षिक बैठक में इस साल से शिमला जिला की ओर से बैडमिंटन के अंपायर के टेस्ट करवाने का फैसला लिया गया। इस परीक्षा में शिमला जिला से दो अंपायरों का चयन होगा, जो जिला और राज्य स्तर पर बैडमिंटन प्रतियोगिताओं में अंपायरिंग कर सकेंगे। संगठन की इस सालाना बैठक में शिमला जिला के जुब्बल में बैडमिंटन अकादमी को मान्यता दी गई। इस अकादमी का संचालन जुब्बल बैडमिंटन क्लब द्वारा किया जाएगा।

# पटवारी कानूनगो की नई कार्यकारिणी का गठन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** पटवारी-कानूनगो महासंघ बिलासपुर की आम बैठक का आयोजन मंगलवार को तहसील कार्यालय सदर में किया गया। यह बैठक प्रधान सुनीलदत्त जोशी, महासचिव भारत भूषण व सह सचिव राकेश शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें तहसील सदर की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यकारिणी में शुभम धीमान को प्रधान, विशाल कुमार उप प्रधान, निखिल राणा महासचिव, ऋषभ शर्मा कोषाध्यक्ष, शिवम ठाकुर प्रेस सचिव,वरिष्ठ सलाहकार देवेंद्र कुमार को निविरोध चुना गया। इसके साथ-साथ बैठक में चर्चा की गई कि वर्तमान में सरकार द्वारा ऑनलाइन फीस मॉड्यूल विषय पर चर्चा करनी चाहिए।

## संदिग्ध परिस्थितियों में हुई ट्रक चालक की मौत का मामला

# बिलासपुर मुख्यालय पर ग्रामीणों का हल्ला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

कीरतपुर नेरचौक फोरलेन पर पट्टा पुल के पास गत 19 जून को संदिग्ध परिस्थितियों में हुई ट्रक चालक की मौत की जांच को लेकर उसके परिजनों एवं ग्रामीणों ने पुलिस के रवैये पर रोष जाहिर किया है तथा पुलिस से इस मामले की गहन जांच की मांग की है, ताकि दूध का दूध व पानी का पानी हो सके।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इस मामले को लेकर कुछ दिन पहले भी ज्ञापन सौंपा था, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। यहां पर पुलिस अधीक्षक विवेक चहल को ज्ञापन सौंपते हुए पंचायत प्रधान सुनीता देवी, पूर्व प्रधान व अधिवक्ता राम शरण ठाकुर तथा परिजनों ने कहा कि गत 19 जून को ग्राम पंचायत कल्लर के जोल गांव के ट्रक चालक पवन कुमार का शव कीरतपुर नेरचौक फोरलेन पर पट्टा पुल के पास सदिंग्ध परिस्थितियों मे मिला था।



बिलासपुर मुख्यालय में रोष प्रदर्शन करते ग्रामीण।

उन्होंने इस मामले में हत्या की आंशका जताते हुए कहा कि ट्रक चालक के शव से कुछ दूरी पर चप्पलें सही हालत में पड़ी हुई थीं। और न ही पर्स आदि से कोई छेड़छाड़ हुई है। उन्होंने आंशका है कि ट्रक चालक की किसी ने हत्या की है। उन्होंने पुलिस के उच्चाधिकारियों से मांग करते हुए कहा कि कीरतपुर नेरचौक फोरलेन पर लगे सीसीटीवी कैमरों व मोबाइल की काल डिटेल को भी खंगाला जाए।

# राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए 15 तक करें आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय इस वर्ष भी शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार-2024 प्रदान करेगा। मंत्रालय ने इस पुरस्कार के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है और इच्छुक शिक्षक 15 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया मंत्रालय के पोर्टल पर उपलब्ध है।

शिक्षकों के नामांकन से लेकर चयन की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन ही संपन्न होगी। मंत्रालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार इन प्रक्रियाओं को निर्धारित समय सीमा में पूरा किया जाएगा। ऑनलाइन नामांकन के बाद जिला स्तरीय कमेटी 16 जुलाई से 25 जुलाई तक शिक्षकों को शॉर्टलिस्ट कर अपनी रिपोर्ट राज्य स्तरीय कमेटी को भेजेगी। राज्य स्तरीय कमेटी 26 जुलाई से 4 अगस्त तक बैठक कर राज्य से 3 शिक्षकों का चयन कर उनके नाम नेशनल जूरी को भेजेगी। नेशनल जूरी 7 अगस्त से 12 अगस्त तक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इन शिक्षकों से संवाद करेगी और उनकी प्रेजेंटेशन देखेगी।

इसके बाद 13 अगस्त तक राष्ट्रीय पुरस्कार-2024 के लिए शिक्षकों का अंतिम चयन कर लिया जाएगा। राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए उन शिक्षकों का चयन किया जाएगा, जो बच्चों को इनोवेटिव और रोचक तरीकों से पढ़ा रहे हैं और आईसीटी जैसी तकनीकों का उपयोग कर रहे हैं। ऐसे शिक्षक, जो कम लागत वाली निर्माण सामग्री तैयार करने के साथ ही बच्चों के समग्र विकास को सुनिश्चित करने के लिए क्लासरूम से बाहर भी उनका मार्ग-दर्शन कर रहे हैं, उन पर विशेष रूप से विचार किया जाएगा।

इसके अलावा जो शिक्षक स्कूल मैनेजमेंट सिस्टम, स्टाफ ट्रेनिंग, उपस्थिति सुधार, एसएमसी, सोशल ऑडिट, एनरोलमेंट बढ़ाना, वंचित बच्चों के उत्थान जैसी गतिविधियों में समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित कर रहे हैं, उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी।

इसके लिए वे शिक्षक पात्र हैं, जिन्होंने न्यूनतम 10 वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो। ट्यूशन गतिविधियों में शामिल शिक्षक, अनुबंध या अन्य अस्थायी शिक्षक इसके लिए पात्र नहीं होंगे। राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए चयनित शिक्षकों को 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर पुरस्कृत किया जाएगा।

# जिंदगी में खुश रहना है तो योग करें : रविशंकर


शिविर में भाग लेने वाले प्रतिभागी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

गुरुदेव श्रीश्री रविशंकर के दिशा-निर्देश के मुताबिक आर्ट ऑफ लिविंग बिलासपुर चैप्टर के द्वारा सहज समाधि प्रोग्राम का आयोजन किया गया, जिसमें बिलासपुर के 15 लोगों ने भाग लिया। इसमें टीचर सेंसी शर्मा ने लोगों को मैडिटेशन के द्वारा शरीर को ठीक रखने की विधि बताई।

उन्होंने कहा कि सहज समाधि एक ऐसी प्रक्रिया है कि जिसके रोजाना प्रयोग से हम अपनी निजी जिंदगी की टेंशन से मुक्त हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि रविशंकर जी ने सभी को खुश रखने का बीड़ा उठाया हुआ है और वह कहते हैं कि यदि लाइफ में खुश रहना है तो योग ही एक ऐसा माध्यम है। जिसके जरिए हम अपनी जिंदगी में खुश रह सकते हैं और अपनी जिंदगी को एक सही दिशा दे सकते हैं। उनके मुताबिक इस साधना से कई लोगों ने अपने जीवन को एक अच्छी दिशा दी है। उन्होंने कहा कि इस कला से हमारी बहुत-सी खाने-पीने की आदतों में भी सुधार होता है और इससे हमारी एकाग्रता बढ़ती है।

को-ऑर्डिनेटर प्रियंका शर्मा ने कहा कि बिलासपुर चैप्टर के द्वारा समय-समय पर बहुत से कोर्स करवाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि अपनी सेहत को अच्छी रखने के लिए और इस दौड़-भाग की जिंदगी को अच्छी दिशा देने के लिए इस तरह के कोर्स लोगों को करने चाहिए। इस शिविर में सुमन, डॉ दीपक, डॉ. काजल चौहान, इंद्र डोगरा, शुभांगी, भावना, दीक्षा आदि ने भाग लिया।

# झंडूता के डिग्री कॉलेज की साइंस ब्लॉक बिल्डिंग का निर्माण अधूरा

**गोपाल कपिल, झंडूता**

झंडूता उपमंडल में स्थित एकमात्र डिग्री कालेज की साइंस ब्लॉक बिल्डिंग का निर्माण कार्य ठेकेदार द्वारा निर्धारित समय में पूरा नहीं किए जाने के कारण परेशानियों के बीच नए सत्र के बच्चे कक्षाएं लगाएंगे। नवीन भवन निर्माण की समय सीमा बीत जाने के लगभग तीन महीने बाद भी कार्य अधूरा है। वर्तमान समय में झंडूता कॉलेज का संचालन पुराने भवन में किया जा रहा है। जो पर्याप्त नहीं है।



गौरतलब है कि अब जुलाई माह से सत्र 2024-2025 की कक्षाएं शुरू हो जाएगी और युवाओं को फिर समस्या का सामना करना पड़ेगा। पिछले सत्र में कॉलेज में 250 छात्र-छात्राएं अध्यनरत हैं। वर्ष 2021 में इस भवन का कार्य शुरू हुआ था, जिसे पूरा करने का लक्ष्य 31 मार्च 2024 तक रखा गया था। लेकिन बजट न होने से समस्या आ रही है। अब तक बिल्डिंग पर 4 करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि हमारे युवाओं को डिग्री की पढ़ाई करने के लिए यहां से दूसरी विधानसभा घुमारवीं या बिलासपुर का रुख करना पड़ता है। जिससे युवाओं को वहीं रहना पड़ता है जिसमें भारी खर्च आ जाता है। झंडूता कालेज में न तो उचित स्टाफ है और ना ही बिल्डिंग। अगर बिल्डिंग का कार्य पूरा हो जाता है तो हमारे युवाओं का समय और पैसा बच जाएगा व दूर नहीं जाना पड़ेगा। (अनंत ज्ञान)

**चेतावनी** जिस स्कूल में शारीरिक शिक्षक नहीं, उस स्कूल के बच्चों का प्रतियोगिता में भाग न लेना भेदभावपूर्ण

# सरकार निर्णय ले वापस, नहीं तो आंदोलन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

14 वर्ष से कम उम्र के विद्यार्थियों की खेलकूद प्रतियोगिता में हाल ही में प्रदेश सरकार ने एक निर्णय लिया है। निर्णय के तहत हिमाचल प्रदेश के अंदर ऐसे स्कूल हैं जिन स्कूलों में शारीरिक शिक्षक नहीं है वहां के बच्चे खेलकूद प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकते है।

एसएफआई हिमाचल प्रदेश राज्य कमेटी ने इस निर्णय को भेदभावपूर्ण बताया है। एसएफआई राज्य अध्यक्ष अनिल ठाकुर ने कहा कि यदि वहां के बच्चे खेलकूद प्रतियोगिता के अंदर भाग लेना चाहते हैं, तो उन बच्चों की पूरी तरह से जिम्मेदारी उनसे संबंधित स्कूल की और स्कूल प्रशासन की रहेगी। यहां के स्कूलों में यदि कोई बहुत अच्छे बच्चे खेलने में सक्षम हैं, तो ट्रायल के थ्रू जिला स्तर के लिए उनका चयन किया जाएगा।

हिमाचल प्रदेश में तकरीबन 30 प्रतिशत ऐसे स्कूल हैं। जिन स्कूलों के अंदर कोई भी शारीरिक शिक्षक नहीं हैं। यह जो स्कूल हैं, गांव के हैं और दूरदराज के अंदर हैं। इन स्कूलों के अंदर शिक्षकों की कमी है और गांव की ओर दूरदराज के जो स्कूल हैं, यहां के बच्चे खेलकूद प्रतियोगिता में बहुत बेहतरीन प्रदर्शन करते हैं और गांव के अंदर खेलकूद प्रतियोगिताओं को लोग भी एक उत्सव की तरह मनाते हैं और यदि यह निर्णय लागू रहता है तो इस निर्णय से बच्चों के अंदर जो कंपटीशन या प्रतियोगिता की जो भावना रहती है उससे उनका मनोबल गिरता है।

एसएफआई राज्य कमेटी सरकार से यह मांग करती हैं कि इस निर्णय को तुरंत वापस लें और ऐसे स्कूल जिन स्कूलों के अंदर शारीरिक शिक्षक नहीं है वहां के बच्चों को भी खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर दें, ताकि हिमाचल प्रदेश के अंदर खेल का जो भविष्य है वह उज्जवल रहे।

अनिल ठाकुर ने कहा है की अगर हिमाचल प्रदेश सरकार और प्रारंभिक शिक्षा निर्देशयल इस तरह के निर्देशों को वापस नहीं लेती है तो एसएफआई प्रदेश भर के अभिभावकों व छात्रों को लामबंद करते हुए उग्र आंदोलन करने पर मजबूर हो जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### हिंदुओं को हिंसक कहना शर्मनाक: बिंदल



**रविंद्र जस्टा, शिमला।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि संसद में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा लोकतंत्र के मंदिर में देश के 120 करोड़ हिंदुओं को हिसंक कहना व आतंकवादी घोषित करना बेहद निंदनीय व शर्मनाक है। डॉ. बिंदल ने कहा कि वे हिंदू जो केवल सहिष्णु नहीं है, अति सहिष्णु है, वे हिंदू जो प्राणी मात्र की पूजा करता है, वे हिंदू जो प्रकृति और प्रकृति के हर जीव की पूजा करता है, वे हिंदू जो सूर्य की पूजा करता है, वे हिंदू जो नर में नारायण को देखता है, वे हिंदू जो सारे विश्व के कल्याण की बात करता है, जो सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया की बात करता है, उसे आतंकी कहना कांग्रेस पार्टी की नीति व नियत दिखाता है। डॉ. बिन्दल ने कहा कि लोकसभा चुनावों में जिस प्रकार से पूरे देशभर में अल्पसंख्यक तुष्टीकरण की राजनीति चली और हिमाचल के मुख्यमंत्री ने तो सार्वजनिक रूप से कहा था कि मैं 97 प्रतिशत हिंदुओं को हराकर मुख्यमंत्री बना हूं और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने तो नालागढ़ में हिंदुओं को गाली दे डाली। उन्होनें कहा कि हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस भी देश की कांग्रेस से अलग नहीं है। (अनंत ज्ञान)

### ड्रग तस्करों की जमानत याचिका खारिज

**सन्नी पुरी, गगरेट।** जेल की सलाखों के पीछे बाहर की खुली हवा में सांस लेने को छटपटा रहे मादक द्रव्य पदार्थ अधिनियम के तहत जेल में बंद तीन आरोपियों को उच्च न्यायालय में एक बार फिर से मुंह की खानी पड़ी है। वर्ष 2023 में पुलिस थाना गगरेट में दर्ज हुए मादक द्रव्य पदार्थ अधिनियम के तहत एक मामले में जमानत पाने के लिए उच्च न्यायालय पहुंचे तीन आरोपियों की जमानत याचिका उच्च न्यायालय ने खारिज कर दी है। इससे पहले भी आरोपी जमानत के लिए उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटा चुके हैं लेकिन जमानत पाने में नाकाम रहे थे। (अनंत ज्ञान)

### सीएम ने हमीरपुर को किया नजरअंदाज : कमलेश



**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** पूर्व विधायक कमलेश कुमारी ने कहा है कि भाजपा का प्रमुख लक्ष्य गरीब, वंचित, कमजोर और पिछड़े वर्ग का उत्थान करना है। वह मंगलवार को ककड़ियाना में अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा चलाए जा रहे जनसंपर्क अभियान के तहत स्थानीय जनता को संबोधित कर रही थीं। कमलेश ने मुख्यमंत्री पर आरोप लगाते हुए कहा कि हमीरपुर को पूरी तरह नजरअंदाज किया गया है। मुख्यमंत्री की ओर से इस क्षेत्र के विकास के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं, जो इस क्षेत्र की जनता के हितों के प्रति उनकी उदासीनता को दर्शाता है। कमलेश कुमारी ने कहा कि जब-जब पार्टी ने प्रदेश या केंद्र में सत्ता संभाली है, तब-तब गरीब, वंचित, कमजोर और पिछड़े वर्ग के उत्थान के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई गई हैं।

### पीडब्ल्यूडी कर्मी ने खुद को मारी गोली, मौत

**एसपी जैरथ, नाहन।** जिला सिरमौर में पीडब्ल्यूडी के एक कर्मचारी ने खुद को अपनी लाइसेंसी बंदूक से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मेडिकल कॉलेज नाहन भेजा, जहां उसका पोस्टमार्टम किया गया। उधर, पुलिस ने इस मामले में आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। निर्माण विभाग में तैनात 52 वर्षीय रामकिशन पुत्र माताराम निवासी कांडो कांसर ने गत रात खुद को गोली मारी। जैसे ही परिजनों ने घर के भीतर बंदूक के चलने की आवाज सुनी तो अचानक हड़कंप मच गया। खून से लथपथ रामकिशन की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। (अनंत ज्ञान)

### ट्रक की बॉडी में फंदा लगाकर की आत्महत्या

**आर मोहन, सोलन।** पुलिस चौकी सपरून के तहत नगर निगम के उदय विहार वार्ड-1 के एक व्यक्ति ने देहुंघाट में ट्रक की बॉडी में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। देहुंघाट से पुलिस चौकी सपरून को सूचना मिली कि दिनेश पुत्र कर्मचंद ने अपने ट्रक की बॉडी में रस्सी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। (अनंत ज्ञान)

### निकम्मे सीएम की पहचान बनाई सुक्खू ने : गोविंद



**विक्रम ढटवालिया हमीरपुर।** पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि उन्होंने हिमाचल के इतिहास में सबसे निकम्मे, बदले की भावना से प्रेरित और जनप्रतिनिधियों को तंग करने वाले मुख्यमंत्री के रूप में अपनी पहचान बनाई है। गोविंद ठाकुर, जो वर्तमान में हमीरपुर उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा के जनसंपर्क अभियान में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं, ने मुख्यमंत्री पर गंभीर सवाल उठाए हैं। गोविंद ने मांग की है कि मुख्यमंत्री को स्पष्ट करना चाहिए कि कैप्टन रणजीत राणा और राकेश कालिया ने किस सौदे के तहत खरीदकर चुनाव लड़ा है। उन्होंने कहा कि हमीरपुर में बिजली और पानी की व्यवस्था सुचारू नहीं है, अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी है और महत्वपूर्ण मशीनें धूल फांक रही हैं। इसके बावजूद, मुख्यमंत्री देहरा में अपना कार्यालय खोलने का दावा कर रहे हैं, जबकि हमीरपुर और नादौन दोनों ही महत्वपूर्ण स्थानों में इस तरह के कार्यालयों की कोई भी बात उन्होंने कभी नहीं की है। (अनंत ज्ञान)

# आशीष जनसेवक नहीं, ठेकेदार : सुक्खू

## चुनावी रैली में बोले-14 महीने की सरकार में 135 करोड़ के लिए ठेके

**विक्रम ढटवालिया, ताल (हमीरपुर)**



हमीरपुर में चुनावी सभा के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, डॉ. पुष्पिंद्र वर्मा व कांग्रेस के अन्य नेता।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि हमीरपुर के निर्दलीय विधायक आशीष शर्मा ठेकेदार हैं, जनसेवक नहीं। उन्होंने पूर्व भाजपा सरकार में 50 करोड़ के काम किए, जबकि कांग्रेस की 14 महीने की सरकार में 135 करोड़ के ठेके ले लिए। विधायक रहते वह मुझसे टेंडर मांगते रहे और लोगों से कहा कि मुख्यमंत्री काम नहीं कर रहे। निर्दलीय पूर्व विधायक लालची और अहंकारी व्यक्ति है, उनकी नियत में खोट है इसलिए भाजपा के हाथों बिक गए।

मुख्यमंत्री मंगलवार को हमीरपुर विस क्षेत्र के पांडवीं, ताल, रोहलवीं पट्टा, काला अंब, नाल्टी व अमरोह में कांग्रेस उम्मीदवार डॉ. पुष्पिंद्र वर्मा के चुनाव प्रचार के दौरान चुनावी जनसभाओं को संबोधित कर रहे थे।

सीएम ने कहा कि हमीरपुर का बिका हुआ पूर्व विधायक बीते साल जुलाई से ही सरकार गिराने का षड्यंत्र रचने में लगा था। वह क्रशर लगाने व टेंडर लेने की फाइलें उठाकर ही घूमते रहे, जनता के कामों की फाइलों को उठाकर मेरे पास आने का समय नहीं मिला। उन्होंने कहा कि हमीरपुर बस स्टैंड का शिलान्यास पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल के समय हुआ, पूर्व जयराम सरकार में एक रुपए की ईंट उसमें नहीं लगी, हमारी सरकार ने सत्ता में आने के बाद उसका काम तेजी से शुरू करवाया है। इस जिला ने दो-दो मुख्यमंत्री दिए हैं। प्रो. प्रेम कुमार धूमल दो बार मुख्यमंत्री रहे, तीसरी बार भी वह घोषित मुख्यमंत्री थे, लेकिन राजनीतिक साजिश के तहत उन्हें हराया। (अनंत ज्ञान)

### स्वार्थी हैं आशीष : डॉ. पुष्पिंद्र वर्मा

कांग्रेस उम्मीदवार डॉ. पुष्पिंद्र वर्मा ने कहा कि पूर्व निर्दलीय विधायक आशीष शर्मा विधायक पद से इस्तीफा देकर फिर विधायक का चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने इस्तीफा देने का ड्रामा रचा।

स्वार्थी पूर्व विधायक हमीरपुर जिला का मुख्यमंत्री नहीं चाहते। पूर्व विधायक टेंडर, क्रशर व सहित अपने अनेक गलत काम के लिए ही मुख्यमंत्री के पास जाते थे, लेकिन मुख्यमंत्री ने भ्रष्टाचार पर लगाम कस दी, जिससे आशीष शर्मा को तकलीफ हुई और वह उन लोगों के साथ सरकार गिराने की साजिश में शामिल हो गए, जिन्होंने पहले पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल को हराने का षड्यंत्र रचा।

पूर्व विधायक को भाजपा के साथ ही जाना था तो बिना इस्तीफा दिए उनके साथ विपक्ष में बैठ सकते थे। जनता पर चुनाव का बोझ क्यों डाला। यह बहरूपिए हैं। इनके झांसे में नहीं आना है। हमीरपुर में कांग्रेस-भाजपा नहीं सिर्फ मुख्यमंत्री का नारा चल रहा है। मुझे एक अवसर दीजिए हमीरपुर के विकास को चार चांद लगा देंगे।

# सीएम बताएं, हमीरपुर के विकास के लिए क्या किया : आशीष शर्मा



चुनावी सभा के दौरान भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा।

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हमीरपुर उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा ने मंगलवार के मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर पलटवार किया है। उन्होंने कहा है कि मुख्यमंत्री का हमीरपुर में स्वागत करते हैं, लेकिन सीएम यह बताएं कि उन्होंने पिछले 16 महीनों में हमीरपुर के लिए क्या किया।

अब उपचुनावों में उन्हें हमीरपुर की याद आई और अब दिन में चार-चार जनसभाएं कर रहे हैं, लेकिन इससे पहले मुख्यमंत्री महज दो से तीन बार ही हमीरपुर आए पर विकास के नाम पर हमीरपुर को कुछ नहीं दिया। जिस बस अड्डा का रोना वह हर जगह रो रहे हैं। उसका शिलांयास भी तब किया जब राज्यसभा के चुनाव वाला एपिसोड हुआ। आशीष शर्मा ने पूछा है कि पिछले 16 महीने में जितने भी हमीरपुर विधानसभा के विकास के हित में काम किए वो बताएं? जो घोषणाएं की उनमें से एक भी काम को मुख्यमंत्री ने पूरा नहीं किया और अब किस मुंह से वह हमीरपुर में आ रहे हैं और लोगों से वोट मांग रहे हैं।

आशीष शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री हमीरपुर की जनता को बस गुमराह कर रहे हैं और इसके अलावा कुछ नहीं कर रहे हैं। आशीष शर्मा ने मंगलवार को हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम केंद्र धनेड के तहत बलोनी, किरवीं, चंगर आदि क्षेत्रों में नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए बताया की मुख्यमंत्री ने सिर्फ हमीरपुर की जनता को गुमराह किया है। (अनंत ज्ञान)

### मायके और ससुराल के नाम भिन्न होने से

## इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि का नहीं मिल रहा लाभ

**सन्नी पुरी, गगरेट**

हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार महिलाओं को ससुराल में आकर अपना नाम बदलना इतना महंगा पड़ा है कि महज नाम बदलने से ही ये महिलाएं प्रदेश सरकार द्वारा चलाई गई इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना का लाभ पाने से वंचित हो गई हैं।

शैक्षणिक प्रमाण-पत्रों में नाम कुछ और तो ससुराल में आकर बनाए गए दस्तावेजों में नाम कुछ और हो जाने से उनके इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना के तहत भरे जा रहे फार्म ही स्वीकार नहीं हो पा रहे हैं। इसके चलते महिलाएं मायूस हैं तो महिलाओं की इस समस्या को लेकर पंचायत समिति सदस्य अमिल डढवाल ने आवाज बुलंद की है। उन्होंने तहसीलदार के समक्ष शपथ-पत्र देने वाली महिलाओं के फार्म इस योजना के तहत स्वीकार करने की मांग की है।

अब जब प्रदेश सरकार ने इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना शुरू की है, जिसके तहत 1500 रुपए प्रति माह महिलाओं को दिए जा रहे हैं तो कई महिलाएं एक गलती के कारण ही इस योजना का लाभ लेने से वंचित हो गई हैं। (अनंत ज्ञान)

## चौपाल में चौथे दिन भी नहीं मिल रहा पर्याप्त पानी

**अनंत ज्ञान,चौपाल।** उपमंडल चौपाल में पेयजल की कमी के चलते नगरवासी आजकल पेयजल आपूर्ति की परेशानी उठा रहे है। नगर पंचायत चौपाल के लिए 1998 में बनी थलन स्कीम और दो उठाऊ पेयजल योजनाओं से पेयजल आपूर्ति की जा रही है जो पानी की जरूरत पूरा नहीं कर पा रही है।

बार एसोसिएशन चौपाल के अध्यक्ष एडवोकेट देवेन्द्र शर्मा ने कहा कि थलन-चौपाल पेयजल योजना में मैन लाइन से ही करीब नौ जगह गैरकानूनी कनेक्शन दिए गए है और सोर्स से जो पानी चल रहा है, नगर पंचायत चौपाल के स्टोर टेंक में आधा भी नहीं पहुंच रहा है जिसके चलते नगर पंचायत चौपाल में चार दिन बाद पानी की आपूर्ति की जा रही है परन्तु चौथे दिन भी पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा है। नगर पंचायत चौपाल कि पार्षद कमला देवी, पूर्व पार्षद सत्या मधाईक, डिम्पल, विना देवी, डिम्पल सहित दर्जनों महिलाओं ने एसडीएम कार्यालय चौपाल पहुंचकर पेयजल संकट बारें ज्ञापन सौंपा। (अनंत ज्ञान)

# परियोजना से प्रभावित परिवारों को पुनर्वास में दें प्राथमिकता : विक्रमादित्य सिंह

**रविंद्र जस्टा, शिमला**



बैठक की अध्यक्षता करते लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह

सुन्नी बांध जल विद्युत परियोजना से प्रभावित परिवारों के पुनर्वास को प्राथमिकता दें, ताकि स्थानीय लोगों के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। यह बात मंगलवार को उपायुक्त कार्यालय के बचत भवन सभागार में लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने सुन्नी बांध जल विद्युत परियोजना के राहत एवं पुनर्वास योजना की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि प्रभावित परिवारों की समस्याओं के निराकरण के लिए उपमंडलाधिकारी शिमला ग्रामीण एवं उपमंडलाधिकारी कुमारसैन की अध्यक्षता में समिति का गठन किया जाएगा, ताकि लोगों की समस्या का समाधान सुनिश्चित हो सके।

उन्होंने कहा कि समिति की बैठक मासिक तौर पर सुनिश्चित हो, जिसमें स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों की भी उपस्थिति रहेगी। उन्होंने इस दौरान एसजेवीएनएल के अधिकारियों से क्षेत्र के विकास कार्यों को पुनर्वास योजना की जानकारी ली तथा कहा कि योजनाओं का पूर्ण लाभ लोगों को मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि राहत एवं पुनर्वास योजना के अंतर्गत कुछ प्रभावित परिवारों ने परियोजना के अंतर्गत रोजगार का विकल्प चुना था, जो अब एकमुश्त अनुदान प्रदान करने की मांग कर रहे हैं, उन्हें दोबारा से विकल्प चुनने का मौका प्रदान किया जाना चाहिए तथा एकमुश्त राशि को 5 लाख रुपए से बढ़ाने के लिए भी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि ग्राम पंचायत चेवड़ी के मौहाल खैरा के लोगों को पुनर्वास स्थल उनके वर्तमान स्थल से बहुत दूर है, जिसे उनके वर्तमान स्थल के नजदीक किया जाना आवश्यक है। इस संदर्भ में उन्होंने एसजेवीएनएल के अधिकारियों को उनके पुनर्वास स्थल को उनके वर्तमान स्थल के नजदीक ही चयन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुनर्वास स्थल पर बनाए जा रहे मकानों की नींव को ग्रामीण क्षेत्रों के लिए 25 मीटर एवं शहरी क्षेत्रों के लिए 50 मीटर का प्रावधान है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में भवन निर्माण के लिए बहुत कम है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को भवन निर्माण के लिए निर्धारित नींव को बढ़ाने के लिए भी आवश्यक निर्देश दिए। (अनंत ज्ञान)

## सरकार गिराने के षड्यंत्र पर बेनकाब हुई भाजपा : अग्निहोत्री

**रविंद्र जस्टा, शिमला**



हिमाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने सवाल उठाए है कि भाजाप ने जिस प्रकार पिछले छह महीने में अराजकता का माहौल कायम किया और टिकाऊ सरकार को अस्थिर किए जाने का नाकाम प्रयास किया, उसके लिए भाजपा की लीडरशिप हिमाचल की जनता से कब माफी मांगेगी। कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में पत्रकार वार्ता के दौरान मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं की केंद्र की मदद से हिमाचल की भाजपा ने जिस प्रकार कांग्रेस सरकार गिराने जाने को लेकर फाइव स्टार होटल, सीआरपीएफ और हेलिकॉप्टरों का षड्यंत्रकारी प्रचलन चलाया गया, वह अब जनता के सामने एक्सपोज हो चुका है। यही कारण है कि वर्तमान उपचुनाव में कांग्रेस तीनों सीटों पर बंपर जीत हासिल करने जा रही है।

अग्निहोत्री ने कहा कि सरकार गिराने को लेकर भाजपा द्वारा जिस प्रकार हथकंडे बनाए गए उससे भाजपा का अपना काडर ही नाराज हुआ है। भाजपा के नेता अपने काडर के लोगों को ही जवाब नहीं दे पा रहे हैं। दयनीय स्थिति तो यह है कि भाजपा ने 6-7 लोगों को विधायक से पूर्व विधायक की सूची में ला खड़ा किया है। मुकेश अग्निहोत्री ने भाजपा पर सवाल रखते हुए कहा कि भाजपा को बताना चाहिए कि उन्होंने कांग्रेस के विधायकों और निर्दलीय विधायकों से क्या पैकेज डील की थी। उन्होंने कहा कि हास्य पद पहलू यह भी है कि निर्दलीय विधायक अपनी विधायकी से इस्तीफा देकर दोबारा से विधायक बनने की बात कह रहे हैं। जबकि जनता उनसे पूछ रही है की विधायक चुने जाने के बावजूद उन्होंने इस्तीफा क्यों दिया, जिसका न तो उनके पास कोई जवाब है न ही भाजपा के पास। (अनंत ज्ञान)







**जज्बे को सलाम** लाहौल-स्पीति की कृष्णा ने हौसले के दम पर दिव्यांगता को दी मात

# प्रकृति को साथी बनाकर भरी 'सपनों की उड़ान'







**कमलेश वर्मा, कुल्लू/लाहौल-स्पीति**

दिव्यांग होने के कारण कभी स्कूल नहीं जा पाई और न ही अपने गांव से बाहर कदम रखा। बचपन में पापा पीठ पर उठाकर घर के समीप एक पेड़ के नीचे बिठाकर मम्मी के साथ खेतों में काम करने के लिए चले जाते थे, चारों बहनें स्कूल जाती थी और मेरा दिन वहीं उस पेड़ के नीचे ही कट जाता था।

यह कहना है लाहौल-स्पीति की कृष्णा उर्फ टशी पालमो का, जिन्होंने दिव्यांग होने के बावजूद मुश्किलों से लड़कर और चुनौतियों का सामना करते हुए दिव्यांगों के प्रति समाज की सोच को बदलने पर मजबूर कर दिया। धीरे-धीरे प्रकृति और पेड़ों को ही मैंने अपना साथी बना लिया और पूरा-पूरा दिन उनसे बातें करती रहती थी। टांगे और पैर तो नहीं चला सकती थी, लेकिन धीरे-धीरे प्रकृति ने मुझे हाथ चलाना सिखाया और मैंने अपने मन में उठने वाले विचारों, कल्पनाओं और आसपास की घटनाओं को रंगों के माध्यम से कैनवॉस पर उतारना शुरू कर दिया।

अपनी इस कमजोरी को कभी खुद पर हावी नहीं होने दिया, इन्हीं कमजोरियों से लड़ते-लड़ते पेंटिंग की दुनिया में एक नया आयाम स्थापित किया। 15 अप्रैल 1984 को लाहौल के शिफ्टिंग गांव में रंजीत सिंह व टशी पालकी के घर में जन्मी कृष्णा का कमर के नीचे का पूरा हिस्सा पोलियो से ग्रसित है। कृष्णा ने अपनी कमजोरियों व सामने आ रही चुनौतियों को कला में साध कर मजबूती के साथ अपनी दिशा खुद तय की है। (अनंत ज्ञान)

### थंका पेंटर है कृष्णा



**कृष्णा** को थंका पेंटिंग (बोध धार्मिक चित्रकला) की कला की शैली में महारथ हासिल है और इमेजरी आर्ट का अदभुत समावेश उनके चित्रों में देखने को मिलता है। सिंगापुर में 17 से 23 जुलाई तक ओरिजिन ऑफ आर्ट इंटरनेशनल एग्जीबिशन का आयोजन होगा जिसमें कृष्णा दो चित्र जिनका शीर्षक 'सेवन सिस्टर' है प्रदर्शित होगी। दिव्यांग होने के बावजूद कृष्णा ने एक साल तक राधा एनजीओ में बेसहारा बच्चियों को निशुल्क पेंटिंग के गुर सिखाए। समय-समय पर अन्य महिलाओं को भी जागरूक करती रहती हैं, जिसके चलते वह समाज के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनी हुई।

## न्यूज ब्रीफ

### भारत विकास परिषद ने रोगियों को बांटे फल



**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** समाजसेवी संस्था भारत विकास परिषद की बैजनाथ पपरोला शाखा के सौजन्य से संस्था के संस्थापक डॉ. सूरज प्रकाश की जयंती पर आयोजित किए जा रहे सेवा पखवाड़े के अंतर्गत शाखा के पदाधिकारियों ने बैजनाथ उपमंडल के राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय अस्पताल में उपचारधीन 151 रोगियों में फल वितरित किए। राजकीय स्नातकोत्तर आयुर्वेदिक महाविद्यालय के प्रिंसिपल डॉ. विजय चौधरी, भारत विकास परिषद शाखा बैजनाथ पपरोला के अध्यक्ष प्रीतम भारती, महासचिव अनुज आचार्य, कोषाध्यक्ष हरीश अरोड़ा, डीआर ठाकुर, डॉ. प्रवीण शर्मा, डॉ. अनिल भारद्वाज, संजय सोनी, शक्ति चंद राणा, विपिन भारद्वाज एवं युद्धवीर राणा ने उपचाराधीन मरीजों में फल वितरित किये। शिक्षा संस्थान के प्रिंसिपल विजय चौधरी ने भारत विकास परिषद शाखा बैजनाथ पपरोला के सदस्यों के इस सद्भावनापूर्ण कृत्य की श्लाघा करते हुए इसे दूसरों के लिए अनुकरणीय बताया तथा आशा जताई कि भारत विकास परिषद समाज सेवा के अपने उद्देश्य को यूं ही सार्थक करती रहेगी। (अनंत ज्ञान)

### पुलिस इंस्पेक्टर ने ही कर दी एएसआई की पिटाई

**अशोक ठाकुर, पठानकोट।** पंजाब पुलिस द्वारा आम जनता को सुरक्षित करने हेतु हर रोज नाके लगाकर तथा मीडिया में कई तरह के ऑपरेशन करके यह संदेश दिया जा रहा है कि पुलिस पूरी तरह से चुस्त दुरुस्त है, परंतु जब खाकी वर्दी ही खाकी वर्दी की पिटाई कर दे तो फिर आम जनता कहां जाएगी यह मामला है पठानकोट जिला के नरोट जैमल सिंह थाना का, यहां पर दे रात एक नाके के दौरान एक पुलिस इंस्पेक्टर ने अपने पुलिस कर्मियों के साथ अपने ही एक एएसआई की बेरहमी से पिटाई कर दी, जिसका इलाज पठानकोट के सिविल अस्पताल में किया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

### ढगवार में कानपुर के युवक ने लगाया फंदा

**अनंत ज्ञान, गगल।** सोमवार रात्रि गांव ढगवार में मिल्क प्लांट में काम करने वाले उत्तर प्रदेश के कानपुर के 21 वर्षीय युवा वीरू ने प्लांट के अंदर बने एक टीन के शेड से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। ढगवार की प्रधान सुषमा देवी ने बताया कि मृतक युवक के रिश्तेदार भी मिल्क प्लांट में काम करते हैं। गगल थाना के प्रभारी नारायण सिंह ने बताया की पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है तथा मृतक का शब पोस्टमार्टम के लिए टांडा मेडिकल कॉलेज कांगड़ा में भेज दिया गया है। पुलिस छानबीन में जुट गई है।

### मिनी सचिवालय नूरपुर में पार्किंग की नीलामी 6 को

**संजीव महाजन, नूरपुर।** एसडीएम गुरसिमर सिंह ने बताया कि मिनी सचिवालय परिसर में वाहन पार्किंग की खुली नीलामी 6 जुलाई को प्रातः 11 बजे उनके कार्यालय में गठित कमेटी की उपस्थिति में आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि पार्किंग स्थल को 8 जुलाई, 2024 से 30 जून, 2025 तक की अवधि के लिए नीलाम किया जाएगा। एसडीएम ने बताया कि बोली बोलने की प्रक्रिया 1,10,000 रुपए की न्यूनतम राशि से शुरू होगी। इच्छुक व्यक्ति या ठेकेदार को नीलामी में भाग लेने से पहले पांच हज़ार की धरोहर राशि किसी भी बैंक द्वारा एसडीएम के नाम जारी डिमांड ड्राफ्ट के रूप में कार्यालय में जमा करवानी होगी। सफल बोलीदाता को बोली वाले दिन सफल बोली का एक चौथाई भाग राशि जमा करवाना अनिवार्य होगा। ऐसा न करने पर उसके द्वारा जमा करवाई धरोहर राशि को जब्त करने के साथ उसकी बोली को निरस्त कर अगले बोलीदाता को मौका दिया जाएगा। इच्छुक व्यक्ति 5 जुलाई तक सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक पार्किंग स्थल का दौरा कर सकता है। (अनंत ज्ञान)

# देहरा में अब तक 570 ने किया घर से मतदान

## 107 वर्षीय मिल्खी राम ने भी डाला वोट, 742 बुजुर्ग मतदाताओं में से 491 कर चुके हैं वोटिंग

**शुभम शर्मा, देहरा**

देहरा में विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर निर्वाचन आयोग की टीमें पिछले चार दिन से लगातार बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं के घरों में जाकर उनका वोट डलवा रही हैं। रिटर्निंग अधिकारी व एसडीएम देहरा शिल्पी बेक्टा ने बताया कि देहरा विधानसभा क्षेत्र में अभी तक 570 मतदाताओं ने घर से मतदान किया है।

घर से मतदान करने वालों में 85 वर्ष से अधिक आयु के 491 मतदाता और 79 दिव्यांग मतदाताओं ने अभी तक अपना वोट डाला है। इसके लिए चुनाव आयोग की दस टीमें घर-घर जाकर पूरी गोपनीयता से होम वोटिंग करवा रही हैं। (अनंत ज्ञान)



घर से मतदान करते बुजुर्ग मिल्खी राम

### 64 प्रतिशत पात्र मतदाताओं ने डाला वोट

**रिटर्निंग** अधिकारी ने बताया कि 6 जुलाई तक चलने वाले होम वोटिंग के इस अभियान में अभी तक 64 प्रतिशत से अधिक पात्र मतदाताओं ने अपना वोट डाल दिया है। उन्होंने बताया कि देहरा निर्वाचन क्षेत्र में बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं की कुल संख्या 2042 है। क्षेत्र में फॉर्म 12 (डी) के माध्यम से 947 लोगों ने होम वोटिंग का विकल्प चुना था, जिनमें से 889 के फॉर्म वैध पाए गए।

### बुजुर्ग भर रहे युवाओं में जोश

**होम** वोटिंग का विकल्प चुनने वाले पात्र मतदाता वोट डालने के लिए खासे उत्साहित दिख रहे हैं। 742 पात्र बुजुर्ग मतदाताओं में से 491 ने अपना वोट डाल दिया है। बड़ी संख्या में मतदान करके बुजुर्ग मतदाता युवाओं को वोट डालने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इस दौरान निर्वाचन आयोग की टीम ने देहरा विधानसभा क्षेत्र के घरथेड़ू में 107 वर्षीय मिल्खी राम के घर में जाकर पूरी गोपनियता से उनका मतदान करवाया। मिल्खी राम ने जहां एक तरफ चुनावों में सबकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन आयोग के प्रयासों की सराहना, वहीं सभी लोगों विशेषकर युवाओं को बड़ी संख्या में मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

### दो बार घर में नहीं मिले तो नहीं डाल पाएंगे वोट



**रिटर्निंग** अधिकारी एवं एसडीएम देहरा शिल्पी बेक्टा ने बताया कि डाक मतपत्र के माध्यम से वोट देने वालों के घरों में जाने से पूर्व मोबाइल मतदान टीम मतदाताओं को सूचित कर रही हैं। यदि कोई मतदाता पहली बार में घर पर नहीं होते हैं तो उनके घर दोबारा जाया जाएगा। दो बार घर पर न मिलने पर फिर वे मतदाता वोट नहीं डाल पाएंगे।

### ब्यास में डूबे लेखराज का तीन दिन बाद भी नहीं लगा कोई सुराग

**सालबिया शर्मा, गरली।** गांव चंबापतन में ब्यास नदी में डूबने से लापता हुए 63 साल के बुजुर्ग लेखराज का तीन दिन के बाद भी कोई सुराग नहीं लग पाया है, जिससे पीड़ित परिवार की परेशानी धीरे-धीरे बढ़ती जा रही है। वहीं, एनडीआरएफ के गोताखोर नदी में अपना सर्च ऑपरेशन चलाए हुए हैं, लेकिन अभी तक उन्हें कोई सफलता नेही मिली है। लेखराज के बेटे पंकज कुमार ने कहा कि बरसात का मौसम है और हमारा सारा परिवार और अन्य रिस्तेदार बीते तीन दिनों से नदी किनारे लगातार भूखे-प्यासे उनकी तलाश कर रहे हैं, लेकिन अभी तक कोई पता नहीं चला है। (अनंत ज्ञान)



लेखराज की फाइल फोटो

## गगल में बरसात की पहली बारिश बनी आफत, घरों में घुसा पानी



गगल में लोगों के घरों में घुसा बरसात का पानी।

**अनंत ज्ञान, गगल**

बरसात की पहली बारिश ही लोगों के लिए मुसीबत बन गई। सोमवार देर रात हुई बारिश का पानी लोगों के घरों में घुस गया। गगल पंचायत के वार्ड मेंबर नमन शर्मा ने बताया कि गगल धर्मशाला मार्ग के बीच पुलिया बंद हो जाने से लगभग सुबह 4 बजे बरसात का पानी लोगों के घरों में घुस गया।

उन्होंने बताया कि इस बारे कई बार संबंधित विभाग को सूचित भी किया परंतु आज तक इस समस्या का कोई हल नहीं हुआ। आलम यह है कि लोग अपने घरों से बाहर आने को मजबूर हो गए हैं क्योंकि इस पानी का कोई हल नहीं है। जब तक यह बंद पुलिया आर-पार खुल नहीं जाती तब तक यही हाल होगा।

गांववासी विजय शर्मा, उपेंद्र चौधरी, सुरजीत, रंजीत, रविंदर, सुरेंद्र आदि ने बताया कि यही हाल रहा तो हमें आंदोलन करने पर मजबूर होना पड़ेगा। जब इस समस्या के बारे में लोक निर्माण विभाग के एसडीओ दसमिंदर सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि इस बरसाती पानी की समस्या तीन-चार दिन के अंदर-अंदर हल कर दी जाएगी और लोगों की इस समस्या से निजात दिलवाई जाएगी।

### आईटीआई शाहपुर में कैंपस इंटरव्यू 5 को

**बबलू सूर्यवंशी, शाहपुर।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शाहपुर के प्रांगण में 5 जुलाई को कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान टोपन स्पेशलिटी फिल्म प्राइवेट लिमिटेड रोपड़ (पंजाब) अपने यहां खाली चल थे 80 पदों को भरेगी। उम्मीदवार ने आईटीआई फिटर, मशीनिस्ट, टर्नर, प्लास्टिक प्रोसेसिंग ऑपरेटर ट्रेड में की हो। फिटर के 20 पद मशीनिस्ट के 15, टर्नर के 15 और प्लास्टिक प्रोसेसिंग ऑपरेटर के 30 पद भरे जाएंगे। आईटीआई शाहपुर के प्रधानाचार्य इंजीनियर चैन सिंह राणा ने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों को 10,000 रुपए वेतन और 7 कैजुअल का प्रावधान मिलेगा। कैंपस इंटरव्यू सुबह 10 बजे शुरू हो जाएगा। इस इंटरव्यू में उम्मीदवार की उम्र 20 वर्ष से 24 वर्ष होनी चाहिए। इस कैंपस इंटरव्यू में 2022 से लेकर 2024 (फ्रेशर्स) आईटीआई पास आउट अभ्यर्थी ही भाग ले सकते हैं। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट इंचार्ज प्रदीप चौधरी ने बताया कि उम्मीदवार अपने साथ ओरिजिनल दस्तावेज लेकर आए। (अनंत ज्ञान)

## रेस्क्यू टीम ने बनेर खड्ड में फंसे यूपी के छह व्यक्तियों को सुरक्षित निकाला

### मां बज्रेश्वरी के दर्शन करने आए थे, खड्ड में लगे नहाने, तेज बहाव में गए फंस

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

मंगलवार सुबह कांगड़ा बाईपास पर बनेर खड्ड में नहाने के लिए उतरे यूपी के 6 व्यक्ति गहरे पानी में फंस गए, जिन्हें रेस्क्यू टीम ने काफी मशक्कत के बाद सुरक्षित बाहर निकाला गया। ये लोग यहां माता के दर्शनों को आए थे कि खड्ड की सुंदरता को देख वे नहाने के लिए खड्ड में उतर गए, लेकिन रात में हुई बारिश से बनेर खड्ड में पानी का जल स्तर बढ़ गया।

व्यक्तियों ने बताया कि जब वे नहाते के लिए खड्ड में गए तब पानी कम था, किंतु देखते ही देखते पानी का बहाव तेज हो गया, जिस कारण वे खड्ड के एक छोर पर फंस गए। जैसे ही इसका पता स्थानीय लोगों को चला तो उन्होंने तुरंत प्रशासन को इसकी जानकारी दी। मौके पर कांगड़ा अग्निशमन विभाग की टीम इंचार्ज अशोक राणा के नेतृत्व में तुरंत पहुंची और तुरंत इन्हे बचाने के लिए खड्ड में उतर गए। काफी देर बाद विभाग के कर्मचारियों व स्थानीय लोगों ने इन्हें सुरक्षित बाहर निकाला।

स्थानीय प्रशासन ने लोगों से अपील की है है की बरसात के मौसम में लोग खड्डों में न जाएं क्योंकि बरसात के समय में खड्डों में पानी का बहाव तेज होता है। (अनंत ज्ञान)



बनेर खड्ड में फंसे लोगों का रेस्क्यू करते बचाव कर्मी।



### कुछ दिन पहले खड्ड में डूबा था एक युवक

**कुछ** दिन पहले ही यहां खड्ड में डूबने से एक युवक की मौत हो चुकी है। यहां पर होने वाला यह कोई पहला हादसा नहीं है। इससे पूर्व में भी कई पर्यटक इस खड्डु में मौत का काल बन चुके है। पर्यटक खड्डु की सुंदरता को देख यहां पर नहाने के लिए उतर जाते हैं। हालांकि प्रशासन ने उक्त जगह पर चेतावनी बोर्ड भी लगाया गया है लेकिन प्रशासन के आदेशों को दरकिनार करते लोग यहां पर नहाने के लिए खड्ड में उतर जाते हैं।

---

अनंत ज्ञान फैशन

## चाहिए खास लुक तो क्रिस्टल एम्ब्रॉयडरी वाली यह साड़ी पहनें



**साड़ी** का फैशन कभी पुराना नहीं हो सकता और यही वजह है कि महिलाएं कई सारे मौकों पर साड़ी पहनना पसंद करती हैं। साड़ी में आपका लुक खूबसूरत और सबसे अलग नजर आता है। अगर आप साड़ी में कुछ ट्राई करने का सोच रही हैं तो आप ये क्रिस्टल एम्ब्रॉयडरी वाली साड़ी का चुनाव कर सकती हैं। अगर आप लाइट कलर की साड़ी पहनने का सोच रही हैं तो आप इस तरह की क्रिस्टल सेक्विन कढ़ाई वाली साड़ी का चुनाव कर सकती हैं। इस तरह की साड़ी के स्टाइलिश लुक पाने के लिए आप स्लीवलेस ब्लाउज पहन सकती हैं। वहीं, फुटवियर में इस साड़ी के साथ हील्स और ज्वेलरी में आप मिरर वर्क नेकलेस और झुमके वियर कर सकती हैं। यह साड़ी आप ऑनलाइन तथा ऑफलाइन 1500 से 2000 तक की कीमत में खरीद सकती हैं। इसके अलावा नेट साड़ी भी कई सारे खास मौकों पर वियर कर सकती हैं। इस साड़ी के आप डायमंड इयररिंग्स को स्टाइल कर सकती हैं साथ ही नेकलेस में आप इस साड़ी के साथ चोकर स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की साड़ी आपको करीब 2000 से लेकर 3000 रुपए तक में आसानी से मिल जाएगी। ऑर्गेंजा क्रिस्टल साड़ी का रॉयल लुक आप पर बहुत जच सकता है। ये साड़ी ऑर्गेंज़ा फैब्रिक में हैं साथ ही इसमें क्रिस्टल एम्ब्रॉयडरी की गई है। वहीं, इस तरह की साड़ी के साथ परल वर्क वाली ज्वेलरी साथ ही मिरर वर्क वाला नेकलेस आप इस साड़ी के साथ स्टाइल कर सकती हैं। यह साड़ी आप बाजार से ले सकती हैं। साथ ही ऑनलाइन भी आपको ये साड़ी दो-तीन हजार रुपए में मिल जाएंगी।





## बारिश के दिनों में पहनें इस तरह के कपड़े



**स्टाइलिश** दिखना आसान नहीं होता है, बल्कि इसके लिए आपको लेटेस्ट फैशन ट्रेंड की सभी चीजों की जानकारी के साथ अपने लुक को स्टाइल करना होता है। वहीं, क्या आप जानती हैं कि लेटेस्ट फैशन के साथ-साथ आपको मौसम के हिसाब से भी कपड़े चुनने चाहिए ताकि आपका लुक अप-टू-डेट नजर आए। बारिशों में कपड़े खरीदते समय आपको पैटर्न से लेकर फैब्रिक तक का खास ख्याल रखना जरूरी होता है ताकि पहने हुए कपड़े चुभें नहीं और आप आराम से उसे घंटों तक पहन पाएं। इन सबके अलावा आपको कलर पैटर्न और कॉम्बिनेशन का भी खास ख्याल रखना जरूरी होता है। वहीं, अगर आप गर्मियों के मौसम में अपने लिए परफेक्ट कलर कॉम्बिनेशन ढूंढ रही हैं तो इस खास तरह के डिजाइन किए सूट पहनें। यह सीक्वेन वर्क आजकल काफी चलन में है, लेकिन इस तरह का डबल शेड पैटर्न गर्मियों में किसी भी शादी व फंक्शन के लिए बेस्ट रहेगा। इस तरह की खूबसूरत मिलती-जुलती साड़ी आपको मार्केट में करीब 2000 से लेकर 4000 रुपए में आसानी से मिल जाएगी।

## ये गोल गले के डिजाइंस जो आपको बना देंगे स्टाइलिश







**साड़ी** पहनना हम सभी पसंद करते हैं। इसके लिए हम लेटेस्ट डिजाइन की साड़ी पहनना पसंद करते हैं। वहीं साड़ी को स्टाइलिश लुक देने के लिए ब्लाउज का डिजाइन भी लेटेस्ट फैशन ट्रेंड को फॉलो करना जरूरी होता है। ब्लाउज में आजकल सिंपल डिजाइन के राउंड नेक को पसंद किया जाने लगा है। ये गोल गले के ब्लाउज के लेटेस्ट डिजाइंस आपके लुक में जान डाल सकते हैं। अगर आप आसान टिप्स-बैक के लिए डोरी वाले डिजाइन को ढूंढ रही हैं तो इस तरह का गोल गला और साथ में डोरी आपके लिए परफेक्ट साबित हो सकता है। इस तरह के डोरी वाले ब्लाउज में आप गले के लिए पाइपिंग भी लगवा सकते हैं। इस तरह के ब्लाउज आपको रेडीमेड भी देखने को मिल जाएंगे। अगर आप सिंपल से लुक को फैंसी बनाना चाहती हैं तो इस तरह से कपड़े की मदद लेकर पोटली बटन तैयार कर सकती हैं और अपने लुक में जान डाल सकती हैं। इस तरह के राउंड नेक में आप बैक के लिए डीप नेक भी बनवा सकती हैं। कॉटन और सिल्क फैब्रिक से आप आसानी से इस तरह का ब्लाउज बनवा सकती हैं। बैक में डीप नेक ब्लाउज नहीं पहनना चाहती हैं तो इस तरह से बैक में आप बोट नेक डिजाइन बनाकर आप बीच में गोल कट आउट डिजाइन बनवा सकते हैं। इस तरह के नेक डिजाइन को फैंसी लुक देने के लिए आप किनारी लेस लगवा सकती हैं। इसमें आपको गोल्डन और सिल्वर कलर देखने को मिल जाएंगे।

## एलन मस्क के 12वें बच्चे की मां सादा कपड़ों में भी दिखती है सुंदर





**टेस्ला** के सीईओ एलन मस्क हाल ही में 12वें बच्चे के पिता बने हैं, उनकी पार्टनर और न्यूरालिंक कंपनी की डायरेक्टर शिवोन जिलिस ने अपने तीसरे बच्चे को जन्म दिया है। इससे पहले 2021 में शिवोन ने जुड़वां बच्चों को जन्म दिया था। हालांकि कपल ने अपने परिवार के नए सदस्य के बारे में सार्वजनिक तौर पर घोषणा नहीं की है। इस बीच शिवोन जिलिस की बात करें तो वह काफी खूबसूरत हैं। उनका स्टाइल और ड्रेसिंग सेंस उन्हें सबसे हटकर दिखाता है, ज्यादातर सिंपल लुक में नजर आने वाली शिवोन के आउटफिट काफी स्टाइलिश होते हैं, वो सादा कपड़ों में भी हॉलीवुड हसीनाओं को पीछे छोड़ देती हैं। ऐसे में उनके सोशल मीडिया अकाउंट से हम भी कुछ झलकियां लेकर आए हैं, जिसमें शिवोन की खूबसूरती और फैशन सेंस देखने को मिलता है। शिवोन टैलेंटेड होने के साथ ही फैशन गोल्स सेट करने से पीछे नहीं हटती हैं। उनका यह काउबॉय लुक बहुत ही इंप्रेसिव लग रहा है। उन्होंने वाइट एंड ब्लू चैक्स शर्ट, ब्लैक जींस के साथ लेदर के लॉन्ग बूट पहने हैं। साथ ही बड़ी सी हैट स्टाइल की है, जो उनके काउबॉय लुक को कंप्लीट कर रही है। इतना ही नहीं शिवोन के दोनों जुड़वा बच्चे भी इसी अंदाज में दिख रहे हैं। नीली आंखे और नो मेकअप लुक में वो काफी हसीन लग रही हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### हिंदू समाज को हिंसक कहना गलतः बलदेव राज

**पंकज दीक्षित, पपरोला।** स्वाभिमान पार्टी के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष बलदेव राज सूद द्वारा ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष तथा कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा हिंदू समाज को हिंसक कहना सरासर गलत तथा निंदनीय है। प्रत्येक प्राणी में ईश्वर के दर्शन करने वाला हिंदू समाज हिंसक कैसे हो सकता है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म के ग्रंथों के अनुसार जीवन जीने वाला हिंदू समाज सदैव अहिंसक रहा है। कांग्रेस के सर्वोच्च नेता की हिंदू समाज पर की गई टिप्पणी से देश के करोड़ों हिंदुओं की भावनाओं को ठेस पहुंची है। उन्हें इस टिप्पणी पर हिंदू समाज से माफी मांगनी चाहिए। (अनंत ज्ञान)

### दो वर्ष से नहीं भरे फार्मेसी अधिकारियों के पद

**अनिल छांगू, जवाली।** हिमाचल प्रदेश हॉस्पिटल फार्मेसी ऑफिसर्स एसोसिएशन की प्रदेश स्तरीय वर्चुअल बैठक प्रदेशाध्यक्ष राजेश कुमार व वरिष्ठ उपाध्यक्ष भरत भूषण की अध्यक्षता में हुई। इसमें प्रदेश कार्यकारिणी के साथ-साथ जिला फार्मेसी अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में कर्मचारियों को कार्यस्थल पर आ रही समस्याओं बारे चर्चा की गई। प्रदेशाध्यक्ष राजेश कुमार व वरिष्ठ उपाध्यक्ष भरत भूषण ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा पीएचसी से लेकर क्षेत्रीय अस्पताल तक को स्तरोन्नत किया जा रहा है जिसमें चिकित्साधिकारियों सहित स्टाफ नर्सिस के पदों को सृजित किया जा रहा है, लेकिन फार्मेसी अधिकारियों के पदों को सृजित नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लगभग दो सालों से सरकार द्वारा फार्मेसी अधिकारी के पदों को नहीं भरा जा रहा है। उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग की है कि स्तरोन्नत के हिसाब से अस्पतालों में फार्मेसी अधिकारी के पदों को भी सृजित किया जाए ताकि मरीजों को सुविधा मिल सके। इस मौके पर काफी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

### परौर-धीरा लिंक रोड पर दुर्घटना में युवक की मौत

**राकेश डोगरा, डरोह।** पुलिस चौकी धीरा के अधीन परौर-धीरा लिंक रोड पर गगल के समीप मंगलवार प्रातः करीब 10 बजे सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार चौकी सिंबलपट्ट का 24 वर्षीय गुलशन रोजाना की तरह अपनी स्कूटी पर पालमपुर ड्यूटी के लिए जा रहा था कि उक्त स्थान पर किसी गाड़ी को ओवरटेक करते या पास देते स्कूटी सहित कुहल में जा गिरा। इस दौरान उसके सिर पर लगी गहरी चोट के कारण अधिक खून बह गया तथा उसने उसी स्थान पर दम तोड़ दिया। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे तथा माहौल चीखों-पुकार के बीच एक दम गमगीन हो गया मौके पर पहुंचे मृतक के मां-बाप रो रो कर बेहाल हैं। धीरा पुलिस मौके पर पहुंच गई है। (अनंत ज्ञान)

### धर्मशाला में भारतीय न्याय संहिता में पहला केस दर्ज

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला।** भारतीय दंड संहिता के स्थान पर अब भारतीय न्याय संहिता के नाम से जान जानी जाने वाली भारतीय कानून प्रणाली के तहत नए नियमों में धर्मशाला में पुलिस थाना में पहले ही दिन पहला मामला दर्ज किया गया। साराह निवासी मनजीत सिंह ने अपनी शिकायत में कहा कि 1 जुलाई को सुबह 9 बजे सौरव तुली निवासी सलेट गोदाम (योल) ने उसका रास्ता रोका और उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस थाना धर्मशाला शिकायतकर्ता की शिकायत के आधार पर सौरव तुली के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(1), 126(2), 352, 351 के तहत दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। (अनंत ज्ञान)

### भेड़ी बड़ी उप डाकघर को बदलना स्वीकार नहीं

**अनंत ज्ञान, गगल।** एयरपोर्ट के साथ लगते गांव कुठमां, बेंटलू, स्रोरा, बेदी में 1942 से डाक सेवाएं दे रहे गांव भेड़ी बड़ी के डाकघर को बदलने पर ग्रामीण भड़क उठे हैं। ग्राम पंचायत के एक प्रतिनिधिमंडल प्रधान रवि कुमार तथा पूर्व पंचायत प्रधान कैलाश राणा की अध्यक्षता में डाक विभाग मंडल देहरा के अधीक्षक बलवीर चंद्र से भेंट करके उनसे मांग की की इस डाकघर को पुणः गांव में ही लाया जाए उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा उन्हें जब मार्च महीने में यह कहा गया कि यह भवन जर्जर हालत में है जिस पर ग्रामीणों ने गांव कुठमा के पंचायत घर में ही इसकी व्यवस्था कर दी, लेकिन फिर भी संबंधित विभाग ने इसे कुठमां में शिफ्ट नहीं किया। वहीं, जब इस बारे डाक विभाग के सुपरिंटेंडेंट बलवीर चद से बात की गई तो उन्होंने कहा कि इस मामले की जांच करवाई जाएगी।

### शाहपुर के इशांत बेस्ट परफॉर्मर अवॉर्ड से सम्मानित



**बबलू सूर्यवंशी, शाहपुर।** हिलीवुड संगठन और हिलीवुड फिल्म म्यूजिक कल्चर आर्टिस्ट एसोसिएशन द्वारा धर्मशाला में आयोजित हिमाचल म्यूजिक अवार्ड सीजन 2 में हिमाचल के प्रसिद्ध गायक और शाहपुर के रहने वाले इशांत भारद्वाज को 2023-23 का बेस्ट सिंगर और बेस्ट परफॉर्मर के अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इस सम्मान के साथ इशांत भारद्वाज की उपलब्धियों के साथ एक और कड़ी जुड़ी गई है। इशांत भारद्वाज को ये अवॉर्ड हिमाचल के टॉप फाइव बेस्ट सिंगर और बेस्ट प्रफोमर होने पर मिला है। (अनंत ज्ञान)

### स्वर्णकार 15 अगस्त से मनाएंगे वार्षिक छुट्टियां

**आशीष दमीर, कांगड़ा।** कांगड़ा के स्वर्णकार 15 अगस्त से वार्षिक छुट्टियां मनाएंगे। मंगलवार को डुंगा बाजार मे स्वर्णकार संघ के अध्यक्ष अजय वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में फैसला लिया गया कि कांगड़ा के स्वर्णकार 15 अगस्त से 17 अगस्त तक वार्षिक छुट्टियां मनाएंगे। एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष लक्की मल्होत्रा विशेष तौर परउपस्थित रहे। अजय वर्मा ने बताया कि वार्षिक छुट्टियों के दौरान जो भी स्वर्णकार व्यापारिक संस्थान खोलेगा उसे पांच हजार रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### धर्मशाला में पर्यटन कारोबारियों ने की बैठक

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला।** होटल एवं रेस्टोरेंट एसोसिएशन, टैक्सी यूनियन, व्यापार मंडल एवं एडवेंचर एवं टूर ऑपरेटर एसोसिएशन की संयुक्त बैठक मंगलवार को होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष ओंकार नेहरिया के नेतृत्व में हुई। हिमाचल और पंजाब में टैक्सी चालकों और स्थानीय आबादी के बीच तनाव की हालिया रिपोर्टों की गलत व्याख्या की गई है, जिससे स्थानीय बनाम पर्यटक की झूठी कहानी गढ़ी गई है। एसोसिएशन ने यह स्पष्ट किया कि ये घटनाएं पार्किंग और यातायात के मुद्दों पर व्यक्तियों के बीच अलग-अलग झगड़े हैं, स्थानीय लोगों और पर्यटकों के बीच कोई लक्षित संघर्ष नहीं है। (अनंत ज्ञान)

### एयरपोर्ट विस्तार पर सुनवाई अब 15 जुलाई को

**अनंत ज्ञान, गगल।** प्रदेश उच्च न्यायालय में विस्तारीकरण को लेकर चल रहे मामले में आज दो घंटे बहस चली बहस के चलते अब माननीय न्यायाधीश एम एस रामचंद्र राव ने इस मामले में अगली सुनवाई 15 जुलाई तक रख दी है जिसके बारे में संघर्ष समिति के अध्यक्ष रजनीश मोना ने बताया कि आज सुनवाई के दौरान यह भी पूछा के अगर हवाई अड्डा विस्तार की जगह क्या और कोई विकल्प भी है, जिस पर याचिकाकर्ता पक्ष की वकील रीता गोस्वामी ने अदालत को बताया कि उन्होंने सरकार को पहले ही सहित कुछ और जगह पर विकल्प बताए हैं। इन जगहों पर बिना उजाड़ी कारण के बड़े से बड़े हवाई अड्डे का निर्माण किया जा सकता है, जिस पर अदालत ने ओर जानकारी के लिए अगली तिथि निर्धारित की जो 15 जुलाई है।

# इसराइल से दोस्ती ने धर्मकोट को बनाया तेल अवीव

## कई साल पुराना है भारत-इसराइल दोस्ताना, धर्मशाला में इसराइली सैलानियों की पहली पसंद धर्मकोट

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

समुद्र तट पर बसे तेल अवीव और धौलाधार की तलहट्टी पर बसे धर्मकोट में भले ही दूर-दूर का नाता न हो, लेकिन आपको बताते चलें कि धर्मकोट को तेल अवीव भी कहा जाता है। इस स्थान से जुड़ी इसराइली लगाव तथा भावनाओं के कारण ही धर्मकोट का नामकरण इसराइल के जनसख्यां में दूसरे सबसे बड़े शहर तेल अवीव का नाम मिला।

बताते चलें कि काफी संख्या में इसराइली सैलानियों की आमद के कारण इस शहर को तेल अवीव कहा जाता है। पर्यटन कारोबारियों के अनुसार यहां आने वाले करीब 60 प्रतिशत सैलानी इसराइली होते हैं। ये लोग काफी लंबी छुटियां यहां बिताते हैं। धर्मकोट की एक खास बात ये कि लेट नाइट पार्टियों का ये पर्यटन स्थल सुबह काफी देर से जागता है। यूं कहें कि यहां जिंदगी की सुबह 11 बजे के बाद ही उदय हो पाती है। अप्पर तथा लोअर धर्मकोट में काफी संख्या में होटल तथा रेस्टोरेंट हैं तथा कई रेसंतरा इसराइली डिशेज परोसती हैं। (अनंत ज्ञान)



धौलाधार की गोद में बसा धर्मकोट

### भावनाओं की कोई भाषा नहीं

**नौ** साल की शरारती, लकिन काफी समझदार रशियन बच्ची वारिया इंग्लिश या हिंदी नहीं जानती। वह पिछले कई महीनों से धर्मकोट में अपनी दादी के साथ रह रही है तथा यहां का माहौल उसे काफी पसंद आया।



रशियन बच्ची वारिया

### अध्यात्म और योग की चाह खींच लाई पहाड़ तक



योग करते गाइड राजू

**काफी** लोग अध्यात्म तथा योग की चाह में पहाड़ों पर पहुंचते हैं। गाइड राजू भी उनमें से एक हैं। कई सालों से धर्मकोट में पर्यटन कारोबार कर रहे राजू को पैराग्लाइडर से उड़ान भरते हुए हादसे का शिकार हुई एक विदेशी महिला को रेस्क्यू करने के लिए तत्कालीन सीएम धूमल भी सम्मानित कर चुके हैं।

### आतंकियों का वीडियो वायरल होने पर हड़कंप

**अशोक ठाकुर, पठानकोट।** पठानकोट जालंधर मार्ग पर पंजाब हिमाचल सीमा पर डमटाल थाना के नजदीक थाना नंगलभूर में एक वीडियो वायरल होने से, जिसमें कुछ आंतकवादी दिखाई दे रहे हैं, जो कि नंगलभूर कस्बा में गन्ने की दुकान से रस पी रहे हैं, उनका वीडियो वायरल होने से तुरंत सुरक्षा एजेंसियों तथा हिमाचल, पंजाब पुलिस एकदम सतर्क हो गई हैं। इसके चलते तुरंत पंजाब पुलिस, सेना की सुरक्षा एजेंसियां तथा हिमाचल पुलिस की गुप्त एजेंसी अभी मौके पर पहुंचकर जायजा लेने लगी हुई हैं। (अनंत ज्ञान)



# पर्यटन निगम के हर होटल के आसपास लगाने होंगे 10 पेड़

## पर्यटन विकास निगम की बेहतरीन पहल, लापरवाही हुई तो नपेंगे जिम्मेदार

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

प्रदेश भर में पर्यटन निगम के होटलों के आसपास हरे पेड़ लगाना जरूरी होंगे। इस बरसात में निगम के सभी 65 होटलों के आसपास 10 पेड़ लगाना जरूरी होगा। इस बारे प्रदेश में पर्यटन विकास निगम के सभी जिलों के उपनिदेशकों को इस बारे में मंगलवार को एक पत्र जारी किया।

कांगड़ा जिला मुख्यालय धर्मशाला के पर्यटन विकास निगम को भी इस संदर्भ का पत्र मिला है। इस साल विश्व में बढ़ी हुई गर्मी तथा ग्लोबल वार्मिंग ने पेड़ों के महत्व को दर्शा दिया है। बावजूद इसके पेड़ों का कटान जारी है जबकि नए पेड़ नहीं लग पा रहे। इसी कड़ी में एक पहल करते हुए हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम ने एक बेहतरीन शुरुआत की है। इसके लिए सभी निगम के सभी होटल के आसपास कम से कम 10 नए पौधे लगाने के निर्देश सभी जिला के उपनिदेशकों को जारी किए गए हैं तथा इसको पुख्ता करने के लिए बाकायदा फोटो भी भेजना के निर्देश जारी किए गए हैं।



पत्र के अनुसार जब हम बरसात के मौसम के करीब आते हैं, तो यह हमें अपने हरित आवरण को बढ़ाने और पर्यावरण में सकारात्मक योगदान देने का एक आदर्श अवसर देता है। सभी डीडीओ को बरसात के मौसम की शुरुआत के दौरान क्षेत्र की जलवायु परिस्थितियों के अनुसार अपने परिसर में कम से कम दस पेड़ खरीदने और लगाने का निर्देश दिया गया है। यह पहल न केवल पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप है, बल्कि हमारे आगंतुकों, मेहमानों और कर्मचारियों सहित सभी के लिए एक स्वस्थ और अधिक सौंदर्यवादी रूप से मनभावन वातावरण बनाने में भी मदद करती है। यदि परिसर के भीतर पेड़ लगाने के लिए कोई जगह नहीं है, तो आसपास की इकाइयों में आवश्यक कदम उठाए जाने चाहिए।

पौधरोपण के दौरान और उसके बाद की तस्वीरें ई-ऑफिस मोड के माध्यम से इस कार्यालय में साझा की जा सकती हैं। इस संबंध में किसी भी लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा और दोषी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### पर्यावरण संरक्षण पूरे समाज के लिए जरूरी



**हिमाचल** प्रदेश पर्यटन विकास निगम के शिमला स्थित निदेशक राजीव कुमार ने बताया कि ऐसे पत्र जारी कर दिए गए हैं तथा इस बात को पुख्ता किया जाएगा कि हर होटल के आसपास 10 नए पौधे लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि इस कार्य में कोई भी लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिए तथा ग्लोबल वार्मिंग के खतरे से निपटने के लिए पर्यावरण संरक्षण पूरे समाज के लिए जरूरी हो गया है।

# पेड़ से लटका मिला फोरलेन कंपनी के कर्मचारी का शव

**अनिल छांगू, जवाली**

पुलिस थाना जवाली के अधीन कोटला में फोरलेन कंपनी के कर्मी का शव पेड़ से लटका हुआ बरामद हुआ है, जिससे कोटला में सनसनी का माहौल है। मृतक की पहचान अमित धीमान (27) पुत्र राकेश कुमार निवासी भटका (नूरपुर) के रूप में हुई है। अमित धीमान भारत कंस्ट्रक्शन कंपनी में बतौर इंजीनियर कार्यरत था। वह किराया के कमरे में रहता था। सोमवार शाम को उसने अपने अन्य कर्मियों को कहा था कि वह बाहर से खाना खाकर आएगा।

देर रात जब वह कमरे में नहीं आया तो उसको फोन किया गया जिसका फोन स्विच ऑफ पाया गया। उसकी तलाश की गई लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। मंगलवार को सुबह युवक का मोटरसाइकिल कोटला पुल पर खड़ा मिला और पुल के नीचे जाकर देखा तो युवक का पेड़ से लटका हुआ शव मिला। पुलिस को सूचना दी गई जिस पर पुलिस ने त्वरित मौका पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसपी नूरपुर अशोक रतन ने पुष्टि करते हुए बताया कि प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला लग रहा है। (अनंत ज्ञान)

### सुक्कड़ के इंजीनियर की डेराबस्सी में हत्या

**अनंत ज्ञान, गगल।** कालाअंब की एक निजी कंपनी में मैकेनिक इंजीनियर के पद पर सेवाएं दे रहे गांव सुक्कड़ के 34 वर्षीय रोहित कंवर की डेरा बस्सी में निर्मम हत्या होने का मामला सामने आया है। रोहित 28 जून को ड्यूटी देकर डेरा बस्सी पहुंचा। रोजाना की तरह कार खड़ी करके सैर करने निकल पड़ा, लेकिन वापस नहीं आया, जिस पर उनकी पत्नी बबीता तथा कंपनी वालों ने पुलिस को रविवार को सूचना दी। इंजीनियर के मिलने की उम्मीद उस समय धराशायी हो गई, जब रविवार को उसका सिर और धड़ अलग-अलग डेराबस्सी के फ्लाईओवर के पास मिला। मृतक के चाचा जेके ठाकुर ने बताया कि रोहित का पार्थिक शरीर सोमवार को सुक्कड़ लाया गया, जहां उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। वहीं, पुलिस घटना की जांच कर रही है मृत्यु रोहित पढ़े-लिखे परिवार से संबंध रखता था। (अनंत ज्ञान)

### चिट्टे सहित पकड़े आरोपी को 4 साल का कठोर कारावास

**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** पुलिस थाना इंदौरा के अंतर्गत वर्ष 2016 में हेरोइन सहित पकड़े गए एक आरोपी को दोष सिद्ध होने पर अपराधी करार देते हुए माननीय न्यायालय द्वारा 4 साल कठोर कारावास व 20 हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है। एसपी नूरपुर अशोक रत्न ने बताया कि पुलिस जिला नूरपुर के अंतर्गत पुलिस थाना इंदौरा में दिनांक 15 सितंबर 2016 को मुकाम छन्नी मे नाकाबंदी के दौरान धर्मेन्द्र कुमार उर्फ गोविंदा पुत्र सुरजन निवासी छन्नी तहसील इन्दौरा जिला कांगड़ा के कब्जे से 5.50 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद करने मे सफलता प्राप्त की थी। (अनंत ज्ञान)

# सुक्खू सरकार में तो कांग्रेसी विधायक के भी नहीं हो रहे काम : होशियार सिंह

**शुभम शर्मा, देहरा**

देहरा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी होशियार सिंह चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। उन्होंने कहा कि सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू, देहरा उपचुनाव में जनता को सब्जबाग दिखा रहे हैं, चुनावी बेला में लोक लुभावने वादे करने वाले सीएम बताएं कि इससे पहले उन्हें देहरा की याद क्यों नहीं आई। उन्होंने आरोप लगाया कि सुक्खू सरकार में आजाद और भाजपा विधायकों के तो छोड़िए, पार्टी के अपने कांग्रेस विधायकों के भी काम नहीं हो रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में पति-पत्नी और मित्रों की सरकार चल रही है। चहेतों को रेबडियां बांटी जा रही हैं और जरूरतमंदों को अनदेखा किया जा रहा है।



होशियार सिंह ने कहा कि सीएम सुक्खू तो झूठ पर झूठ बोल ही रहे थे, अब देहरा से कांग्रेस प्रत्याशी एवं सीएम की पत्नी भी उनसे पीछे नहीं हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी देहरा की ध्याण की बात कहकर देहरा की जनता को भ्रमित कर रही हैं, लेकिन देहरा की जनता ने पिछले दो चुनावों में धरती पुत्र का साथ दिया है और इस बार भी देगी। (अनंत ज्ञान)

### होशियार की होशियारी के आगे सुक्खू सरकार फेल : राकेश जम्वाल

**शुभम शर्मा, देहरा।** प्रदेश भाजपा के मुख्य प्रवक्ता देहरा विधानसभा क्षेत्र के समन्वयक राकेश जम्वाल ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर फिर तीखा हमला बोला है। राकेश जम्वाल ने कहा कि देहरा में भाजपा की लहर से सक्खू सदमें में हैं। होशियार सिंह की होशियारी के आगे सुक्खू सरकार फेल होती नजर आ रही है। उन्होंने कहा सुक्खू पत्नी की जीत की खातिर देहरा के लोगों को विकास का सपना दिखा रहे हैं, जबकि जनता उनसे पूछ रही है कि 15 महीने पहले वे कहा थे। (अनंत ज्ञान)

### अतिक्रमणकारियों पर की कार्रवाई

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

पुलिस ने मंगलवार को अतिक्रमण को लेकर अपनी कार्रवाई आरंभ कर दी है। थाना प्रभारी बैजनाथ भूपेंद्र ठाकुर के नेतृत्व में पुलिस ने आज शाम 4:30 बजे के करीब से यह कार्रवाई अमल में लाई।

इस दौरान नेशनल हाईवे के किनारे रेहड़ी-फड़ी तथा जिन दुकानदारों ने दुकान के सामान लगाया हुआ था उनके विरुद्ध कार्रवाई अमल में लाई गई। गौरतलब है कि डीएसपी बैजनाथ ने अवैध कब्जा किए हुए तथा रेहडी-फड़ी वालों को बीते वीरवार को चेतावनी देते हुए कहा था कि तीन दिनों के भीतर भीतर बी अपनी दुकानों के बाहर माल लगाना बंद कर दें तथा सड़क किनारे रेहड़ी-फड़ी भी न लगे।



अतिक्रमण पर कार्रवाई करती पुलिस।


### कार्यालय ग्राम पंचायत रोड़ी कोड़ी
विकास खंड प्रागपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

### निविदा सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रोड़ी कोड़ी वर्ष 2024-25 के लिए विकास कार्यों हेतु सामग्री आपूर्ति की निम्न सामग्री की निविदा आमंत्रित करती है। इच्छुक विक्रेता अपनी-अपनी निविदा बंद लिफाफे में डाक माध्यम से दिनांक 08/07/2024 तक प्रधान ग्राम पंचायत रोड़ी कोड़ी के नाम दे सकते हैं। उपरोक्त समय अवधि में प्राप्त निविदाएं दिनांक 09/07/2024 को सुबह 11 बजे पंचायत कार्यालय रोड़ी कोड़ी में कमेटी के सामने खोली जाएंगी।

| क्र.सं. | वस्तु का नाम | इकाई |
|---|---|---|
| 1. | रेता बजरी | प्रति घन मीटर |
| 2. | बजरी 10 एमएम | प्रति घन मीटर |
| 3. | बजरी 20 एमएम | प्रति घन मीटर |
| 4. | बजरी 40 एमएम | प्रति घन मीटर |
| 5. | पत्थर गोला | प्रति घन मीटर |
| 6. | डस्ट | प्रति घन मीटर |
| 7. | पक्की ईंट | प्रति ईंट |
| 8. | लोकल फेरा | प्रति फेरा |
| 9. | सीमेंट किराया | प्रति बैग |
| 10. | मिक्सचर मशीन तेल सहित | प्रति दिन |
| 11. | जेसीबी | प्रति घंटा |
| 12. | सरिया 08,10 एमएम | प्रति किलोग्राम |
| 13. | सटरिंग | प्रति स्क्वेयर फुट |
| 14. | पानी टैंकर | प्रति टैंकर |
| 15. | कंक्रीट बैंच | प्रति बैंच |
| 16. | रेता क्रशर | प्रति घन मीटर |

**निर्धारित शर्तें:** 1. विक्रेता के पास जीएसटी नं. होना अनिवार्य होगा। 2. सामग्री की दरें FOR होंगी। 3. निविदाएं खोलते समय विक्रेता की उपस्थिति अनिवार्य होगी। 4. विवाद की स्थिति में निविदा कमेटी का निर्णय अंतिम होगा। 5. सामग्री की आपूर्ति निर्धारित समय पर न करने तथा सामग्री की गुणवत्ता ठीक न होने की स्थिति में विक्रेता की निविदा को निरस्त कर दिया जाएगा। 6. केवल अपेक्षित सामग्री का ही निविदा में उल्लेख करें। 7. समस्त दरें जीएसटी सहित होनी चाहिए।

प्रधान/सचिव
ग्राम पंचायत रोड़ी कोड़ी


### उपचुनाव
## वोटर कार्ड नहीं है तो वैकल्पिक दस्तावेज के साथ भी कर सकते हैं मतदान : डीसी

# 12 फोटोयुक्त वैकल्पिक दस्तावेज मतदान के लिए मान्य

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**



उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हेमराज बैरवा ने बताया कि देहरा विधानसभा उपचुनाव के लिए दस जुलाई को होने वाले मतदान के लिए मतदाताओं को अपना मतदाता पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अगर कोई मतदाता किन्हीं कारणों से मतदाता पहचान पत्र प्रस्तुत करने में असमर्थ है तो वह भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित 12 अन्य फोटोयुक्त वैकल्पिक दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करके मतदान कर सकता है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदाता पहचान पत्र में लेखन या वर्तनी की अशुद्धि को नजरअंदाज किया जा सकता है, लेकिन यदि फोटो बेमेल होने के कारण मतदाता की पहचान संभव न हो तो उसे अपनी पहचान के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित 12 फोटोयुक्त वैकल्पिक दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। (अनंत ज्ञान)

### इन वैकल्पिक दस्तावेजों से कर सकते हैं मतदान

**इन** 12 फोटोयुक्त वैकल्पिक दस्तावेजों में आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक या डाकघर की फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय द्वारा जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी किए गए स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र या राज्य सरकार तथा सार्वजनिक उपक्रमों या पब्लिक लिमिटेड कंपनियों के कर्मचारियों के फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों एवं विधायकों को जारी सरकारी पहचान पत्र और यूडीआईडी कार्ड में से कोई भी दस्तावेज दिखाकर मतदान किया जा सकता है।

### माइक्रो ऑब्जर्वर को दिया प्रशिक्षण

**देहरा** विधानसभा उपचुनाव के दृष्टिगत मतदान प्रक्रिया को लेकर माइक्रो ऑब्जर्वर को धर्मशाला के डीसी कार्यालय के सभागार में प्रशिक्षण दिया गया। इनमें सामान्य पर्यवेक्षक इजरायल वात्रे इंगटी, एडीएम डॉ. हरीश गज्जू, नोडल आफिसर प्रशिक्षण संदीप शर्मा, नायब तहसीलदार संजय कुमार, अधीक्षक सुरेंद्र सिंह सहित निर्वाचन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। सामान्य पर्यवेक्षक इजरायल वात्रे इंगटी ने बताया कि निष्पक्ष निर्वाचन के लिए पोलिंग बूथों पर माइक्रो आब्जर्वर तैनात किए जाएंगे जो कि पूरी मतदान एवं मतगणना प्रक्रिया पर नजर रखेंगे।




## न्यूज ब्रीफ

### नाबालिगा ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** पुलिस थाना भोरंज के अंतर्गत नाबालिग लड़की अनुष्का देवी पुत्री सुरजीत कुमार गांव बजवाल डाकखाना टिक्कर खतरियां तहसील भोरंज जिला हमीरपुर, उम्र 15 साल ने अपने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। इसकी जानकारी पुलिस थाना भोरंज को दी गई। पुलिस ने मौके पर मौका पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी। थाना प्रभारी योग राज ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया है छानबीन की जा रही है।

### भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी सब डिवीजन की हुई बैठक




**वाईके भारद्वाज, भरेड़ी।** उपमंडल भोरंज के तहत वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ भरेड़ी ने शिवालिक हाउस में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, सब डिवीजन भोरंज के लिए एक बैठक आयोजन किया गया। इस अवसर पर भोरंज के एसडीएम संजय स्वरूप ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर कई वरिष्ठ नागरिकों ने अपने विचार साझा किए। संजय स्वरूप ने वरिष्ठ नागरिकों को इस सोसायटी के आजीवन सदस्य बनने के लाभ के बारे में बताया। उन्होंने हमारी एसोसिएशन को बधाई दी और उन्हें इस नेक काम के लिए पूरे दिल से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया। (अनंत ज्ञान)

### राहुल गांधी ने संसद में भाजपा को किया बेनकाब: दीपक

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय संचार प्रभारी एवं समन्वयक दीपक शर्मा ने संसद में नेता विपक्ष राहुल गांधी द्वारा दिए गए पहले भाषण को ऐतिहासिक, लाजवाब, बेमिसाल बताते हुए इसे मोदी सरकार को बेनकाब करने वाला भाषण करार दिया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार को अब समझ आया कि नेता विपक्ष क्या होता है। सत्ता पक्ष के पसीने छूट गए। प्रधानमंत्री मोदी से लेकर सभी मंत्री बचाव करने का नाकाम प्रयास करते रहे। दीपक शर्मा ने कहा कि राहुल गांधी देश की आवाज हैं। संसद में जब देश के मूलभूत मुद्दों पर राहुल ने मोदी सरकार की अनदेखी को उजागर किया तो सरकार बेचैन नजर आई। राहुल ने भाजपा की हिंदुओं का नाम लेकर सियासी लाभ लेने की राजनीति को बेनकाब किया, उससे भाजपा विचलित हो उठी है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने बिल्कुल ठीक कहा कि भाजपा हिंदुओं के नाम पर और हिंसा की राजनीति करती है, जबकि हिंदू धर्म सहित सभी धर्म प्यार, मोहब्बत और अहिंसा का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा समस्त हिन्दू समाज की ठेकेदार नहीं है। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय किसान कांग्रेस समूचे देश में सभी राज्यों में किसानों की समस्याओं बारे एक दृष्टि पत्र तैयार कर रही है जिसमें देश के हर राज्य की किसान समस्याओं और योजनाओं को संकलित किया जाएगा और देश के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को सौंपा जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### 'गुड सेमेरिटन अवार्ड' के लिए भेजे महेंद्र और संदीप के नाम

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** सड़क दुर्घटना के तुरंत बाद अगर घायलों की तुरंत मदद की जाए तो कई लोगों की बहुमूल्य जानें बच सकती हैं। ऐसी दुर्घटनाओं के बाद 'गोल्डन ऑवर' के दौरान यानी एक घंटे के भीतर घायलों को मदद की तत्काल आवश्यकता होती है। अब घायलों की मदद करने वाले लोगों से अनावश्यक पूछताछ पुलिस नहीं करेगी। इसलिए, किसी भी सड़क दुर्घटना के प्रत्यक्षदर्शी को घायलों की मदद के लिए तुरंत आगे आना चाहिए। मंगलवार को जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त अमरजीत सिंह ने बताया कि सड़क दुर्घटना के घायलों की तत्काल मदद करने वाले तथा उन्हें अस्पताल पहुंचाने वाले प्रत्यक्षदर्शियों से पुलिस भी कोई अनावश्यक पूछताछ नहीं करती है। उन्होंने कहा कि ऐसे मददगार लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने 'गुड सेमेरिटन अवार्ड' भी आरंभ किया है। बैठक के दौरान जिला स्तरीय समिति ने 13 अप्रैल को गांव टियाले दा घट्ट के पास दुर्घटनाग्रस्त हुई हमीरपुर-वृंदावन बस के घायलों की तत्काल मदद करने तथा उन्हें अस्पताल पहुंचाने वाले दो लोगों महेंद्र सिंह और संदीप ठाकुर के नाम 'गुड सेमेरिटन अवार्ड' के लिए अनुमोदित करने का निर्णय भी लिया। जिला में सड़क दुर्घटनाओं को कम करने, स्कूल बसों और सभी प्रकार के सार्वजनिक एवं निजी वाहनों में आवश्यक सुरक्षा प्रबंधों तथा यातायात नियमों की सख्ती से अनुपालना को लेकर भी बैठक में व्यापक चर्चा की गई। इस अवसर पर एसपी भगत सिंह, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी अंकुश शर्मा, एचआरटीसी के डीडीएम राजकुमार पाठक और अन्य अधिकारियों ने भी महत्वपूर्ण सुझाव रखे। (अनंत ज्ञान)

### शिविर में 80 स्वयंसेवियों ने किया रक्तदान



**एसके ठाकुर, बिझड़ी।** दीन दयाल अंतोदय समिति बड़सर द्वारा भाजपा किसान मोर्चा व कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष स्व. डॉ. राकेश बबली की द्वितीय पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर बिझड़ी में आयोजित किया, जिसमें लगभग 80 रक्तदानियों ने रक्तदान किया। समिति के सचिव जीत शर्मा ने कहा कि जीवन पुष्प चढ़ा चरणों में मातृभूमि से मांगे यह वर तेरा वैभव अमर रहे मां हम दिन चार रहे न रहे के वचन डॉ. राकेश बबली के मुखारविंद से निकले हैं। उन्होंने कहा कि जो सपने डॉ. राकेश बबली ने बड़सर विधानसभा क्षेत्र के लिए संजोए थे उनको समिति अंतिम क्षण तक पूरा करने का हरसंभव प्रयास करेगी। कार्यक्रम में समाजसेवी संजीव शर्मा, समिति संयोजक दिनेश शर्मा, समिति अध्यक्ष रवि पटियाल, राजेश पंडित, सुरेश कुमार, राजेश बन्याल, पंकज बन्याल आदि कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। (अनंत ज्ञान)



मंगलवार को होम वोटिंग करवाने के बाद मत पेटी जमा करवाने हमीरपुर पहुंची मतदान टीम के अधिकारी और विभिन्न उम्मीदवारों के एजेंट।

### सुक्खू झूठ के सबसे बड़े ठेकेदार : जम्वाल

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हमीरपुर उपचुनाव के सहप्रभारी और बिलासपुर सदर से विधायक त्रिलोक जम्वाल ने मुख्यमंत्री पर कड़ा हमला करते हुए उन्हें झूठ का ठेकेदार करार दिया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अपने प्रत्याशी की संभावित हार को भांप चुके हैं और इसी बौखलाहट में वह भाजपा प्रत्याशी पर झूठी बयानबाजी कर रहे हैं। त्रिलोक ने कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं झूठ के सबसे बड़े ठेकेदार हैं। प्रदेश का विकास तो उन्होंने किया नहीं, लेकिन अपने कार्यकाल में तरह-तरह के झूठ बोलने में महारथ अवश्य हासिल कर ली है।



जम्वाल ने कहा कि हमीरपुर की जनता आशीष को भलीभांति जानती है। यहां के लोग इतने भी अनपढ़ नहीं हैं जितना मुख्यमंत्री उन्हें समझते हैं, लेकिन इसमें उनकी कोई गलती नहीं है, कभी हमीरपुर में धैर्य से समय गुजारा होता तभी तो यहां के लोगों के बारे में कुछ जान पाते, लेकिन विडंबना तो यही है कि मुख्यमंत्री इतने धैर्यहीन हो चुके हैं कि अपने ही बयानों का सही से तोल-मोल नहीं कर पा रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

# कांग्रेस सरकार को ले डूबेगी मुख्यमंत्री की तानाशाही : राणा

## झूठ, फरेब और दबाव की राजनीति ज्यादा दिन चलने वाली नहीं

**विक्रम ढटवालिया ,हमीरपुर**

पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने कहा है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार तीन सीटों के उपचुनाव में झूठ, फरेब और दबाव की राजनीति का सहारा लेकर सत्ता के खौफ से आम मतदाता को डराने की कोशिश कर रही है, लेकिन सरकार के मुखिया का तानाशाही रवैया ज्यादा दिन चलने वाला नहीं है।

राजेंद्र राणा ने कहा कि भाजपा की विचारधारा वाले छोटे-छोटे रेहड़ी-फड़ी वालों को भी अलग-अलग विभागों का खौफ दिखाकर डराने धमकाने का सिलसिला हमीरपुर में चल रहा है। लोकतांत्रिक परंपराओं की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं और सत्ता का चाबुक दिखाकर आम आदमी पर दबाव बनाया जा रहा है।



उन्होंने कहा हमीरपुर में भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा का समाज सेवा का इतिहास रहा है और अपनी जेब से पैसा खर्च करके वह जरूरतमंद लोगों के मददगार बनते आए हैं, लेकिन उन पर भी झूठे केस बनाकर उन्हें प्रताड़ित करने का सरकार प्रयास कर रही है और भाजपा की विचारधारा वाले आम आदमी को भी सत्ता के चाबुक से डराया धमकाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि देहरा विधानसभा क्षेत्र में झूठ की राजनीति का सहारा लेकर लोगों को गुमराह किया जा रहा है और झूठी रिश्तेदारियों तक का हवाला दिया जा रहा है, परंतु लोग सच्चाई जानते हैं, इसलिए झूठा, दबाव और फरेब की राजनीति की दाल ज्यादा दिन गलने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि देहरा में मतदाता धरतीपुत्र होशियार सिंह को ही सपोर्ट करेंगे और किसी बाहरी प्रत्याशी नहीं आजमाएंगे।

राणा ने कहा कि अगर मुख्यमंत्री सुक्खू ने प्रदेश की जनता को सुशासन दिया होता और चुनावी वादे पूरे किए होते तो इन चुनावों में उन्हें गली-गली की खाक छानने की जरूरत नहीं पड़ती। राजेंद्र ने कहा कि मुख्यमंत्री के तानाशाही रवैये से कांग्रेस के भीतर विद्रोह का लावा फटने वाला है और मुख्यमंत्री ज्यादा दिन तक अपनी कुर्सी को सलामत नहीं रख पाएंगे। (अनंत ज्ञान)

# सुजानपुर पहुंचे जैन साधुओं का किया भव्य स्वागत



पैदल भ्रमण करते हुए सुजानपुर पहुंचे जैन साधु।

**ए कुमार, सुजानपुर**

पैदल भ्रमण करते हुए सुजानपुर पहुंचे जैन साधुओं का जैन समाज सुजानपुर ने सुजानपुर सीमा पर पहुंचने पर भव्य स्वागत किया। मंगलवार सुबह 8 बजे उनका सुजानपुर आगमन हुआ। अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत वे सुजानपुर पहुंचे। जैन समाज सुजानपुर के लोग उन्हें लेने के लिए पहले ही सुजानपुर ब्यास पुल पर पहुंच गए थे। जैन साधुओं के साथ पैदल भ्रमण करते हुए जैन समाज के लोग सुजानपुर मुख्य बाजार पहुंचे।

जैन समाज के प्रधान विमल जैन, उपप्रधान अरुण जैन ने बताया कि रचित मुनि जी, तेजस मुनि जी और ओजस मुनि जी मंगलवार को थुरल जिला कांगड़ा से करीब 16 किलोमीटर पैदल भ्रमण करते हुए सुजानपुर पहुंचे। बीते 3 दिन पहले पालमपुर से पैदल चले थे। रास्ते मे दो स्थानों पर रुकने के बाद अब वह सुजानपुर पहुंचे। इसके बाद वे जैन स्थानक नादौन को विहार करेंगे। उन्होंने बताया कि महाराज जी का आगामी 2024 का चातुर्मास नादौन जिला हमीरपुर हिमाचल में होना निश्चित हुआ है। (अनंत ज्ञान)

# संसद में गूंजा अग्निवीर मुद्दा

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

हाल ही में चल रहे 18वीं लोकसभा के अधिवेशन में विपक्षी नेताओं द्वारा लोकसभा में अग्नि वीर के मुद्दे को जोर-जोर से उठाकर सत्ता पक्ष को इसके बारे में जवाब देने के लिए मजबूर कर दिया।

वर्तमान सरकार द्वारा जून 2022 को सहस्त्र सेनाओं की लंबे समय से चली आ रही भर्ती प्रणाली की स्कीम को बंद करके अग्निवीर स्कीम की योजना के बारे में घोषणा कर दी गई तथा फिर सितंबर 2022 को इसे पूरे भारतवर्ष में लागू कर दिया गया था जो कि स्व. जनरल बिपिन रावत द्वारा सुझाई गई टूर ऑफ ड्यूटी स्कीम, जिसमें अग्निवीरों की भर्ती की जाएगी तथा उनमें से 25 प्रतिशत को रेगुलर सेनाओं के जवानों में रख लिया जाएगा। वहीं बाकी 75 प्रतिशत को कुछ निश्चित राशि देकर 4 वर्षों की अवधि के उपरांत वापस घर भेज दिया जाएगा।

हालांकि विपक्षी पार्टियों में यह मुद्दा चर्चा में रहा और अब एनडीए के सहयोगी दलों के नेताओं ने समर्थन के साथ सरकार से इस नई

### अग्निवीर योजना पर पुनर्विचार अति आवश्यक

अग्निवीर योजना के पुनर्निरीक्षण की मांग उठाई है। इस नई स्कीम में अग्निवीर के बारे में संयुक्त मोर्चा ऑफ एक्स सर्विसमैन (जेसीओ एवं ओआर) के प्रदेश अध्यक्ष कैप्टन जगदीश वर्मा सेवानिवृत्त, महासचिव रमेश कुमार तपवाल, कोषाध्यक्ष सूबेदार मेजर रोशन लाल चौहान ने संयुक्त प्रेस बयान में इस स्कीम के बारे में कहा है कि अभी हाल ही की जानकारी से पता चला है की यूनिटों में जवानों की संख्या में इस स्कीम के चलते कमी आई है, जिससे कि सीमा पर एलएसी और एलओसी पर संचालन करना उतना आसान नहीं रहा है। जिस कारण इस स्कीम पर पुनर्विचार करना अति-आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का सहस्त्र सेनाओं की युद्ध क्षमता को कम करने की तरफ एक नकारात्मक कदम कहा जा सकता है। जिसके परिणाम आगे चलकर ठीक नहीं होंगे। (अनंत ज्ञान)

# नशा मुक्त अभियान में सभी विभाग और संस्थाएं दें योगदान : उपायुक्त

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

उपायुक्त अमरजीत सिंह ने सभी संबंधित विभागों, पंचायतीराज संस्थाओं और सामाजिक संगठनों से अपील की है कि वे जिला हमीरपुर में नशा मुक्त भारत अभियान 2.0 के तहत आयोजित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें तथा नशे की समस्या के उन्मूलन के लिए हरसंभव योगदान दें। नशा मुक्त भारत अभियान 2.0 के तहत गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने यह अपील की।

उपायुक्त ने बताया कि इस अभियान के तहत जिला हमीरपुर में कई गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, जिसके लिए एक व्यापक कार्य योजना तैयार की गई है। बैठक में इस कार्य योजना को अंतिम रूप दे दिया गया। जिला हमीरपुर को नशामुक्त बनाने के लिए पुलिस के साथ-साथ सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग आदि की भागीदारी भी बहुत महत्वपूर्ण है। इसलिए, नशा मुक्त भारत अभियान 2.0 की कार्य योजना में इन सभी विभागों एवं संस्थाओं से संबंधित गतिविधियों को शामिल किया जा रहा है।



जिला स्तरीय समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त अमरजीत सिंह।

अमरजीत सिंह ने कहा कि किन्हीं कारणों से नशे की चपेट में आए युवाओं के उपचार, पुनर्वास और उन्हें व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करने पर भी विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। ऐसे युवाओं को कौशल विकास निगम के माध्यम से प्रशिक्षित किया जा सकता है। बैठक में अभियान से संबंधित अन्य मुद्दों पर भी व्यापक चर्चा की गई। इस अवसर पर एसपी भगत सिंह, जिला कल्याण अधिकारी गीता मरवाहा, उच्चतर शिक्षा उपनिदेशक अनिल कौशल, प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक अशोक कुमार, आदि ने भी महत्वपूर्ण सुझाव रखे।

# करियर प्वाइंट विवि में प्रोफेसर पद के लिए मांगे आवेदन

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय में लॉ विभाग में प्रोफेसर का पद रिक्त है। इसके लिए विश्वविद्यालय ने प्रोफेसर पद के लिए आवेदन मांगे हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. संजय ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि लॉ विभाग में इस समय प्रोफेसर का पद रिक्त है। कॉलेज या विश्वविद्यालय का अनुभव वाला एसोसिएट प्रोफेसर या प्रोफेसर इस पद पर आवेदन कर सकता है। शैक्षणिक योग्यता यूजीसी/बीसीआई के गाइडलाइन के अनुसार होनी चाहिए। प्रोफेसर पद पर नियुक्त होने पर उन्हें प्रिंसीपल कम डीन का कार्यभार भी दिया जाएगा। इच्छुक उम्मीदवार विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर अप्लाई कर सकते हैं या रजिस्ट्रार ऑफिस में आकर भी आवेदन कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए रजिस्ट्रार ऑफिस में संपर्क कर सकते हैं। इस पद पर आवेदन फॉर्म भरने की लास्ट डेट 10 जुलाई है। (अनंत ज्ञान)

# 8 तक बिजली बिल जमा करवाएं उपभोक्ता

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल-1 हमीरपुर के अंतर्गत आने वाले गांव सलासी, अमरोह, झनियारी, खग्गल, दड़ूही, कुठेड़ा, चौकी, नाल्टी, बाड़ी, फरनोल, मसियाणा, डुढाणा, ब्राहलड़ी, धनेड़, बलौणी, खटवीं, गलोट और आसपास के गांवों के उपभोक्ताओं को बिजली के बिल जमा करवाने के लिए 8 जुलाई तक का समय दिया गया है। सहायक अभियंता सुनील कुमार ने कहा कि उपमंडल के जिन विद्युत उपभोक्ताओं ने अभी तक अपने बिलों का भुगतान नहीं किया है, वे इनका भुगतान 8 जुलाई से पहले उपमंडल कार्यालय के काउंटर पर या ऑनलाइन माध्यम से कर दें। उन्होंने बताया कि इस तिथि तक बिल जमा न करवाने वाले उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन पूर्व सूचना के बगैर ही काट दिए जाएंगे। सहायक अभियंता ने उपमंडल के सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

# बाबा बालक नाथ मंदिर में राशन की गड़बड़ी की रिपोर्ट 10 दिन में सौंपेगी कमेटी

**एसके ठाकुर, बिझड़ी**

दियोटसिद्ध स्थित बाबा बालक नाथ मंदिर में लंगर राशन स्टोर के गड़बड़झाले को लेकर न्यास प्रशासन हरकत में आया है। इस मामले में तीन सदस्यीय कमेटी गठित कर दी गई जो 10 दिनों के भीतर रिपोर्ट मंदिर के चेयरमैन को सौंपेगी।

काबिले गौर है कि बीते रोज स्टोर का आटा और चीनी का गड़बड़झाला यहां की सुर्खियां बना था, क्योंकि मंदिर के मुख्य गेट के साथ ही इस गड़बड़झाले को होते हुए देखा गया था। अब मंदिर न्यास ने स्टोर में तैनात जूनियर सहायक अजय कुमार को स्टोर से हटाकर उसकी जगह जूनियर सहायक रमेश चंद को नियुक्त किया गया है।

जांच कमेटी में बाबा बालक नाथ कॉलेज चकमोह के प्राचार्य अध्यक्ष बनाए गए हैं उनके अलावा चौकी प्रभारी दियोटसिद्ध और सहायक मंदिर अधिकारी को सदस्य बनाया गया है। गठित की गई यह समिति राशन स्टोर की भीतरी व्यवस्था की पूरी जानकारी इकट्ठी करेगी। स्टॉक रजिस्टर के साथ मौजूद राशन का मिलान किया जाएगा और इसी रिपोर्ट के आधार पर अगली कार्रवाई होगी। जिसे हटाया वह पहले भी एक अन्य मामले में मंदिर परिसर की व्यवस्था में खूब चर्चित रहा है।

इधर एसडीएम और मंदिर न्यास के चेयरमैन राजेंद्र गौतम ने कहा है कि कमेटी गठित कर दी गई है। रिपोर्ट आने पर सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इधर डीसी अमरजीत सिंह का कहना है कि व्यवस्थाओं में निश्चित सुधार किया जाएगा। स्टोर जैसी महत्वपूर्ण जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने अति-आवश्यक हैं। (अनंत ज्ञान)

# 15 तक ऑनलाइन करवाएं मक्की-धान का बीमा

## एक कनाल जमीन की फसल के लिए देना होगा 48 रुपए प्रीमियम

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

प्राकृतिक आपदा जैसे सूखा, बाढ़, जलभराव और ओलावृष्टि इत्यादि से फसलों को होने वाले नुक्सान की भरपाई के लिए आरंभ की गई फसल बीमा योजना का लाभ वर्तमान खरीफ मौसम के दौरान भी उठाया जा सकता है।

जिला हमीरपुर में इसी योजना के तहत वर्तमान खरीफ सीजन में मक्की और धान की फसल का बीमा किया जा रहा है। कृषि विभाग के उपनिदेशक डॉ. शशिपाल अत्री ने बताया कि इन फसलों के बीमे के लिए अंतिम तिथि 15 जुलाई निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि मक्की की फसल के लिए जिला हमीरपुर की सभी तहसीलें एवं उप तहसीलें अधिसूचित की गई हैं, जबकि धान की फसल के बीमे के लिए तीन तहसीलें हमीरपुर,



नादौन और भोरंज अधिसूचित की गई हैं। इस योजना से संबंधित अधिसूचना विभाग की वेबसाइट एचपी एग्रीकल्चर.कॉम पर भी उपलब्ध है।

उन्होंने बताया कि अधिसूचित तहसीलों व उपतहसीलों में मक्की व धान की फसल उगाने वाले बीमा करवा सकते हैं। किसान अपना फोटो पहचान पत्र, आधार कार्ड और अपनी भूमि के कागजात सहित बीमा कंपनी या नजदीकी लोक मित्र केंद्रों, बैंकों या ऑनलाइन के माध्यम से अपनी फसलों का बीमा करवा सकते हैं। सभी किसानों को वित्तीय संस्थाओं द्वारा स्वत: ही बीमित किया जाएगा।

उपनिदेशक ने बताया कि जिला हमीरपुर में वर्तमान खरीफ मौसम के लिए क्षेमा जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड को अधिसूचित किया गया है। मक्की और धान की फसल के बीमे के लिए 1200 रुपए प्रति हेक्टेयर यानी 48 रुपए प्रति कनाल प्रीमियम तय किया गया है। इसकी बीमित राशि 60 हजार रुपए प्रति हैक्टेयर होगी। (अनंत ज्ञान)

## दौरा

### व्यय पर्यवेक्षक बोले-उपचुनाव में अलग-अलग टीमें कर रही निगरानी

# स्टैटिक सर्विलांस टीम के नाके का किया निरीक्षण

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

विधानसभा क्षेत्र हमीरपुर के उपचुनाव के लिए कुछ ही दिन शेष हैं ऐसे में आदर्श आचार संहिता की अक्षरश: अनुपालना सुनिश्चित करने तथा उपचुनाव में धनबल के प्रयोग या अन्य संदिग्ध गतिविधियों को रोकने के लिए भारत निर्वाचन आयोग कड़ी नजर रख रहा है। इसके लिए अलग-अलग टीमें फील्ड में लगातार सक्रिय हैं और आयोग के पर्यवेक्षक भी स्वयं फील्ड में जाकर औचक निरीक्षण कर रहे हैं।

गौर रहे कि उपचुनाव के लिए 13 टीमें तैनात की हैं जो अपने-अपने क्षेत्र में कार्य कर रही हैं। जिला में 3 फलाइंग स्कायड टीम, 3 स्टेटिक सर्विलांस टीम, 3 वीडियो सर्विलांस टीम, 1 टीम वीडियो व्यूइंग टीम, अकाउंटिंग की 2 टीमें और असिस्टेंट एक्सपेंडीचर ऑबर्जबर की एक टीम तैनात है।

रात के समय भी गांड़ियों की चैकिंग की जा रही है जिसमें शराब या धनबल के प्रयोग को रोका जा सके। इसके अलावा



व्यय पर्यवेक्षक वरिष्ठ आईआरएस अधिकारी आनंद कुमार स्टैटिक सर्विलांस टीम को निर्देश देते हुए।

उपचुनाव के केंद्रीय पुलिस बल की 3 कंपनियां भी यहां पर पहुंच गई हैं। हालांकि, अभी तक इन टीमों को न तो शराब और न ही कैश बरामद हुआ है। मंगलवार को भारत निर्वाचन आयोग के व्यय पर्यवेक्षक वरिष्ठ आईआरएस अधिकारी आनंद कुमार ने डिडवीं टिक्कर के पास तैनात स्टैटिक सर्विलांस टीम (एसएसटी) के नाके का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने टीम के सभी सदस्यों को हर समय अलर्ट रहने तथा नाके से गुजरने वाले वाहनों की चेकिंग करने के निर्देश दिए। इसके अलावा अन्य जगहों पर भी टीमें निगरानी कर रही हैं। (अनंत ज्ञान)

### व्यय पर्यवेक्षक ने किया प्रत्याशियों के व्यय रजिस्टरों का निरीक्षण



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विधानसभा क्षेत्र 38-हमीरपुर के उपचुनाव के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा व्यय पर्यवेक्षक के रूप में तैनात वरिष्ठ आईआरएस अधिकारी आनंद कुमार ने मंगलवार को यहां हमीर भवन में विभिन्न उम्मीदवारों के व्यय रजिस्टरों का द्वितीय निरीक्षण किया। उन्होंने उम्मीदवारों के व्यय रजिस्टरों में दर्ज चुनाव प्रचार की विभिन्न गतिविधियों के खर्च से संबंधित एक-एक प्रविष्टि का मिलान सहायक व्यय पर्यवेक्षक एवं अकाउंटिंग टीम द्वारा तैयार किए गए शैडो रजिस्टर के साथ किया। व्यय पर्यवेक्षक ने उम्मीदवारों एवं उनके प्रतिनिधियों से कहा कि वे इन दोनों रजिस्टरों की प्रविष्टियों में अंतर को दुरुस्त करें। आनंद कुमार ने बताया कि उम्मीदवारों के चुनाव प्रचार के खर्च की निगरानी के लिए कम से कम तीन बार व्यय रजिस्टरों का निरीक्षण अनिवार्य है। इसी क्रम में 8 जुलाई को तीसरा निरीक्षण किया जाएगा।

# लोगों को औषधीय पौधों की दी जानकारी

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** प्रदेश के आयुष विभाग और स्टेट मेडिसनल प्लांट्स बोर्ड आज राष्ट्रीय अश्वगंधा अभियान लांच करने जा रहा है। इसके अलावा ऑस्टियोआर्थराइटिस और अन्य मस्कुलोस्केलेटल विकारों की रोकथाम और प्रबंधन के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम और बायो मित्र योजना का शुभारंभ करने जा रहा है। इस अवसर पर प्रदेश के आयुष मंत्री यादविंद्र गोमा मुख्यातिथि होंगे और आयुष विभाग के सचिव कदम संदीप वसंत भी उपस्थित रहेंगे। यह कार्यक्रम मंडी जिला के रिसर्च इंस्टीट्यूट जोगिंद्रनगर में आज आयोजित किया जाएगा। स्टेट मेडिसनल प्लांटस बोर्ड का कार्य औषधीय पौधों से संबंधित सभी मामलों जैसे कि औषधीय पौधों की खेती, संरक्षण, अनुसंधान और विकास और प्रचार का समन्वय करना है। इस दिशा में एसएमपीबी ने विभिन्न जागरूकता अभियान चलाए हैं, औषधीय पौधों के लिए नर्सरी स्थापित की हैं, हर्बल उद्यान स्थापित किए हैं। सभी पौधों में औषधीय गुण होते हैं, जिनमें से कुछ की खोज अभी बाकी है। जिला आयुष अधिकारी डॉ. देशराज वर्मा ने बताया अश्वगंधा की खेती करने और इसके औषधीय गुणों के बारे में भी लोगों को जानकारी दी जाएगी। (अनंत ज्ञान)

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

## NOTICE

I, No. 13771660N Rank Hav. Manohar Lal S/o Sh. Duni Chand R/o Vill. Sasan, P.O Bhareri, Teh. Bhoranj, Distt. Hamirpur (H.P) declares that in my Army records my daughter's name & DOB wrongly entered as Tanya & 28/08/2009. Whereas her correct name is Taniya & her correct DOB is 20/08/2009. Please Note.

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

## सूचना

**मैं परमजीत सिंह** सुपुत्र श्री धर्म सिंह गांव हालेड, डाकघर काहनपुर तहसील जसवां कोटला, जिला कांगड़ा (हि.प्र.) हाल निवासी राधास्वामी हस्पताल क्वाटर नंबर D-61 गांव व डाकघर अघार, तहसील व जिला हमीरपुर (हि.प्र) यह घोषणा करता हूं कि मेरी पुत्री कविता मेरे कहने से बाहर है। मेरे साथ कोई संपर्क नहीं है। अत: मैं उसे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उसके साथ लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। सभी संबंधित नोट करें।

## न्यूज ब्रीफ

### सुमित, सत्यम व शिवम का नेशनल बॉक्सिंग में हुआ चयन


सुमित और सत्यम सामूहिक चित्र में

**गुलेरिया, मंडी।** गोआ में इसी माह के अंत में होने वाली नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में मंडी के गुटकर निवासी सुमित जंबाल और उनके दो साथी खिलाड़ी सत्यम सकलानी और शिवम गुलेरिया का चयन हुआ है। सुमित ने हाल ही में दिल्ली में आयोजित हुई अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप में देश को सिल्वर मेडल दिलाया है। उनका चयन यहां से वर्ल्ड चैंपियनशिप तुर्की के लिये हुआ है। अब अगर इनके ये दो शिष्य मैडल लाते हैं तो इनका भी चयन अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए हो सकता है। सुमित युवाओं को निशुल्क कोचिंग भी देते हैं और स्वयं रेलवे पुलिस के लिए तैयारी कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### मंत्री यादविंद्र गोमा आज जोगिंद्रनगर प्रवास पर

**मंडी।** आयुष मंत्री यादविंद्र गोमा 3 जुलाई को मंडी जिला के जोगिंद्रनगर के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वह प्रातः 11 बजे जोगिंद्रनगर में राष्ट्रीय अश्वगंधा अभियान और ऑस्टियो आर्थराइटिस और अन्य मस्कुलोस्केलेटल विकार की रोकथाम और प्रबंधन के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम और वायु मित्र योजना का शुभारंभ करेंगे। इसके उपरांत राष्ट्रीय बी फार्मेसी कॉलेज जोगिंद्रनगर का निरीक्षण भी करेंगे।(अनंत ज्ञान)

### किसानों को नई तकनीकों से किया जागरूक

**उमेश, सुंदरनगर।** कृषि विज्ञान केंद्र मंडी स्थित सुंदरनगर में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के भारतीय गेहूं एवं जौ अनुसंधान संस्थान करनाल द्वारा कृषि पर एक दिवसीय जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर भारतीय गेहूं एवं जौ अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिक डॉ. सत्यवीर सिंह, ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम न केवल किसानों की उत्पादकता बढ़ाने में सहायक होते हैं, बल्कि उन्हें कृषि के क्षेत्र में नवीनतम जानकारी भी प्रदान करते हैं। किसानों को इन तकनीकों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए ताकि वह अपनी फसलों की गुणवत्ता और उत्पादन दोनों को बढ़ा सकें। प्रशिक्षण में विभिन्न सत्र आयोजित किए गए, जिसमें विशेषज्ञों ने किसानों को नई तकनीकों के उपयोग और उनके लाभों के बारे में जानकारी दी। डॉ. सत्यवीर ने भारतीय संदर्भ में कृषि के महत्व पर जोर दिया और किसानों को समय-समय पर कृषि विज्ञान केंद्र से वैज्ञानिक सहायता लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने इस कार्यक्रम के आयोजन का अवसर देने के लिए भारतीय गेहूं एवं जौ अनुसंधान संस्थान करनाल के निदेशक डॉ. रचान तिवारी का धन्यवाद किया। डॉ. अनिल खिप्पल ने प्राकृतिक खेती, धान की खेती, और खरपतवार प्रबंधन पर किसानों द्वारा उठाए गए विभिन्न सवालों का जवाब दिया। डॉ. चारुलता ने किसानों को मोटे अनाज की खेती और महत्व के बारे में बताया। डॉ. जयंत ने कृषि क्षेत्र में हुई नवीनतम प्रगति के बारे में जानकारी दी।(अनंत ज्ञान)

### विधानसभा अध्यक्ष ने चुवाड़ी में की विकास कार्यों की समीक्षा

# समय पर पूरे हों विकास कार्य : पठानिया

**एमएम डैनियल, चंबा**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि पंचायत राज संस्थाओं के जनप्रतिनिधि अपने क्षेत्रों में विकास कार्यों में सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए उन्हें न्यूनतम समय अवधि में पूरा करना सुनिश्चित करें, ताकि सही समय पर क्षेत्र वासियों को इन का लाभ प्राप्त हो सके।

कुलदीप पठानिया 2 जुलाई को खंड विकास अधिकारी कार्यालय परिसर चुवाड़ी के सभागार में क्षेत्र की ग्राम पंचायतों के प्रधानों, उप प्रधानों व पंचायत सचिवों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा के उपरांत उपस्थित जन प्रतिनिधियों को संबोधित कर रहे थें।

उन्होंने कहा कि पंचायत जन प्रतिनिधि मनरेगा से संबंधित विकास कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दें तथा विकास कार्यों को पूरा करते हुए स्थानीय मनरेगा मजदूरों को रोजगार के ज्यादा से ज्यादा अवसर प्रदान करें। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं है तथा जनप्रतिनिधि जन अपेक्षाओं व आवश्यकताओं के अनुरूप इमानदारी के साथ कार्य करें।

इसके अतिरिक्त ऐसे कार्य जो लंबे समय से लंबित हैं तथा अभी भी आरंभ नहीं किए जा सकते हैं उनके लिए आवंटित धनराशि को अन्यत्र खर्च किया जाए।



जन प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कुलदीप सिंह पठानिया व अन्य।

कुलदीप सिंह पठानिया ने बताया कि विकास खंड भटियात की ग्राम पंचायत हटली, थुलेल, गोला, बलाना, ककरोटी, काथला, धुलारा, मोतला, रजै, गरनोटा, छलाडा, सिहुंता, कामला, खरगट, टिक्करी, जोलना, मोरठू, सुरपडा, समोट तथा टुंडी सहित 20 ग्राम पंचायतों में मनरेगा के तहत 16 करोड़ 84 लाख 96 हजार 220 रुपए खर्च किए जा रहे हैं। जबकि प्लानिंग हैड में क्षेत्र की 13 ग्राम पंचायतों में 1 करोड़ 87 लाख 97 हजार 800 रुपए खर्च किए जा रहे हैं।

विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि मनरेगा के तहत ग्राम पंचायत बलाना में 27 विकास कार्यों के लिए 76,59722 रुपए, ग्राम पंचायत छलाड़ा में 55 विकास कार्यों के लिए 1,38,76152 रुपए, ग्राम पंचायत धुलारा में 39 विकास कार्यों के लिए 1,54,57,115 रुपए, ग्राम पंचायत गोला में 46 विकास कार्यों के लिए 72,76,392 रुपए, ग्राम पंचायत गरनोटा में 38 विकास कार्यों के लिए 1,0238,747 रुपए, ग्राम पंचायत हटली में 28 विकास कार्यों के लिए 64,77,986 रुपए खर्च होंगे। वहीं ग्राम पंचायत जोलना में 31 विकास कार्यों के लिए 57,95,592 रुपए, ग्राम पंचायत खरगट में 51 विकास कार्यों के लिए 88,50,174 रुपए, ग्राम पंचायत कामला में 36 विकास कार्यों के लिए 87,08,615 रुपए, ग्राम पंचायत ककरोटी में 41 विकास कार्यों के लिए 78,87,891 रुपए, ग्राम पंचायत काथला में 17 विकास कार्यों के लिए 31,41,893 रुपए, ग्राम पंचायत मोरठू में 10 विकास कार्यों के लिए विकास कार्यों के लिए 31,31,779 रुपए, ग्राम पंचायत समोट में 36 विकास कार्यों के लिए 1,17,82,905 रुपए, ग्राम पंचायत सिंहुता में 49 विकास कार्यों के लिए 1,22,31,179 रुपए, ग्राम पंचायत सुरपडा में 25 विकास कार्यों के लिए 67,08,610 रुपए, ग्राम पंचायत थुलेल में 20 विकास कार्यों के लिए 41,81,554 रुपए, ग्राम पंचायत गरनोटा में 3, ग्राम पंचायत हटली में 4, ग्राम पंचायत जोलना में 2, ग्राम पंचायत ककरोटी 6, ग्राम पंचायत मोतला में 7, ग्राम पंचायत समोट में 8, ग्राम पंचायत सिंहुता में 11, ग्राम पंचायत थुलेल में 1, ग्राम पंचायत टिकरी में 3 तथा ग्राम पंचायत टुंडी में 5 विकास कार्य स्वीकृत किए गए हैं।

पठानिया ने बताया कि प्लानिंग हैड में विकासखंड की 13 ग्राम पंचायत में क्षेत्रीय विकास निधि योजना के तहत 82 लाख 79 हजार रुपए, प्राकृतिक आपदा राहत के तहत 48 लाख 46 हजार 800 रुपए ,उप विकास योजना के तहत 42 लाख 51 हजार रुपए, विकास में जन सहयोग के तहत 30 लाख रुपए तथा पिछड़ा क्षेत्र अप योजना के तहत 3 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। (अनंत ज्ञान)

# आपदाओं से निपटने के लिए सक्षम है ड्रोन : डीसी

**एमएम डैनियल, चंबा**

जिला के चुनौतीपूर्ण मौसम की स्थिति और सीमित पहुंच के कारण जिला की आपदाओं के प्रति उच्च संवेदनशीलता को देखते हुए बाल रक्षा भारत ने आज 20 किलोग्राम तक वजन वाली आवश्यक सामग्रियों को ले जाने सक्षम ड्रोन को उपायुक्त कार्यालय के कक्ष में उपायुक्त व अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की अध्यक्षता में जिला प्रशासन को हस्तांतरण किया।

इस कार्य के लिए उपायुक्त व अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण चम्बा ने बाल रक्षा भारत और जी एंटरटेनमिंटन और एंटरप्राइजिंग लिमिटेड का आभार जताया। उन्होंने कहा कि बाल रक्षा भारत जिसे सेव द चिल्ड्रन भी कहा जाता है ने आज जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को एक ड्रोन प्रदान किया है। यह ड्रोन निगरानी और परिवहन क्षमता रखता है जो बाढ़ भूस्खलन से कटे हुए क्षेत्रों में 20 किलोग्राम तक अवश्य आपूर्ति पहुंचने में सक्षम है।

उन्होंने कहा कि आपात स्थितियों के दौरान दूरदराज के क्षेत्रों में आवश्यक आपूर्ति पहुंचने की चुनौती के समाधान करने को लेकर एसडीएमए के द्वारा इसे खरीदा गया है और जिला चंबा की विकेट भौगोलिक स्थिति को देखकर इसे जिला चंबा में स्थापित किया गया जिसकी आज आधिकारिक तौर पर जिला चंबा में सफल लांचिंग की गई।

उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल ने जिला के ऐतिहासिक चौगान में बाल रक्षा भारत के द्वारा प्रदान किए गए ड्रोन की विधिवत लांचिंग की। इस दौरान ड्रोन को चौगन से सुल्तानपुर हेलीपैड तक आवश्यक सामग्री के साथ उड़ाया गया और वापिस चौगान तक लाया गया।

इस अवसर पर मुख्य अरण्यपाल अभिलाष दामोदरन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवानी मैहला, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मैंहरा, एसडीएम अरुण शर्मा, सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।(अनंत ज्ञान)


ड्रोन की लांचिंग करते प्रशासनिक अधिकारी।

# जरूरतमंदों को दिलाएंगे रोजगार : अमर सिंह

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**

रोटरी क्लब जोगिंद्रनगर के नवनियुक्त अध्यक्ष अमर सिंह जसवाल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा व स्वास्थ्य के प्रोजेक्टों को धरातल में उतारने के साथ-साथ जरूरतमंद परिवारों को रोजगार दिलाने के प्रयास भी किए जाएंगे। सरकारी अस्पतालों में प्रस्तावित स्वास्थ्य शिविरों में अधिक से अधिक मरीजों को लाभान्वित करने के अलावा शैक्षणिक संस्थानों में शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों को रोटरी की महत्वाकांक्षी योजनाओं से लाभान्वित भी टीम के सहयोग से किया जाएगा।


बैठक की अध्यक्षता करते अध्यक्ष अमर सिंह, सचिव सुशील एवं उपस्थित रोटेरियन।

रोटरी क्लब जोगिंद्रनगर के अध्यक्ष अमर सिंह जसवाल, सचिव सुशील राठौर ने बताया कि 6 जुलाई को धर्मपूर को आंख की गंभीर बीमारियों से जरूरतमंद लोगों को राहत प्रदान करने के लिए शिविर भी रोटरी के तत्वाधान से लगाया जाएगा। 11 जुलाई को रोटरी के 2025-26 के जिला गवर्नर रोहित ओबेरॉय के निरीक्षण के दौरान स्थानीय रोटरी क्लब की प्राथमिकताओं को अवगत करवाकर बजट की मांग की जाएगी।

रोटरी क्लब के नवनियुक्त सचिव सुशील कुमार पठानिया ने बताया कि 22 जुलाई को पौधारोपण अभियान का भी आगाज किया जाएगा। इस दौरान बैठक में अजय ठाकुर, एनआर बरवाल, मेजर जीसी बरवाल, रामलाल वालिया, राज ठाकुर, रणजीत सिंह चौहान आदि ने उपस्थिति दर्ज करवाई। नए सत्र के शुभारंभ पर अस्पताल में दाखिल मरीजों और तीमारदारों को भोजन खिलाया।

# अधिकारी कौशल विकास के संस्थानों की करें निगरानी

**एमएम डैनियल, चंबा**

कौशल विकास निगम की जिला स्तरीय समिति की बैठक उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने संबंधित विभाग के सभी अधिकारियों को कौशल विकास को लेकर विशेष कार्य योजना तैयार करने तथा आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए । उन्होंने कहा कि चूँकि चंबा एक आकांक्षी जिला है कौशल विकास योजना आकांक्षी जिले का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है जिसके माध्यम से युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध बनाए जाते हैं। इसलिए इस कौशल विकास योजना के संदर्भ में विशेष कार्य करने की जरूरत है।

उपायुक्त रेपसवाल ने कहा कि जिला कौशल विकास को विशेष गति प्रदान करने की जरूरत है जो सभी संबंधित विभाग के प्रयासों से ही संभव हो पाएगा। उन्होंने कहा कि जिला में कौशल विकास भत्ता योजना-2013 के तहत जिला में 26 निजी संस्थान पंजीकृत है जो जिला स्तरीय कमेटी से अधिकृत है। उन्होंने कहां कि जिला में उपमंडल स्तर पर 2024 में कौशल विकास भत्ता योजना के तहत 7 नये संस्थानों को पंजीकृत करने की मान्यता प्रदान की गई है । उपायुक्त ने जिला में युवाओं के लिये कौशल विकास के दृष्टिगत खोले गए सभी निजी संस्थानों में स्थापित की गई मशीनों या उपकरणों पर दो या तीन लाभार्थी एक साथ ना बैठाएं। जबकि सिर्फ एक समय में एक ही लाभार्थी को प्रशिक्षण देना सुनिश्चित बनाया जाए।

उन्होंने सभी विभागीय अधिकारी को यह दिशा निर्देश दिए कि कौशल विकास भत्ता योजना के तहत जिला स्तरीय समिति से अधिकृत संस्थाओं की निगरानी और समय समय पर निरीक्षण करने को कहा। बैठक में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मैहरा, एसडीएम भटियात पारस अग्रवाल, उपनिदेशक उद्यान विभाग चंबा डॉ. प्रमोद शाह, जिला रोजगार अधिकारी अरविंद सिंह चौहान, जिला समन्वयक दीपक शर्मा व तनु सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# नए कानून न्याय के नाम पर कागजी कसरत ही साबित होंगे : बीआर कौंडल

**अनिल शर्मा, मंडी**

नए आपराधिक कानून पहली जुलाई से लागू हो गए हैं। इसे लेकर कई तरह की टिप्पणियां आ रही हैं। इस बारे में पूर्व प्रशासनिक अधिकारी एवं एडवोकेट बीआर कौंडल ने कहा कि नवीन अपराधिक कानून एक जुलाई से लागू हो गए हैं, लेकिन मूलभूत ढांचा अभी पुराना ही है। वास्तव में किताबों में कानून बदल कर न्याय नहीं मिलता।

धरातल पर उस को अमली जामा पहनाने के लिए मूलभूत सुविधा उपलब्ध करवानी जरूरी होती है। आज भी बहुत से ऐसे कानून बने पड़े हैं, जिनमें समयबद्ध फैसला सुनाने का प्रावधान है। बीआर कौंडल ने बताया कि जब तक निचले स्तर पर जजों की संख्या में वृद्धि, उनके स्टाफ की संख्या में इजाफा और कार्यालय में मूलभूत तकनीकी सहयोग उपलब्ध नहीं करवाई जाती, तब तक नए कानून न्याय के नाम पर कागजी कसरत ही साबित होंगे।

हालांकि पूराने चले मुकदमें अगले कई सालों तक पुराने कानून के तहत ही चलते रहेंगे जब कि नएं मुकद्दमें नए कानून के अंतर्गत चलेंगे। कौंडल ने बताया कि कानून की किताबों में लिखा है कि राजस्व न्यायालय में अपील ज्यादा से ज्यादा छह महीने में निपटानी होगी, लेकिन स्थिति यह है कि हिमाचल के वित्तायुक्त के पास 2016 की फाइल की गई अपील आज भी न्याय की राह ताक रही है।

# आर्ट ऑफ लिविंग ने लोगों को सिखाई सुदर्शन क्रिया

**एमएम डैनियल, चंबा**

आर्ट ऑफ लिविंग की ओर से चंबा शहर स्थित सीता राम मंदिर परिसर में तीन दिवसीय हैप्पीनेस प्रोग्राम का आयोजन किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम के तहत सुबह साढ़े छह बजे से साढ़े आठ बजे तक शिविर में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित की गईं। वहीं, शाम के समय भी विभिन्न गतिविधियां हुईं। इसमें जिलाभर से करीब 60 लोगों ने भाग लिया।

हैप्पीनेस प्रोग्राम में भाग लेने वाले लोगों को प्रशिक्षकों की ओर से सुदर्शन क्रिया, योगाभ्यास, ध्यान सहित अन्य योगाभ्यास करवाए गए। हैप्पीनेस प्रोग्राम के सफल आयोजन को लेकर प्रशिक्षक हेमंत पुरी, डॉ. काजल, डॉ. हरीश तथा डॉ. अदिती ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। युवा राजेश ने बताया कि तीन दिवसीय कार्यक्रम से मेरे जीवन में बदलाव आया है। इसका काफी लाभ मिला है। आर्ट आफ लिविंग को सभी लोग समझें। मगनदीप ने बताया कि इस कोर्स में भाग लेने से काफी बदलाव आया है। वहीं, जिला परिषद अध्यक्ष डॉ. नीलम ने बताया कि तीन दिनों में जो अनुभव हुआ, उसे शब्दों में ब्यां नहीं किया जा सकता। मन को शांति मिली है। इतनी खुशी पहले कभी महसूस नहीं हुई।


हैप्पीनेस प्रोग्राम के दौरान मौजूद गण्यमान्य लोग।

वहीं, सोमिल, दलीप, गरिमा, अनुज व हर्ष ने भी अपने अनुभव साझा किए। आर्ट ऑफ लिविंग के मीडिया प्रबंधक मनुज शर्मा ने बताया कि उक्त क्रियाएं पर लोगों को चिंता का स्तर कम करने में मदद मिलती है, नींद अच्छी आती है। इसके अलावा तनाव कम होता है तथा अपनी भीतरी एनर्जी को सही दिशा मिलती है। इसके साथ ही कई अन्य तरह के लाभ प्राप्त होते हैं। आज की व्यस्त और विचलित करने वाली दुनिया में मन अतीत और भविष्य में उलझा हुआ है। लेकिन खुशी यहीं और अभी है। जब कोई कल के बारे में पछताता है या कल के बारे में चिंता करता है तो उसे अनुभव नहीं किया जा सकता।

आर्ट ऑफ लिविंग कोर्स के दौरान आप अपनी असीमित शक्ति और स्वतंत्रता की खोज करते हैं। हैप्पीनेस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सुदर्शन क्रिया है, जो एक शक्तिशाली श्वास तकनीक है। यह गहरे स्तर पर तनाव को दूर करने के लिए श्वास की विशिष्ट, प्राकृतिक लय का उपयोग करती है तथा मन, शरीर और हृदय को संतुलित और एकीकृत करती है। (अनंत ज्ञान)

# चंबा से जम्मू के डोडा तक एचआरटीसी बस सेवा आरंभ

**एमएम डैनियल, चंबा**

जिला चंबा से पड़ोसी राज्य जेएंडके के डोडा तक हिमाचल पथ परिवहन निगम के चंबा डिपो की सरकारी बस मंगलवार से आरंभ हो गई। जिसे डलहौजी विस क्षेत्र पूर्व विधायक आशा कुमारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर निगम चंबा डिपो क्षेत्रीय प्रबंधक शुगल सिंह ने स्टाफ सहित अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

इस अवसर पर डलहौजी विस क्षेत्र पूर्व विधायक आशा कुमारी ने कहा कि जिला चंबा से डोडा के लिए चलने वाली 37 सीटर सरकारी बस का चंबा से डोडा वाया पद्धरी जोत भद्रवाह तक जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकारी बस सेवा



शुरू होने से दो राज्यों के लोगों को आवाजाही करने के लिए अब वाया हिमाचल वाया पंजाब होकर नहीं जाना पड़ेगा। उधर एचआरटीसी चंबा डिपो आरएम शुगल सिंह ने बताया कि चंबा से डोडा वाया पद्धरी जोत भद्रवाह के लिए सरकारी बस सेवा को आरंभ किया गया है। बस सेवा आरंभ होने से दोनों राज्यों के लोगों को लाभ मिलेगा। (अनंत ज्ञान)

## सूडोकु 00114 (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | | 1 | | | |
| 5 | 4 | | | 6 | 8 | | 1 | 3 |
| | | 1 | | 7 | | 9 | 5 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 3 | | 4 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 1 | | 4 | 9 | | 2 | 3 | |
| | 3 | 4 | | 1 | | 8 | | |
| 7 | 5 | | 8 | 3 | | | 2 | 4 |
| | | | 6 | | | | 7 | 9 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

## सूडोकु 00113 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 2 | 3 | 4 | 1 | 7 | 5 | 8 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 7 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 4 | 9 |
| 3 | 2 | 1 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 |
| 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 4 |

### तबाही की कगार पर भलाड़ा पंचायत के गांव

**दशमी रावत, रोहड़ू।** धारा-भलाड़ा-मलखून सड़क की ड्रेन नाली व कलवट का कार्य अभी तक शुरू नहीं हो पाया है, जिससे भलाड़ा ग्राम पंचायत के दर्जनों मकान खतरे की जद्द में आ गए हैं। ड्रेन नाली नहीं होने से बरसात का सारा पानी सड़क से लोंगों के खेतों, बगीचों व मकानों में घुस जाता है। लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता परवेश ने बताया कि लोग सड़क पर कलवट डालने नहीं दे रहे है। ड्रेन नाली का कार्य शुरू किया जाएगा।

# नहीं लगा रावी नदी में लापता महिला का सुराग

**एमएम डैनियल, चंबा**

वन विभाग मंजरी गार्डन चंबा के समीप रावी नदी में छंलाग लगाने के बाद लापता हुई महिला का तीन दिनों बाद भी कोई सुराग नहीं लग पाया है। हालांकि लापता महिला की तलाश के लिए जिला प्रशासन व पुलिस द्वारा गोताखोरों के दल को बुला कर सर्च ऑपरेशन तक शुरू किया गया है। लेकिन दो दिनों से लापता महिला की खोज में जुटे गोताखोरों के दल को भी कोई सफलता हाथ नहीं लगी है। गोताखोरों द्वारा मंजरी गार्डन से लेकर रावी नदी के क ई तटों को खंगाला गया। वहीं इन दिनों रावी नदी के बढ़े जलस्तर सर्च ऑपरेशन में काफी मुश्किल डाल रहा है। जिसकी एक वजह नदी का प्रवाह बढ़ने सहित नदी में गाद का बहना है।

वहीं इससे पूर्व पुलिस की टीम ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर रावी किनारे महिला की तलाश की। जिसमें पुलिस को घटनास्थल से चप्पलें बरामद हुई हैं। घटनास्थल से बरामद हुईं महिला की चप्पलेंबताया जा रहा है कि रावी में कूदने से पहले उसने चप्पलें उतार दी थी। महिला के बारे में रावी के पास से गुजर रहे लोगों ने इस बारे में पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस ने महिला के बारे में जांच शुरू कर दी है। महिला कौन है इस बारे में भी अभी तक जानकारी नहीं है।

उधर डीएसपी प्रोबेशनर मयंक शर्मा ने बताया कि रावी में लापता महिला के बारे में तलाश की जा रही है। जिसमें पुलिस व गोताखोर दल संयुक्त रूप से सर्च ऑपरेशन को अंजाम दें रहें हैं। (अनंत ज्ञान)

### टेस्ट व वाहनों की पासिंग का शेड्यूल जारी

**एमएम डैनियल, चंबा।** परिवहन प्राधिकरण चंबा द्वारा जुलाई माह में आयोजित होने वाले ड्राइविंग टेस्ट और वाहनों की पासिंग का शैड्यूल जारी कर दिया गया है।

आरटीओ चंबा राम प्रसाद ने बताया कि शेड्यूल के अनुसार 5 व 25 जुलाई को आरटीओ चंबा के आवेदनकर्ताओं के लिए ड्राइविंग टेस्ट का आयोजन किया जाएगा। जबकि 9 जुलाई को (आरएलए) चंबा, 4 जुलाई को तीसा, 11 जुलाई सलूणी, 10 जुलाई भरमौर, 8 जुलाई चुवाड़ी, 2 जुलाई बनीखेत व 26 जुलाई आरएलए डल्हौजी के आवेदनकताओं के ड्राइविंग टेस्ट लिए जाएंगे। वाहनों की पासिंग के लिए 3, 12 व 24 जुलाई को पासिंग का आयोजन किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

3 जुलाई, 2024, बुधवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** ज्येष्ठ, **तिथि** द्वादशीः (7:12) : **नक्षत्र :** रोहिणी (4:07), **पक्ष :** कृष्ण, **योगः** शूल (9:00) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (कोई नहीं), **राहुकाल** (12:25 - 2:09 ।

**विशेष दिन**

- 3 जुलाई 2024 : जैन समुदाय आज रखेगा रोहिणी व्रत।
- 3 जुलाई 2024 : प्रदोष व्रत आज।

**मेषः** जो भी करें, दिल से करें। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। लोगों से प्रोत्साहन मिलेगा। पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे। मित्रों के साथ समय व्यतीत होगा।

**वृषभः** कार्यस्थल पर जो लोग आप को पसंद नहीं करते थे, वे आप के कार्यों की तारीफ करेंगे। कार्य पूर्ण करने के लिए किसी की मदद लेना होगी।

**मिथुनः** तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। बेहतर होगा कहीं घूमने चले जायें। आपके अपनों को आप की जरूरत है। मौज- मस्ती पर खर्च होगा। पिता के व्यवहार में परिवर्तन से चिंतित रहेंगे।

**कर्कः** अकारण किसी विवाद में फंस सकते हैं। मानसिकता को बदलने की बेहत जरूरत है। उन्नति में बाधा आयेगी। कोई खुशखबरी सुन सकते हैं।

**सिंहः** नौकरी बदलने का मन बना चुके हैं। किसी की सिफारिश से कार्य हो सकता है। संचित धन का निवेश लाभप्रद रहेगा।संतान सुख की प्राप्ति संभव है।

**कन्याः** दिन की शुरुआत में मन उदास रहेगा। किसी विषय को समझने की जिज्ञासा रहेगी। अपने अधीनस्थों के किए कार्यों की सराहना करें, लाभ होगा।

**तुलाः** विवादित मामलों में विजय प्राप्त होगी। कुछ नया सीखने को मिलेगा। जिंदगी से जुड़ी निजी बातें आज सामने आ सकती है। नौकरी में उत्साह की कमी रहेगी।

**वृश्चिकः** प्रतियोगिता में सफल होंगे। जीवनसाथी के साथ मतभेद संभव हैं। अपने कार्य के प्रति ईमानदार रहें। मनचाहा जवाब न मिलने से निराश रहेंगे।

**धनु :** नकारात्मक सोच से निराशा मिलेगी। स्वयं अपने आप पर से नियंत्रण खो देंगे। मित्रों से मतभेद हो सकते हैं। कार्यस्थल पर जन हानि के योग हैं।

**मकरः** अपने प्रोफेशन से आप न खुश हैं, समय के साथ स्थिति आप के अनुकूल बनेगी। जीवनसाथी का व्यवहार मनोबल बढ़ायेगा। कर्ज लेने की स्थिति निर्मित हो सकती है।

**कुंभः** जरूरतमंद लोगों की मदद करें। मांगलिक कार्यक्रमों की रूपरेखा बनेगी। राजनेतिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे। पैसों का लेन-देन संभव है।

**मीनः** घरेलू कार्यों में व्यस्त रहेंगे। विद्यार्थी परिणामों को लेकर चिंतित रहेंगे। मेहमानों का आगमान हो सकता है। जमीन जायदाद के मसले निपटेंगे।

### एमबीबीएस का दाखिला दिलाने के नाम पर 19 लाख रुपए की ठगी का मामला

# आरोपी महिला से पुलिस नहीं कर पाई 12 लाख की रिकवरी

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर**

उपमंडल सुंदरनगर में एमबीबीएस में बेटी को दाखिला के दिलाने के नाम पर पिता से हुई 19 लाख रुपए की ठगी के मामले में आरोपी महिला का 9 दिन तक पुलिस रिमांड मिलने के बावजूद धनोटू पुलिस के हाथ खाली हैं।

मंगलवार को पुलिस ने आरोपी महिला पारूल शर्मा का 4 दिन का पुलिस रिमांड खत्म होने पर न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी कोर्ट नंबर-2 के समक्ष पेश किया गया। जहां से अदालत ने आरोपी महिला को सशर्त जमानत पर रिहा किया है। इससे पूर्व आरोपी महिला को अदालत ने 24 जून को 5 दिन और 28 जून से 2 जुलाई तक 4 दिन का पुलिस रिमांड दिया था। लेकिन अभी तक पुलिस आरोपी महिला से 12 लाख रुपए की रिक्वरी नहीं कर पाई है। इसके अलावा मामले में पुलिस जम्मू-कश्मीर के रहने वाले वकार मंजूर वानी की प्रत्यक्ष संलिप्ता पाए जाने के बावजूद भी उसका ठिकाना ढूंढ नहीं पाई है। पुलिस रिमांड के दौरान दिल्ली की रहने वाली आरोपी महिला द्वारा शिकायतकर्ता से प्राप्त की गई धनराशि की वर्तमान स्थिति नहीं बताई गई है। बेशक मामले में पुलिस ने आरोपियों की नीट मामले में भी संलिप्ता होने का अंदेशा जताया गया था। (अनंत ज्ञान)

### इस प्रकार हुआ लेनदेन

अनंत ज्ञान फॉलोअप

एमबीबीएस में अपनी बेटी को दाखिला दिलाने के लिए शिकायतकर्ता सुनील कुमार ने 18-12-2021 को आरोपी पारूल शर्मा द्वारा संचालित स्टडी सेवन सीज के खाते में अपने दोस्त विनोद कुमार के खाते से 2 लाख रुपए जमा कराए थे। शिकायतकर्ता अनुसार पारूल शर्मा के कहने पर ही उसने अपने खाते से 23 मार्च 2022 को एक लाख, 5 अप्रैल 2022 को विनोद कुमार के खाते से श्रीनगर के किसी अनदान शाह के खाते में 2 लाख, 8 अप्रैल 2022 को स्टडी सेवन सीज के खाते 9 लाख और 10 अप्रैल 2022 को विनोद कुमार ने 5 लाख रुपए श्रीनगर के वकार मंजूर वानी के खाते में ट्रांसफर किए थे।

### मोबाइल फोन की होगी जांच : डीएसपी

**डीएसपी** सुंदरनगर भारत भूषण ने कहा कि आरोपी महिला को पुलिस रिमांड समाप्त होने के बाद मंगलवार को अदालत के समक्ष पेश किया गया था। पुलिस द्वारा मामले से जुड़ा रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है और आगामी जांच जारी है।आरोपी द्वारा उपयोग में लाए गए मोबाइल फोन को कब्जे में लेकर जांच के लिए भेजा जा रहा है।

अनंत ज्ञान

क्लासीफाइड

विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

### सूचना

**मैं, शुक्रू राम** (41) पुत्र गुलाबा राम निवासी गांव कंदार, डाकघर खुराहल, तहसील सुंदरनगर, जिला मंडी हि.प्र. घोषणा करता हूं कि मैंने अपना नाम शुक्रू राम से बदलकर सूरज सिंह ठाकुर कर लिया है। सभी संबंधित नोट करें।

**जो** लोग धारणाओं और विचारों से चिपके रहते हैं, वे लोगों को अपमानित करते हैं। –**महात्मा बुद्ध**

## संपादकीय

# हाथरस की भगदड़ से सबक

उत्तर प्रदेश के हाथरस में भगदड़ मचने से घटित हुई हृदयविदारक घटना से हर किसी का मन द्रवित हो उठा है। भोले बाबा का सत्संग सुनने गए लोगों का बेमौत मारा जाना कई सवालिया निशान छोड़ गया है। सत्संग के कार्यक्रम में जगह कम थी, लेकिन भीड़ बहुत ज्यादा हो गई थी, जिसकी वजह से कई लोगों का दम घुट गया और भगदड़ मच गई। इसी वजह से कई लोगों की मौत हो गई। देश में कई जगह भगदड़ मचने से लोग असमय अकाल मृत्यु का शिकार हो जाते हैं, लेकिन इन भगदड़ों से कोई सबक नहीं लिया जाता। मंदिरों और धार्मिक सभाओं तथा सत्संगों में भगदड़ आखिर क्यों हो जाती है? यह ऐसा सवाल है जिसका जवाब ढूंढना मुश्किल है। जब भी किसी बड़े आयोजन में कोई ऐसी घटना होती है तो उसका कसूरवार तो एक व्यक्ति ही होता है, लेकिन भीड़ की वजह से उसकी पहचान नहीं हो पाती और कई बार तो गलती करने वाले की मौत ही हो जाती है।

गलती कोई एक करता है और उसकी देखादेखी में दूसरे भी वही गलती दोहराते हैं तथा भागना शुरू कर देते हैं। निकलने की जगह कम होती है और भागने वाले ज्यादा होते हैं। ऐसे में भगदड़ मौत का कारण बन जाती है। दरअसल, भगदड़ एक जानलेवा और खतरनाक स्थिति है जो तब पैदा होती है, जब भीड़ एक ही समय में एक ही दिशा में आगे बढ़ते हुए, एक स्थान की क्षमता से ज्यादा बढ़ जाती है। भगदड़ के दौरान, लोग एक-दूसरे के ऊपर या एक-दूसरे से टकरा जाते हैं। जो नीचे गिरता जाता है, वह मारा जाता है या गंभीर रूप से घायल हो जाता है। जहां बड़े आयोजन होते हैं, उस जगह भीड़ प्रबंधन का महत्व भी उतना ज्यादा बढ़ जाता है। भीड़ को कैसे कंट्रोल करना है, उसकी एंट्री और निकासी कैसे होनी है, ये सब चीजें पहले ही बारीकी से देख लेनी चाहिएं।

यदि बड़ी भीड़ का प्रभावी प्रबंधन हो तो संभवत: भगदड़ और अराजकता को रोका जा सकता है। सुरक्षा उपायों की आवश्यकता भी ऐसे आयोजनों में लाजिमी है। आपातकालीन निकास और उचित बुनियादी ढांचे जैसे पर्याप्त सुरक्षा उपायों को सुनिश्चित करने से लोगों की जान बचाई जा सकती है। भावनात्मक नियंत्रण अलग तरह की परिस्थिति पैदा करती है। भीड़ भरी परिस्थितियों में भावनाओं को प्रबंधित करना और घबराहट से बचना महत्वपूर्ण होता है, लेकिन इसमें समय की कमी आड़े आ जाती है। भगदड़ मचने पर लोगों के पास इतना समय नहीं होता कि वे किसी की भावनाओं को समझें और आगे बढ़ने से रुकें। सामुदायिक जिम्मेदारी भीड़ को नियंत्रित करने में अहम भूमिका निभा सकती है। समुदाय की भावना और आपसी सहयोग को प्रोत्साहित करने से संघर्षों को रोकने और सद्भाव को बढ़ावा देने में मदद मिल सकती है। ऐसे मामलों में टीम वर्क से अगर काम किया जाए तो नुकसान ज्यादा नहीं हो सकता। नुकसान को घटाया जा सकता है।

धार्मिक नेताओं की भूमिका को भी कभी गौण नहीं मानना चाहिए। धार्मिक नेता भक्तों के बीच शांति, स्थिरता और जिम्मेदार व्यवहार को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। ऐसा नहीं है कि धार्मिक नेता अपनी जिम्मेदारियों से भागते हैं, लेकिन उन्हें भगदड़ वाले पहलू पर गंभीरता से चिंतत मनन करते रहना चाहिए तथा उससे बचने के उपाय ढूंढकर अप्लाई करते रहने चाहिएं। बड़े आयोजनों में सरकारी तैयारी किस स्तर की है, यह जानना भी बहुत जरूरी होता है। सरकारों को ऐसी स्थितियों को प्रभावी ढंग से संभालने के लिए पर्याप्त तैयारी और प्रतिक्रिया तंत्र सुनिश्चित करना चाहिए। भक्तों की जागरूकता बढ़ाते रहना चाहिए।

यदि भक्तजन खुद जागरूक होंगे, तब ऐसी नौबत आ भी जाए तो घटना बड़ी नहीं हो सकती है। भक्तों को अपने परिवेश के प्रति जागरूक रहना चाहिए और अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक सावधानी बरतनी चाहिए। ये ऐसे सबक हैं, जो मंदिरों और धार्मिक समारोहों में भीड़ के प्रभाव को रोकने या कम करने में मदद कर सकते हैं, जिससे सभी के लिए एक सुरक्षित और अधिक शांतिपूर्ण अनुभव सुनिश्चित हो सकेगा। यह भी जरूरी है कि भगदड़ के समय संयम पूर्ण व्यवहार करें और घबराएं नहीं। किसी भी आपात स्थिति में तत्काल नियंत्रण कक्ष में संपर्क करें। अपने बहुमूल्य सामानों की रक्षा स्वयं करें। अफवाह न फैलाएं और न ही उन पर ध्यान दें। ऐसे उपायों से भगदड़ जैसी स्थिति से निपटा जा सकता है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### समाजसेवी, स्वतंत्रता सेनानी और शिक्षाविद्

**हंसा** मेहता एक समाजसेवी, स्वतंत्रता सेनानी और शिक्षाविद् के रूप में भारत में काफी प्रसिद्ध रही हैं। हंसा मेहता का विवाह देश के प्रमुख चिकित्सकों में से एक तथा गांधीजी के निकट सहयोगी जीवराज मेहता के साथ हुआ था। भारत के संविधान को मूल रूप देने वाली समिति में 15 महिलाओं में इन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हंसाबेन जब पत्रकारिता की पढ़ाई करने इंग्लैड पहुंची, तब वहां उनकी मुलाकात सरोजिनी नायडू से हुई। पत्रकारिता की पढ़ाई खत्म करके हंसाबेन अमेरिका की यात्रा पर गईं, जहां वह शिक्षण संस्थाएं, शैक्षणिक एवं सामाजिक कार्य सम्मेलनों में शामिल हुईं, मताधिकार करने वाली महिलाओं से मिलीं। हंसाबेन सैन फ्रांसिस्को, शंघाई, सिंगापुर और कोलंबो होती हुईं भारत आईं। हंसा मेहता ने गुजराती भाषा में बच्चों के लिए बाल साहित्य अनुवाद करना उस दौर में शुरू किया, जब बच्चों के लिए कुछ भी उपलब्ध नहीं था। हंसाबेन ने महिलाओं के स्तर में सुधार के अपने उद्देश्य को अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य में भी रखने की कोशिश की। संयुक्त राष्ट्र संघ के 'महिलाओं के स्तर' से संबंधित आयोग में भारत का प्रतिनिधित्व किया और 'मानव अधिकारों का सार्वभौम घोषणा पत्र' का प्रारूप तैयार करने वाले संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग में भारत का प्रतिनिधित्व किया। वह दर्जनों अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडलों में शैक्षणिक, सामाजिक और सांस्कृतिक मामलों में भारत का प्रतिनिधित्व करती रहीं। उनके इन योगदानों के लिए उन्हें सन 1959 में 'पद्म भूषण' से विभूषित किया गया। ■



**हंसा मेहता**
**जन्म :** 3 जुलाई, 1897
**मृत्यु :** 4 अप्रैल, 1995

## अपनी बात

**आज** हर घर के दूसरे युवा के पास बड़ी डिग्रियां हैं, लेकिन नौकरी नहीं है। बड़ी डिग्रियां, महंगे कोर्स यह सारी मेहनत एक बेहतर नौकरी, बेहतर जिंदगी और बेहतर घर परिवार के सपने के लिए है। इन सपनों की राह में जो सबसे बड़ी नाकामी है, वह है बेरोजगारी। अब इसे सिस्टम की नाकामी कहा जाए, जनसंख्या में वृद्धि या फिर लगातार बढ़ती पढ़े-लिखे युवाओं की जनसंख्या, जिसने अच्छी नौकरी के ख्वाब पाल रखे हैं। सरकारी नौकरी हर किसी के लिए संभव नहीं है। प्राइवेट सेक्टर में कहीं अच्छी संभावनाएं है, तो कहीं सैलरी और सिक्योर जॉब पर संकट है। ऐसे में सरकार के पास क्या सिस्टम होना चाहिए कि जो युवा प्राइवेट सेक्टर में जॉब कर रहे हैं, वहां वह सिक्योर हो और इस सिस्टम के लिए कानून स्पष्ट हों ताकि उन्हें प्राइवेट और सरकारी जॉब में कोई फर्क न लगे। –**अंकुश राणा, पतलीकूहल**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें। *editoranantgyaan@gmail.com***

# त्वरित न्याय की अवधारणा पर आधारित हैं नए आपराधिक कानून

भारत में आपराधिक कानूनों में परिवर्तन और सुधार एक महत्वपूर्ण विषय है, जो समाज की बदलती आवश्यकताओं और न्याय की आवश्यकता को पूरा करने के लिए समय-समय पर किया जाता है। हाल ही में, भारतीय दंड संहिता, आपराधिक प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम जैसे आपराधिक कानूनों को संसद में पारित किया गया। अब एक जुलाई 2024 से पूरे देश में यह लागू हो रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संसद में कानून को पेश करते हुए कहा कि खत्म होने वाले ये तीनों कानून अंग्रेजी शासन को मजबूत करने और उसकी रक्षा करने के लिए बनाए गए थे। इनका उद्देश्य दंड देने का था, न की न्याय देने का।

तीन नए कानून की आत्मा भारतीय नागरिकों को संविधान में दिए गए सभी अधिकारों की रक्षा करना, इनका उद्देश्य दंड देना नहीं, बल्कि न्याय देना होगा। भारतीय आत्मा के साथ बनाए गए इन तीन कानूनों से हमारे क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम में बहुत बड़ा परिवर्तन आएगा। पुराने कानूनों में गुलामी की बू आती थी। ये तीनों पुराने कानून गुलामी की निशानियों से भरे हुए थे, क्योंकि इन्हें ब्रिटेन की संसद ने पारित किया था और हमने सिर्फ इन्हें अपनाया था। इन कानूनों में पार्लियामेंट ऑफ यूनाइटेड किंगडम, प्रोविंशियल एक्ट, नोटिफिकेशन बाई द क्राउन रिप्रेजेंटेटिव, लंदन गैजेट, ज्यूरी और बैरिस्टर, लाहौर गवर्नमेंट, कॉमनवेल्थ के प्रस्ताव, यूनाइटेड किंगडम ऑफ ग्रेट ब्रिटेन एंड आयरलैंड पार्लियामेंट का जिक्र है। इन कानूनों में हर मैजेस्टी और बाइ द प्रिवी काउंसिल के रेफेरेंस दिए गए हैं, कॉपीज एंड एक्सट्रैक्ट्स कंटेंट इन द लंदन गैजेट के आधार पर इन कानूनों को बनाया गया, पजेशन ऑफ द ब्रिटिश क्राउन, कोर्ट ऑफ जस्टिस इन इंग्लैंड और हर मैजेस्टी डॉमिनियन्स का भी जिक्र इन कानूनों में कई स्थानों पर है। अच्छी बात यह कि गुलामी की निशानियों को पूरी तरह मिटा दिया गया है। इसके तहत 475 जगह गुलामी की निशानियों को समाप्त कर दिया गया है। हमारे क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम में बहुत समय लगता है, कई बार न्याय इतनी देर से मिलता है कि न्याय का कोई मतलब ही नहीं रह जाता है, लोगों की श्रद्धा उठ जाती है और अदालत में जाने से डरते हैं। इन कानूनों को बनाने के पीछे बहुत लंबी प्रक्रिया रही है।



**लेखक : डॉ. मोहन यादव**
मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री

इन कानूनों को आज के समय के अनुरूप बनाने में प्रधानमंत्री मोदी ने अगस्त, 2019 में सर्वोच्च न्यायालय के सभी न्यायाधीशों, देश के सभी उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों और देश के सभी कानून विश्वविद्यालयों को पत्र लिखे थे। वर्ष 2020 में सभी, महामहिम राज्यपालों, मुख्यमंत्रियों और सांसदों एवं संघ-शासित प्रदेशों के महामहिम प्रशासकों को पत्र लिखे गए। इसके बाद व्यापक परामर्श के बाद ये प्रक्रिया कानून बनने जा रही है। इसके लिए 18 राज्यों, 6 संघशासित प्रदेशों, सुप्रीम कोर्ट, 16 हाई कोर्ट, 5 न्यायिक अकादमी, 22 विधि विश्वविद्यालय, 142 सांसद, लगभग 270 विधायकों और जनता ने इन नए कानूनों पर अपने सुझाव दिए हैं। यह प्रक्रिया सरल नहीं थी, काफी मेहनत की गई बीते 4 सालों में। खूब विचार-विमर्श किया गया है। इस संदर्भ में हुई 158 बैठकों में केंद्रीय गृह मंत्री शाह उपस्थित रहे हैं। इन कानूनों में क्या बदलाव हुआ है, इस पर केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने बताया कि आज तक आतंकवाद से परिचित सभी थे, लेकिन आतंकवाद की परिभाषा, व्याख्या नहीं थी। अब ऐसा नहीं रहेगा।

अब अलगाव, सशस्त्र विद्रोह, विध्वंसक गतिविधियां, अलगाववाद, भारत की एकता, संप्रभुता और अखंडता को चुनौती देने जैसे अपराधों की पहली बार इस कानून में व्याख्या की गई है। इससे जुड़ी संपत्तियों को जब्त करने का अधिकार भी दिया गया है। जांचकर्ता पुलिस अधिकारी के संज्ञान पर कोर्ट इसका आदेश देगा। गौरतलब है कि अनुपस्थिति में ट्रायल के बारे में केंद्र सरकार ने एक ऐतिहासिक फैसला किया है। सेशंस कोर्ट के जज द्वारा प्रक्रिया के बाद भगोड़ा घोषित किए गए व्यक्ति की अनुपस्थिति में ट्रायल होगा और उसे सजा भी सुनाई जाएगी, चाहे वह दुनिया में कहीं भी छिपा हो। उसके खिलाफ अपील करने के लिए भारतीय कानून और अदालत की शरण में आना होगा। अभी तक देखा गया है कि देशभर के पुलिस स्टेशनों में बड़ी संख्या में केस संपत्तियां पड़ी रहती हैं। अब इस ओर भी तेजी लाई जाएगी। यानी अब इनकी वीडियोग्राफी करके सत्यापित प्रति कोर्ट में जमा करके इनका निपटारा किया जा सकेगा। इन कानूनों में अत्याधुनिकतम तकनीकों को समाहित किया गया है।

दस्तावेजों की परिभाषा का विस्तार कर इलेक्ट्रॉनिक या डिजिटल रिकॉड्र्स, ई-मेल, सर्वर लॉग्स, कंप्यूटर, स्मार्ट फोन, लैपटॉप्स, एसएमएस, वेबसाइट, लोकेशनल साक्ष्य, डिवाइस पर उपलब्ध मेल और मैसेजेस को कानूनी वैधता दी गई है, जिनसे अदालतों में लगने वाले कागजों के अंबार से मुक्ति मिलेगी। इस कानून को डिजिटलाइज किया गया है, यानी एफआईआर से केस डायरी, केस डायरी से चार्जशीट और चार्जशीट से जजमेंट तक की सारी प्रक्रिया को डिजिटलाइज करने का प्रावधान इस कानून में किया गया है। अभी सिर्फ आरोपी की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से हो सकती है, लेकिन अब पूरा ट्रायल, क्रॉस क्वेश्चनिंग सहित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से संभव होगी। शिकायतकर्ता और गवाहों का परीक्षण, जांच-पड़ताल और मुकदमे में साक्ष्यों की रिकॉर्डिंग और उच्च न्यायालय के मुकदमे और पूरी अपीलीय कार्रवाई भी अब डिजिटली संभव होगी। सर्च और जब्ती के समय वीडियोग्राफी को अनिवार्य कर दिया है, जो केस का हिस्सा होगी और इससे निर्दोष नागरिकों को फंसाया नहीं जा सकेगा। पुलिस द्वारा ऐसी रिकॉर्डिंग के बिना कोई भी चार्जशीट वैध नहीं होगी।

आजादी के 75 सालों के बाद भी दोष सिद्धि का प्रमाण बहुत कम है। यही कारण है कि मोदी सरकार ने फॉरेंसिक साइंस को बढ़ावा देने का काम किया है। तीन साल के बाद हर साल 33 हजार फॉरेंसिक साइंस एक्सपर्ट्स और साइंटिस्ट्स देश को मिलेंगे, साथ ही अमित शाह ने लक्ष्य रखा है कि दोष सिद्धि के प्रमाण को 90 प्रतिशत से ऊपर लेकर जाना है। इसके लिए एक महत्वपूर्ण प्रावधान किया गया है कि 7 वर्ष या इससे अधिक सजा वाले अपराधों के क्राइम सीन पर फॉरेंसिक टीम की विजिट को अनिवार्य किया जा रहा है। इसके माध्यम से पुलिस के पास एक वैज्ञानिक साक्ष्य होगा जिसके बाद कोर्ट में दोषियों के बरी होने की संभावना बहुत कम हो जाएगी। वर्ष 2027 से पहले देश की सभी अदालतों को कंप्यूटराइज्ड कर दिया जाएगा।

पुराने आपराधिक कानूनों को निरस्त करना और नए कानूनों को अपनाना देश की वर्तमान वास्तविकताओं को दर्शाता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# राजस्व लोक अदालतों के परिणाम आने लगे सामने

राज्य सरकार द्वारा जनहित में लिए गए राजस्व लोक अदालतें लगाने के निर्णय के बेहतर परिणाम सामने आने लगे हैं। प्रतिमाह आयोजित की जाने वाली इन राजस्व लोक अदालतों के कारण लोगों के राजस्व कार्य अब शीघ्रता से होने लगे हैं। इसका सीधा लाभ लोगों को मिलने लगा है। राज्य सरकार के इस निर्णय से करसोग क्षेत्र के लोग भी लाभाविन्त होने लगे हैं।

करसोग में राज्य सरकार के निर्देशानुसार गत 28 व 29 जून को आयोजित की गई राजस्व लोक अदालतों में राजस्व कार्यों संबंधी सैकड़ों मामलों का राजस्व विभाग की ओर से निपटारा किया गया। तहसील करसोग से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार तहसील में दो दिनों में लगभग 265 इंतकाल के मामलों का निपटान राजस्व लोक अदालतों के माध्यम से किया गया, जबकि बीते जून माह में कुल 284 इंतकाल संबंधी मामलों का निपटारा किया गया। तहसील के अंतर्गत आने वाले विभिन्न कानूनगो सर्कलों में जून माह में इंतकाल संबंधी लगभग 262 नए मामले दर्ज किए गए थे।



**लेखक : संजय सैनी**
सहायक लोक संपर्क अधिकारी, करसोग

मई माह के इंतकाल के लगभग 81 मामले लंबित चल रहे थे। कुल 343 इंतकाल के मामलों में से गत 28 और 29 जून को आयोजित की गई राजस्व लोक अदालतों में दो दिन में इंतकाल के कुल 265 मामले, जबकि इंतकाल संबंधी ही 19 अन्य मामले निपटाए गए हैं। इस प्रकार जून माह में इंतकाल संबंधी कुल 284 मामलों का निपटारा किया गया। करसोग तहसील में अब केवल मात्र इंतकाल संबंधी 59 मामले ही शेष रह गए हैं। राज्य सरकार के इस निर्णय से अब लोगों के इंतकाल व जमीन संबंधी अन्य मामले शीघ्र हल होने से क्षेत्र के लोग खुश हैं। लोग राज्य सरकार के इस निर्णय की सराहना करने लगे हैं।

दर्शन सिंह, वैशाखी देवी, पन्ना लाल, दीपराम, रामकृष्ण, कौशल्या, गंगा सिंह, हेमंत, बिहारी लाल, पूजा देवी, निहाल चंद सहित अन्य लोगों ने बताया कि इंतकाल दिवस का आयोजन कर राज्य सरकार ने एक नई पहल की है, जिसका सीधा लाभ ग्रामीण व दूरदराज क्षेत्र के लोगों को मिल रहा है। एक तरफ जहां लोगों के लंबे समय से लंबित इंतकाल के मामलों का निपटारा हुआ है, वहीं इस आयोजन से लोगों के समय और धन की भी बचत हो रही है। राजस्व संबंधी उन मामलों का निपटारा भी शीघ्रता से हो रहा है, जो काफी समय से लंबित थे। तहसीलदार कैलाश कौंडल का कहना है कि लोगों के राजस्व संबंधी कार्य समय पर हो और किसी को कोई परेशानी न उठानी पड़े, इसके प्रयास किए जा रहा है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

कविता

### नशा और युवा



रविंद्र परमार
शोधार्थी, केंद्रीय वि

*आजकल के युवाओं की है हालत खराब*
*खूब पीते हैं सिगरेट और शराब*
*नहीं रखते है ये अपनी सेहत का ख्याल*
*सब जगह का है यह हाल*
*मैं करता हूं लोगो आप सब से सवाल*
*सभी को पता है कि क्या करता है नशा हाल*
*फिर भी क्यों करते हैं*
*नशा यह है बड़ा सवाल*
*कई घर कर दिए हैं इसने खराब*
*अभी भी समय है*
*छोड़ दो सिगरेट और शराब*
*मैं करता आप सभी से*
*हाथ जोड़ कर अरदास*
*मत करो नशा यह है बड़ा खराब।*

# पीएम किसान सम्मान निधि से किसान खुशहाल

फरवरी 2019 में केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना, देशभर के किसानों को प्रत्यक्ष आय सहायता प्रदान करने के लिए तैयार की गई है। यह योजना कृषि उत्पादकता में वृद्धि करने तथा ग्रामीण समुदायों की वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस पहल का उद्देश्य किसानों को प्रत्यक्ष नकद हस्तांतरण प्रदान करके उनकी आय में वृद्धि करना है, ताकि उनकी ग्रामीण आजीविका में सुधार हो सके।

उत्तर प्रदेश के गोरखपुर से शुरू की गई पीएम-किसान योजना का उद्देश्य भूमिधारक किसानों की वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करना है। तीन बराबर किस्तों में वितरित 6,000 रुपए के वार्षिक लाभ के साथ, यह योजना किसानों को आवश्यक कृषि व्यय पूरा करने और साहूकारों पर निर्भरता से बचाने में मदद करती है। यह वित्तीय सहायता परिवर्तनकारी सिद्ध हुई है, जिससे किसान उपकरण, बीज, उर्वरक, कीटनाशक एवं अन्य कृषि इनपुट में निवेश करने में सक्षम हुए हैं और फसल की पैदावार, कृषि उत्पादकता एवं स्थिरता में वृद्धि हुई है।

पीएम-किसान योजना प्रारंभ होने के बाद से 11 करोड़ से अधिक किसानों को 3.02 लाख करोड़ रुपए से अधिक का वितरण किया गया है, जो इस योजना के तहत 16वीं किस्त के माध्यम से भारतीय कृषि में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इसके अलावा, हाल ही में 20,000 करोड़ रुपए की 17वीं किस्त ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किया है, जिससे कुल वितरण 3.24 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गया है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर इस योजना का आर्थिक प्रभाव और पहुंच गहरी रही है। अंतरराष्ट्रीय खाद्य नीति अनुसंधान संस्थान (आईएफपीआरआई) के एक अध्ययन में पाया गया कि उत्तर प्रदेश में पीएम-किसान लाभार्थियों को बिना किसी लीकेज के पूरी राशि प्राप्त हुई, जिससे कृषि में निवेश करने की उनकी क्षमता में काफी सुधार हुआ।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था में 3.24 लाख करोड़ रुपए से अधिक की सहायता से न केवल किसानों की वित्तीय स्थिरता को बढ़ावा मिला है, बल्कि स्थानीय बाजारों और सेवाओं को भी गति मिली है। पीएम-किसान योजना सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) के प्रभावी एकीकरण के कारण सबसे अलग है। इस योजना में किसानों के बैंक खातों में सीधे पारदर्शी और समय पर धन वितरण सुनिश्चित करने के लिए प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) तंत्र का उपयोग किया जाता है। आधार, सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस) और भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) के साथ एकीकरण द्वारा सुगम यह विधि धोखाधड़ी के जोखिम को कम करती है और यह सुनिश्चित करती है कि इसका लाभ इच्छित प्राप्तकर्ताओं तक पहुंच सके।



**लेखिका : डॉ. एमएल जाट**
फूड सिस्टम्स के निदेशक

इस योजना के लिए विशेष रूप से शुरू किया गया पीएम-किसान पोर्टल लाभार्थियों को वैधीकृत करने के लिए विभिन्न डेटा बिंदुओं को एकीकृत करता है, जिससे पात्र किसानों को लाभ प्रदान करना सुनिश्चित हो पाता है।

इसके अतिरिक्त, आधार प्रमाणीकरण अनिवार्य हो गया है, जिससे पारदर्शिता और दक्षता में अतिरिक्त वृद्धि हुई है। लाभार्थियों की सहायता के लिए, पीएम-किसान योजना में अनेक अभिनव सहायता पहल शामिल हैं। समर्पित वेब पोर्टल, मोबाइल एप्लिकेशन और एसएमएस अलर्ट किसानों को अपनी स्थिति को ट्रैक करने, ई-केवाईसी पूरा करने और उनकी शिकायतों को दूर करने में सक्षम बनाते हैं।

'अपनी स्थिति जानें' (केवाईएस) मॉड्यूल किसानों को एक क्लिक पर उनके पंजीकरण और लाभ की स्थिति का व्यापक अवलोकन प्रदान करता है। इसने किसानों को रियल टाइम जानकारी प्रदान करके सशक्त बनाया है और बिचौलियों पर उनकी निर्भरता कम कर दी है। इसके अलावा, एआई-संचालित चैटबॉट किसान ई-मित्र की शुरुआत ने किसानों के लिए सहायता में क्रांतिकारी बदलाव किया है, जो 11 भाषाओं में रियल टाइम सहायता प्रदान करता है। यह सेवा पांच लाख से अधिक कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) और भारतीय डाक भुगतान बैंक (आईपीपीबी) के साथ मिलकर, योजना से संबंधित सेवाओं को किसानों के दरवाजे तक पहुंचाती है, जिससे समावेशिता और पहुंच सुनिश्चित होती है।

केंद्र सरकार पीएम-किसान योजना को परिष्कृत और विस्तारित करने का काम जारी रखे हुए है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंग के रूप में इस राष्ट्रव्यापी अभियान का लक्ष्य सभी पात्र किसानों को शामिल करना है, जिसमें एक करोड़ से अधिक अतिरिक्त किसान पहले ही लाभान्वित हो चुके हैं। किसान कॉल सेंटर और फील्ड सर्वेक्षणों के माध्यम से निरंतर फीडबैक यह सुनिश्चित करता है कि यह योजना अपने लाभार्थियों की जरूरतों को प्रभावी ढंग से पूरा करने के लिए विकसित हो सके। इस योजना का मजबूत शिकायत निवारण तंत्र, जिसकी समाधान दर लगभग 99 प्रतिशत है, किसानों की समस्याओं का त्वरित निपटान करने की इसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। गांव-स्तर के नोडल अधिकारी जमीनी स्तर पर सहायता प्रदान कर रहे हैं, जिससे योजना की पहुंच और प्रभावशीलता में वृद्धि हो रही है। जैसे-जैसे पीएम-किसान अपने अगले चरण में प्रवेश कर रहा है, इस बात पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है कि हर पात्र किसान को इस योजना का लाभ मिल सके।

वित्तीय सहायता, तकनीकी एकीकरण और निरंतर नवाचार के मिश्रण के साथ, पीएम-किसान भारत की कृषि और ग्रामीण विकास कार्यनीति का एक प्रमुख आधार बना रहेगा, जो एक आत्मनिर्भर और समृद्ध कृषक समुदाय को बढ़ावा देगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग के साथ डिजिटल पब्लिक इंफ्रॉस्ट्रक्चर (डीपीआई) पर भारत सरकार की पहल के साथ पीएम-किसान को जोड़ने से इस योजना के वितरण को और मजबूती मिलेगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# कल बनने वाले डॉक्टरों पर आज उठ रहे सवाल

भारतवर्ष में चिकित्सक दिवस बहुत धूमधाम से मनाया गया। 'चिकित्सक दिवस' डॉक्टर बिधान चंद्र रॉय की जयंती और पुण्यतिथि के उपलक्ष में मनाया जाता है। डॉ. राय एक महान चिकित्सक स्वतंत्रता सेनानी और पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री थे, उनका योगदान चिकित्सा और समाज सेवा में अतुलनीय है और उनके सम्मान में यह दिवस मनाया जाता है। चिकित्सक को भगवान का दूसरा रूप कहा जाता है, क्योंकि दिन-रात,भूख-प्यास, सुबह-शाम, गर्मी-सर्दी, घर-परिवार की परवाह किए बिना वह रोगियों की सेवा में सदैव तत्पर तैयार रहता है। कोरोना महामारी के समय में भी चिकित्सकों ने अपनी जान जोखिम में डाल कर लगातार कार्य किया, जिससे निसंदेह सच्चे योद्धा और हमारे समय के असली नायक बनकर उभरे। उनकी अथक मेहनत, समर्पण और साहस ने अनगिनत जिंदगियां बचाईं और समाज को इस कठिन दौर से बाहर निकालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

भारत में आने वाले कल में डॉक्टर बनने के इच्छुक अभ्यर्थी कठोर परिश्रम से बचने के लिए प्रत्यक्ष रूप से विश्वाशघात करते नजर आ रहे हैं, जो कि बेहद चिंता का विषय है। भारत में डॉक्टर बनने के लिए प्रतियोगी परीक्षा 'नीट' 'यूजी' और डॉक्टर बनने के बाद पोस्ट ग्रेजुएशन करने के लिए 'नीट पीजी' परीक्षा पास करते हैं। दोनों ही परीक्षाएं आरोपों के घेरे में हैं। यह सुनने में जितनी सामान्य बात लग रही है, उतनी सामान्य बात है नहीं, बल्कि भविष्य की दृष्टि से एक बहुत गंभीर समस्या है, जिसका दुष्परिणाम करोड़ों लोगों की जिंदगी पर पड़ सकता है। आज भारत में एक हजार लोगों पर एक डॉक्टर है।



**लेखक : मनीष कुमार**
महाराज नगर, जयसिंहपुर

भारत में डॉक्टरों की सख्त कमी है, लेकिन इसके ठीक विपरीत 'भारतीय चिकित्सा परिषद' के अनुसार भारत में लगभग 1 लाख 9 हजार एमबीबीएस की सीटें हैं जिनमें से लगभाग 56 हजार सीट ही सरकारी मेडिकल कॉलेजों में हैं, शेष सारी सीट निजी मेडिकल कॉलेजों में हैं, जिसकी फीस आम विद्यार्थियों के लिए पहुंच से बाहर है। इस वर्ष के आंकड़ों को मानें तो लगभग 24 लाख विद्यार्थी डॉक्टर बनने के इच्छुक हैं लेकिन सरकारी मेडिकल कॉलेज में 2.5 प्रतिशत से भी कम सीट हैं, ऐसे में प्रतिस्पर्धा स्वत: ही बढ़ जाती है और कुछ विद्यार्थी जो बिना मेहनत किए डॉक्टर बनना चाहते हैं, उनकी मांग पर पेपर लीक करवाया जाता है जिसकी कीमत पेपर लीक माफिया द्वारा 40-60 लाख निर्धारित की जाती है। सम्भवत: यह कीमत निजी मेडिकल कॉलेज की फीस से कम है, ताकि इनसे प्रश्न पत्र खरीदकर व उत्तर रटकर खरीददार विद्यार्थी अच्छे नंबर लेकर सरकारी मेडिकल कॉलेज में बिना मेहनत किए दाखिला ले सके।

यह कोई मनघड़ंत प्रक्रिया नहीं, बल्कि बिहार पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपियों का कबूलनामा है। यह सारी प्रक्रिया माफिया द्वारा इतनी खुफिया तरीके से करने की कोशिश की जाती है कि दीवारों तक को भनक न लगे। परीक्षा से एक दिन पूर्व कामचोर विद्यार्थियों को किसी एक ठिकाने पर लाया जाता है, वहां पर उन्हें प्रश्न-उत्तर रटाए जाते हैं और अगले दिन परीक्षा केंद्रों पर विद्यार्थियों को छोड़ा जाता है। परीक्षा से पूर्व उत्तर कुंजी बनाने में कुछ लालची डॉक्टर या कहीं अध्यापक भी पेपर लीक माफिया की मदद करते हैं, तो कहीं स्कूल के प्रिंसिपल ही बच्चों से पैसे लेकर ओएमआर शीट भरने को तैयार हो जाते हैं। यह कहानी तो सिर्फ नीट यूजी परीक्षा की है। नीट पीजी परीक्षा की कहानी तो अभी जगजाहिर ही नहीं है, पता है तो सिर्फ इतना कि परीक्षा की पवित्रता भंग हुई है, जिसकी वजह से परीक्षा अनिश्चितकाल तक स्थगित कर दी गई है। परीक्षाओं के परीक्षा पत्र लीक होने की घटनाएं सिस्टम को आइना दिखाने का काम करती हैं, इससे विद्यार्थी और उसके परिवार पर तो मानसिक दबाव बढ़ता ही है साथ ही साथ पूरे समाज में भी नकारात्मक संदेश जाता है।

डॉक्टर जैसा भगवान तुल्य स्थान प्राप्त करने के लिए फर्जीबाड़ों का होना देश की शिक्षा प्रणाली पर बहुत बड़ा प्रश्न चिन्ह है। यदि इस तरीके से यदि 100 लोग भी डॉक्टर बनते हैं तो बात सिर्फ हम और आप तक नहीं बल्कि हजारों-लाखों लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ होगा और इसका बद से बदतर परिणाम गलत इलाज की वजह से मौत भी हो सकती है। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो इन घटनाओं की जांच कर रही है और मामले की सुनवाई उच्चतम न्यायालय द्वारा की जा रही है। आशा है कि कर्मठ विद्यार्थियों के हित में सकारात्मक परिणाम जल्द आएंगे, किंतु भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों और परिश्रमी विद्यार्थी बिना वजह प्रभावित न हों, इसके लिए हमें सख्त कदम उठाने की आवश्यकता है, नहीं तो भारत का कल कहलाने वाले युवा वर्ग का सिस्टम से भरोसा उठ जाएगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### 12 से 21 जुलाई तक वेदांत कुटीर में होंगे कार्यक्रम

**अनिल शर्मा, मंडी।** वेदांत कुटीर मंडी में 12 से 21 जुलाई तक विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम गुरु पूर्णिमा महोत्सव के चलते वेदांत कुटीर की अध्यक्षा साध्वी सेवानंद सरस्वती की अध्यक्षता में आयोजित होंगे। ब्रह्मलीन श्री 1008 स्वामी रामानंद परिव्राजक आचार्य के द्वारा संस्थापित ब्रह्मलीन 1008 स्वामी शंकारानंद सरस्वती वेदांताचार्य और ब्रह्मलीन श्री 1008 स्वामी मोक्षानंद सरस्वती के द्वारा संरक्षित वेदांत कुटीर में आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा 21 जुलाई श्री 108 साध्वी सेवानंद सरस्वती की अध्यक्षता में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के चलते 12 से 20 जुलाई तक प्रतिदिन 9 बजे से उपस्थित संगत द्वारा रामचरितमानस का सामूहिक ज्ञान यज्ञ पाठ होगा। 21 जुलाई को सुबह 9 बजे रुद्राभिषेक और 10 बजे रामायण पाठ तथा यज्ञ पूर्णाहुति 11 बजे स्वामी श्री प्रणव चेतन करेंगे। (अनंत ज्ञान)

### निशुल्क ऑर्थो कैंप आज, लोग लें भाग

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर।** आयुष विभाग की तरफ से आयुर्वेदिक अस्पताल जोगिंद्रनगर में 3 को निशुल्क ऑर्थो कैंप का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें आयुर्वेदिक कॉलेज पपरोला के एमडी शिरकत करेंगे। यह जानकारी उपमंडलीय आयुष चिकित्सा अधिकारी जोगिंद्रनगर डॉ. निशी शर्मा ने दी। उन्होंने बताया की मंगलवार को आयुर्वेदिक अस्पताल से आए डॉक्टरों की टीम ने जोगिंद्रनगर के हर्बल गार्डन व आयुर्वेदिक अस्पताल का निरीक्षण किया और तैयारियों का जायजा लिया। इस अवसर पर प्रदेश आयुष मंत्री यादविंद्र गोमा, आयुष विभाग के सेक्रेटरी एचएएस संदीप कदम वसंत,आयुष विभाग के डायरेक्टर सहित आयुष विभाग के अन्य अधिकारी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगें। उपमंडलीय आयुष चिकित्सा अधिकारी जोगिंद्रनगर डॉ. निशी शर्मा ने लोगों से कैंप में आने की अपील की है। (अनंत ज्ञान)

### हरि सिंह बने मंडी हाउसिंग वेलफेयर सोसायटी के प्रधान



**अनिल, मंडी।** मंडी शहर की हाउसिंग बोर्ड सन्यारड़ी की आम सभा की बैठक अनिल भारद्वाज की अध्यक्षता में कालोनी परिसर में संपन्न हुई जिसमें 40 से अधिक सदस्यों ने भाग लिया। इसमें सर्वसम्मति से संपन्न हुए चुनावों में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। चुनावों में हरि सिंह डोगरा प्रधान, आरके सैणी उपप्रधान, दीपक शर्मा महासचिव व रतन चंद कौशल को कोषाध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा ओमकार सिंह, प्रवीण ठाकुर व प्रमोद अरोड़ा को कार्यकारिणी सदस्य व टीआर चौहान को संयोजक मनोनीत किया गया। (अनंत ज्ञान)

### पनारसा महाविद्यालय में आगामी सत्र के लिए प्रवेश शुरू

**अनंत ज्ञान, मंडी/पंडोह।** कुल्लू व मंडी जिला के सीमावर्ती क्षेत्र के राजकीय महाविद्यालय पनारसा में आगामी सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया जारी है। प्राचार्या डॉ. उरसेम लता ने बताया कि इस समय प्रदेश के लगभग सभी महाविद्यालयों में छुट्टियां चल रही है लेकिन इसके बावजूद भी प्रवेश प्रक्रिया ऑनलाइन जारी है। विद्यार्थी कला एवं वाणिज्य संकाय में 3 जून से 15 जुलाई तक ऑनलाइन अपना प्रवेश फार्म भर सकते हैं। इसके लिए विद्यार्थियों को महाविद्यालय की वेबसाइट पर लॉगिन करके प्रवेश फार्म भरना होगा। 15 जुलाई से 19 जुलाई के मध्य विद्यार्थियों को अपने दस्तावेजों सहित महाविद्यालय में काउंसलिंग के लिए आना पड़ेगा। उन्होंने ने यह भी बताया कि महाविद्यालय के नवनिर्मित भवन का कार्य लगभग पूरा हो चुका है और उम्मीद व्यक्त की कि नए सत्र में महाविद्यालय को अपना भवन मिल जाएगा। जिस कारण महाविद्यालय में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ने की भी उम्मीद है।

### अंतरजातीय विवाह पर वधू पक्ष ने किया हमला

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** पुलिस थाना बीएसएल कॉलोनी के तहत चांबी पंचायत के नेहरा गांव में अंतरजातीय विवाह करने पर वधू पक्ष के दर्जनों लोगों ने वर के घर पर हमला कर पूरे परिवार के साथ मारपीट की है। आरोप है कि इस दौरान वधु पक्ष की ओर से आए लोगों ने घर की महिलाओं को बाहर घसीट कर उनके कपड़े भी फाड़ दिए और पूरे परिवार को जातिसूचक शब्द के साथ बेइज्जत किया है। मामले को लेकर थाना में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। जानकारी के अनुसार थाना में दर्ज कराई प्राथमिकी में भूपेंद्र कुमार पुत्र थमेश दत्त निवासी नेहरा डाकघर चांबी ने कहा है कि उसके छोटे भाई और उसकी पत्नी ने पिछले दिनों आपसी सहमति से अंतरजातीय विवाह किया है। जिसके कारण वधु पक्ष के लोग भड़के हुए है। सोमवार को वधू पक्ष के लोग अनेक वाहनों में दर्जनों लोगों को लेकर उनके घर पर हमला कर दिया। डीएसपी भारत भूषण ने बताया मामले में भारतीय न्याय संहिता के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरु कर दी गई है। (अनंत ज्ञान)

### फल व सब्जियों के लग रहे मनमाने रेट

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी।** फूड, सिविल सप्लाई एंड कंज्यूमर अफेयर्स मामलों के जिला नियंत्रक द्वारा हर रोज सब्जी मंडी कांगणी से विक्रय होने वाले फल व सब्जियों की मिनिमम व मैक्सिमम रिटेल कीमतों की सूची जारी की जाती है। इस सूची को अगर गौर से देखें तो यह अपने आप में ही विरोधाभासी प्रतीत होती है क्योंकि इसमें जो मिनिमम व मैक्सिमम किमतें दर्शाई गई होती हैं उनमें दो, तीन, चार या पांच गुना तक अंतर होता है। मंगलवार की सूची में भिंडी की कीमत 14 से 28 रुपए है यानी दुगनी, करेला 28 से 42 यानी 14 का फर्क, घीया 14 से 35 यानी दुगने से ज्यादा, इसी तरह से फ्रेंच बींस 31 से 74 यानी ढाई गुना, अंगूर 37 से 112 यानी तीन गुना और आम 35 से 181 यानी 4:30 गुना का अंतर। ऐसे में ग्राहक दुकानदार के द्वारा मांगी गई कीमत ही अदा करने के लिए मजबूर होता है। यही नहीं कुछ एक विशेष स्थानों पर तो फल व सब्जी विक्रेता ग्राहकों को समय व परिस्थिति के अनुसार फल व सब्जी की दरें बताते हैं। ऐसे में विभागीय अधिकारियों का यह ज्यादा काम बनता है कि वह अधिकतम बार निरीक्षण करें व हर कमी पर उचित कार्यवाही भी करें। इस संबंध में जिला नियंत्रक कार्यालय के लैंडलाइन फोन पर बताया गया कि विभागीय निरीक्षकों द्वारा समय-समय पर सूची न दर्शाने पर चालान किए गए हैं और दंडनीय कार्यवाही भी की गई है। (अनंत ज्ञान)

# हमीरपुर-सरकाघाट एनएच 3 सुबह आठ बजे से बंद, कर्मचारियों को लौटना पड़ा घर

**रितेश, सरकाघाट**

अभी बरसात की दूसरी बारिश हुई है और सड़क पर जगह जगह लहासे और चट्टानें गिरनी आरंभ हो गई हैं। अटारी-लेह-धर्मपुर-मंडी-सरकाघाट-हमीरपुर नेशनल हाईवे नंबर तीन सुबह आठ बजे पाडछु पुल के पास सड़क पर भारी चट्टान गिरने से सड़क मार्ग बंद हो गया है जिसके कारण सरकाघाट से धर्मपुर और जोगिंद्रनगर की तरफ आने जाने वाले हजारों लोगों को निराश होना पड़ा।

यहां तक की धर्मपुर की तरफ से आने वाले यात्रियों और सरकारी कर्मचारियों तथा आईटीआई में प्रशिक्षण ले रहे छात्रों को तो निराश हो कर अपने घरों को लौट कर आना पड़ा।

हालांकि स्थानीय लोगों ने कंपनी के अधिकारियों को उसी समय सड़क मार्ग बंद होने की सूचना दे दी थी लेकिन सड़क मार्ग का निर्माण कार्य करने वाली कंपनी के मजदूर दो बजे पहुंचे।

यात्रियों ने पुलिस और प्रशासन को भी इस बारे अवगत करवाया लेकिन निर्माण कार्य करने वाली कंपनी के अधिकारियों ने उनकी बात को भी अनदेखा कर दिया। (अनंत ज्ञान)



चट्टानें गिरने से बंद हुआ नेशनल हाईवे नंबर तीन।

### बरसात के कारण लोगों को उठानी पड़ेगी परेशानी

**अब** बरसात शुरू होने के बाद एक बार फिर इस हाईवे के चलते हजारों लोगों को परेशान होना पड़ेगा। उधर स्थानीय लोगों में रमेश ठाकुर, कृष्ण ठाकुर अश्विनी शर्मा, कमलेश गुलेरिया रामनाथ, गोविंद राम, रणताज राणा, मोहन लाल, अश्विनी कुमार, मधुसूदन शर्मा, रमेश कुमार सहित अन्य लोगों ने कंपनी को चेतावनी देते हुए कहा कि सड़क मार्ग को बहाल करने में अगर अनावश्यक देरी हुई तो वे कंपनी के अधिकारियों कार्यालयों का घेराव करेंगे।

### अभी तक नहीं लगे डंगे

2 साल पहले शुरू किए गए काम को ठेकेदारों की लापरवाही के चलते अब तक मुकम्मल नहीं किया जा सका है जगह-जगह बेतरतीब कटिंग करने के बाद अभी तक डंगे नहीं लगाए जा सके हैं पिछले बरसात में गिरे हुए घरों को सुरक्षा वाल तक नहीं लगाई गई है।

### कंपनी को सड़क बहाल करने के दिए हैं आदेश : स्वाति

**एसडीएम** स्वाति डोगरा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि सड़क निर्माण करने वाली कंपनी को बरसात में सड़क बहाल करने के आदेश जारी कर दिए गए हैं।

### जलशक्ति विभाग के ठेकेदार के स्टोर से सामान चोरी करने के मामले में आया नया मोड़

# आरोपी चेतन को 11 तक न्यायिक हिरासत

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर**

जलशक्ति विभाग सुंदरनगर के ठेकेदार के बनायक स्थित स्टोर से सामान चोरी करने के मामले में मंगलवार को नया मोड़ आ गया है।

मामले में पकड़े गए दोनों आरोपियों को मंगलवार को अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सुंदरनगर के समक्ष पेश किया गया। लेकिन एक आरोपी की जन्म तिथि को लेकर कोई पुख्ता सबूत नहीं मिलने पर उसे अदालत ने आगामी कार्रवाई के लिए जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड मंडी के समक्ष भेज दिया है।

वहीं दूसरे आरोपी चेतन(33) पुत्र तलविंदर कुमार निवासी गांव भ्यूली डाकघर पुरानी मंडी तहसील सदर जिला मंडी को अदालत ने 11 जुलाई तक

**अनंत ज्ञान फॉलोअप**

**एक आरोपी हिस्ट्री शीटर तो दूसरे के बालिग होने पर संशय**

न्यायिक हिरासत में सब जेल मंडी भेज दिया है। अब आरोपी चेतन को 11 जुलाई को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत के समक्ष पेश किया जाएगा। आरोपियों से पुलिस रिमांड में पूछताछ के दौरान जिला में लगातार हो रही चोरी की वारदातों को लेकर भी कई महत्वपूर्ण सुराग पुलिस के हाथ लगे हैं।

गौरतलब है कि बीते शुक्रवार को जल शक्ति विभाग में कार्य कर रही मैसर्ज हरजीत सिंह ठेकेदार की फर्म के बनायक स्थित स्टोर से चोरों ने सेंध लगाकर मौके से जीआई पाइप के सॉकेट के 8 कट्टे और 150 एमएम पाइप वेंडिंग मशीन के दो फ्लैप और अन्य सामान चोरी होने का मामला सामने आया था। इसमें पुलिस टीम ने कार्रवाई को अमल लाते हुए चोरी में संलिप्त दो आरोपियों को मंडी के भ्यूली से हिरासत में ले लिया था। पुलिस ने आरोपियों से चोरीशुदा सामान भी बरामद कर लिया है। आरोपियों को मंगलवार तक पुलिस रिमांड में भेजा गया था। वहीं अब अदालत ने मंगलवार को एक आरोपी को न्यायिक हिरासत और दूसरे को जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के समक्ष आगामी कार्रवाई के लिए भेज दिया है।(अनंत ज्ञान)



### चेतन पर चोरी के 14 और मारपीट के 2 मामले पहले ही हैं दर्ज, अब तक कुल 17 केस दर्ज

**पुलिस** थाना सुंदरनगर द्वारा गिरफ्तार आरोपी चेतन का उसके संबंधित पुलिस थाना से रिकॉर्ड तलब किया गया था। लेकिन जैसे ही पुलिस को आरोपी का आपराधिक रिकॉर्ड प्राप्त हुआ तो उनके भी होश उड़ गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी चेतन के खिलाफ इस एफआईआर के अलावा कुल 16 अन्य आपराधिक मामले दर्ज हैं। इसमें 14 मामले चोरी और अन्य 2 मारपीट से संबंधित हैं। आरोपी चेतन चोरी के मामलों में आदतन आपराधिक प्रवृत्ति वाला है और अब उस पर कुल मिलाकर 17 मामले मंडी सहित अन्य जिलों में दर्ज हैं।

### मामले की जांच जारी : डीएसपी सुंदरनगर



**डीएसपी** भारत भूषण ने बताया कि चोरी मामले में दोनों आरोपियों को मंगलवार को पुलिस रिमांड खत्म होने पर नियमानुसार अदालत के समक्ष पेश किया गया। अदालत ने एक आरोपी को 11 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। दूसरे आरोपी को अदालत ने आगामी कार्रवाई के लिए जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड मंडी के समक्ष भेज दिया है। आरोपियों से चोरीशुद्धा सामान को बरामद कर लिया है। मामले में पुलिस की जांच जारी है।

### फूलाधार में आलू अनुसंधान केंद्र की जमीन का मामला

# लोगों ने जताया विरोध एडीसी को सौंपा ज्ञापन



एडीसी मंडी रोहित राठौर को ज्ञापन सौंपते और समस्या को उनके समक्ष रखते हुए।

**पुष्पराज, मंडी**

उपमंडल पधर के अंतर्गत द्रंग विधानसभा क्षेत्र के फूला धार में आलु अनुसंधान केंद्र की जमीन को किसी विशेष व्यक्ति को दिए जाने पर वहां के स्थानीय लोगों ने आपत्ति जताई है। जिस पर फूलाधार के लोगों का एक प्रतिनिधिमंडल एडीसी मंडी रोहित राठौर से मिला।

इस दौरान जिला परिषद सदस्य शारदा देवी ने कहा कि प्रदेश कृषि विभाग जिला मंडी के पधर उपमंडल के फूलाधार में भूमि है जिस पर कृषि विभाग द्वारा आलू के बीज पर अनुसंधान किया जाता था और कुछ कारणों से यहां की मिट्टी में फंगस होने के कारण इस कार्य को बंद कर दिया गया था, लेकिन आज के समय में यह पूरी तरह से सुरक्षित है और यहां पर फिर से कार्य शरू किया जा सकता है।

इस जमीन पर राजस्व विभाग के कर्मचारियों द्वारा पैमाइश की जा रही है जिसके बारे में जब स्थानीय लोगों ने राजस्व विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों से बात की तो यह जानकारी मिली कि यह जमीन नेरचौक के किसी व्यक्ति को दिए जाने के बारे विभाग द्वारा आदेश जारी हुए हैं। जिस कारण विकासखंड द्रंग की जनता में भारी आक्रोश है और इस भूमि को किसी एक व्यक्ति या किसी निजी क्षेत्र में दिए जाने का विरोध करने का फैसला कर चुकी है। इस भूमि के नजदीक तीन विधानसभा क्षेत्रों की लगभग 25 पंचायतों के लोगों की मुख्य नकदी फसलें आलू, मटर व राजमा है और ये ही यहां पर आजीविका का मुख्य साधन है।

वहीं बीडीसी सदस्य बड़ी धार घनश्याम ठाकुर ने बताया कि फुलाधार की भूमि को पर्यटन विभाग को हस्तांतरित करने का निर्णय लिया गया है जिसके लिये भी कृषि विभाग अनुमति जारी कर चुका है। यदि यह भूमि किसी व्यक्ति विशेष को दी जाती है तो पूरा द्रंग विधानसभा क्षेत्र आंदोलन करने से गुरेज नहीं करेगा। (अनंत ज्ञान)

# बाल संस्कार शिविर में बच्चों को दी नैतिक शिक्षा

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर के श्री रामकृष्ण आश्रम लदरुही में चल रहे बाल संस्कार शिविर के तीसरे दिन बच्चों को मानसिक, शारीरिक, बौद्धिक, देश प्रेम, पर व्यापक व्याख्यान बच्चों को दिया गया।



बाल संस्कार शिविर में अपना व्याख्यान देते हुए डॉक्टर टेकचंद।

इस अवसर पर डॉ. नरेश शर्मा सेवानिवृत्ति प्रधानाचार्यों आयुर्वेदिक कॉलेज पपरोला, जोगिंद्रनगर आयुर्वेदिक बी फार्मा कॉलेज के सेवानिवृत्ति प्रधानाचार्य टेकचंद, डॉ. अशोक शर्मा सेवानिवृत्ति प्रधानाचार्य पदम सिंह राणा नए बच्चों के साथ अपने विचार साझा किए किए। डॉ. नरेश शर्मा ने बच्चों से आग्रह किया कि वह हमेशा अपनी दिनचर्या सूर्योदय से पूर्व उठकर शुरू करें, योग करें, जहां तक हो सके 15 से 20 मिनट व्यायाम अवश्य करें, संतुलित आहार ले चूंकि यदि शरीर स्वस्थ है तो सब कुछ ठीक है और यदि शरीर ही अ स्वस्थ है तो जीवन में कुछ विशेष नहीं बचता। (अनंत ज्ञान)

# दिनेश सर्वश्रेष्ठ नवोदित निदेशक पुरस्कार से सम्मानित

**रितेश, सरकाघाट**

सरकाघाट में निर्मित लघु फिल्म चिट्टा के लिए छोटी काशी मंडी में आयोजित चार दिवसीय हिमाचल इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में दिनेश भारद्वाज को लघु फिल्म चिट्टा के निर्देशन के लिए बेस्ट डेब्यू डायरेक्टर का पुरस्कार मिला यह पुरस्कार उन्हें बॉलीवुड अभिनेता यशपाल शर्मा और पवन शर्मा के हाथों दिया गया।

नशे की रोकथाम पर आधारित पिछले साल निर्मित फिल्म 'चिट्टा'को उन्होंने आई टी आई मंडी में भाषा संस्कृति के विभाग से सौजन्य से नशा निवारण दिवस के ऊपर दिखा कर बच्चों को नशे से बचने का संदेश दिया था। इस फेस्टिवल का आयोजन ब्रीणा, करीम मोहम्मद, वनरक्षक जैसी सार्थक फिल्मों के बॉलीवुड निर्देशक पवन शर्मा, कला एंटरटेनमेंट और रत्न ज्वेलर के निर्देशक राजा सिंह मल्होत्रा के ने किया।



दिनेश भारद्वाज ने इस फिल्म फेस्टिवल के आयोजकों का धन्यवाद किया व कहा कि इस तरह का आयोजन मेरे जैसे अनेकों नए हिमाचली फिल्म निर्माताओं और अन्य कलाकारों के लिए वरदान की तरह है इस तरह के आयोजन से नए फिल्मकारों को भविष्य में इस क्षेत्र में और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी तथा और भी नए फिल्ममेकर उभरेंगे जिससे हिमाचल सिनेमा के विकास में मदद मिलेगी। इस फिल्म फेस्टिवल के समापन के मौके पर हिमाचल अतिरिक्त मुख्य सचिव ओंकार शर्मा, एडीसी रोहित राठौर फिल्म जगत के कलाकार संजय मिश्रा, यशपाल शर्मा, अखिलेंद्र मिश्रा, राजेश जयस, नीरज सूद, सपना संद, पीहू संद और गगन दीप शर्मा, कला एंटरटेनमेंट के निर्देशक राजा सिंह मल्होत्रा और फेस्टिवल और बॉलीवुड निर्देशक पवन शर्मा मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

### सूखी पड़ी लेफ्ट बैंक सिंचाई योजना की छोटी नहर

**अनिल, मंडी।** जिले की बल्ह घाटी में बग्गी से लेकर मलोरी बैहना तक सिंचाई के लिए बनी बग्गी मलोरी छोटी नहर के सूखा होने से किसानों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। बल्ह किसान सभा के अध्यक्ष कर्म सिंह सैणी, सभा के अश्वनी, अंजू देवी, भड़याल पंचायत की पूर्व प्रधान राधा देवी, किसान लेख राम, गोवर्धन, नेत्र सिंह, जीवन लाल, राजेंद्र राजू सकरोहा, प्रकाश गागल आदि ने बताया कि यह नहर एक साल से सूखी पड़ी है। इस बारे में कई बार अधिशाषी अभियंता बग्गी को अवगत करवाया मगर कुछ नहीं हुआ। लोगों ने जल्द समस्या के समाधान की मांग की है। (अनंत ज्ञान)

# फ्रेंच बॉक्सिंग में वरुण ने जीता कांस्य पदक

**अनिल शर्मा, मंडी**



वरुण वालिया का स्वागत करते हुए स्वात संघ के पदाधिकारी।

स्वात फ्रेंच बॉक्सिंग चैंपियनशिप में वरुण वालिया ने कांस्य पदक जीत कर इतिहास रच दिया है। जिला मंडी पहुंचने पर स्वात संघ के जिलाध्यक्ष नरेंद्र वालिया ने पहाड़ी टोपी पहनाकर वरुण को सम्मानित कर सभी सदस्यों ने स्वागत किया। हिमाचल प्रदेश स्वात संघ की महासचिव संतोषी शर्मा ने बताया कि इंडोनेशिया में 24 से 29 जून तक चल रहे 5वें ऐशियन सवात (फ्रेंचबॉक्सिंग) चैंपियनशिप में भारतीय टीम में शामिल हिमाचल प्रदेश के जिला मंडी से वरुण वालिया ने कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया। वरुण वालिया जूनियर बालक वर्ग-42 किग्रा में ईरानी बॉक्सर से सेमीफाइनल राउंड में पराजित हुआ। भारतीय टीम में 8 खिलाड़ियों ने भाग लिया था, जिसमें दो स्वर्ण पदक, दो रजत पदक और चार कांस्य पदक अर्जित किए। (अनंत ज्ञान)

# लडभड़ोल में कार स्किड होने से दुर्घटनाग्रस्त

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**

बगोड़ा-रोपड़ी-जोगिंद्रनगर सड़क में तारापुर के पास सड़क में चिकनी मिट्टी से स्किड होने से एक कार दुर्घटनाग्रस्त होने का मामला सामने आया है। जहां ड्राइवर को मामूली चोटें भी आई हैं। जानकारी मुताबिक जब कार चालक निवासी रोपड़ी-कलैहडु देर रात जा रहा था तो कार चिकनी मिट्टी में स्किड हो गई और दीवार में जा बजी जहां कार मलिक को भारी नुकसान झेलना पड़ा है।

लोगों ने लोक निर्माण विभाग से इस रोड से चिकनी मिट्टी हटाने की मांग की है। लोक निर्माण विभाग लडभड़ोल के सहायक अभियंता पवन गुलेरिया ने बताया कि इस सड़क के बारे में कनिष्ठ अभियंता को निर्देश जारी किए गए हैं कि जहां-जहां इस रोड़ में मिट्टी है वह समय रहते हटाने के आदेश जारी किए गए हैं। (अनंत ज्ञान)

# संसद में गूंजा अग्निपथ स्कीम का मुद्दा : कै. जगदीश

**अनिल शर्मा, मंडी**

संयुक्त मोर्चा ऑफ एक्स सर्विसमैन (जेसीओ एवं ओआर) हिमाचल प्रदेश के चेयरमैन कै. जगदीश वर्मा ने कहा कि हाल ही में चल रही 18वीं लोकसभा के अधिवेशन में विपक्षी नेताओं द्वारा लोकसभा में अग्निवीर के मुद्दे को जोर-शोर से उठाकर सत्ता पक्ष को जवाब देने के लिए मजबूर कर दिया। किसी भी सरकार को भारतीय सशस्त्र सेना में भर्ती प्रक्रिया को बदलने का अधिकार नहीं है और यह योजना देश की सुरक्षा के नाम पर बहुत बड़ा समझौता किया गया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जून 2022 को सशस्त्र सेनाओं की लंबे समय से चली आ रही भर्ती प्रणाली की स्कीम को बंद करके अग्निपथ योजना के बारे में घोषणा कर दी गई। एनडीए के साथी दलों के नेताओं नीतीश कुमार जेडीयू, चंद्रबाबू नायडू तेलुगू देशम पार्टी तथा चिराग पासवान लोजपा ने समर्थन के साथ सरकार से इस नई अग्निपथ योजना के पुनर्निरीक्षण की मांग उठाई है।

कै. जगदीश वर्मा सेवानिवृत्त, महासचिव रमेश कुमार तपवाल, कोषाध्यक्ष सूबेदार मेजर रोशन लाल चौहान तथा अन्य ने योजना के बारे में कहा कि यूनिटों में जवानों की संख्या में कमी आई है, जिससे कि सीमा पर एलएसी और एलओसी पर संचालन करना उतना आसान नहीं रहा है। (अनंत ज्ञान)

**आयोजन** धूमधाम से संपन्न हुआ तीन दिवसीय श्रीदेव माहूंनाग चुनाहन का मेला

# देव मिलन की रस्म रही मेले के आकर्षण का केंद्र

**आदर्श यादव, नेरचौक**

नाचन विधानसभा क्षेत्र के तहत श्री देव माहूंनाग चुनाहन का तीन दिवसीय मेला विधिवत रूप से संपन्न हो गया। मेले में क्षेत्र के दर्जनों देवी-देवताओं ने शिरकत की। देव मिलन की रस्म मेले का मुख्य आकर्षण का केंद्र रही, जबकि पुरुष वर्ग की कबड्डी तथा महिला वर्ग की म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता का भी दर्शकों ने खूब लुफ्त उठाया।

मेले के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि को ऑपरेटिव बैंक निदेशक लाल सिंह कौशल ने शिरकत की। उन्होंने मेला समिति की ओर से मेले में पधारे देवी देवताओं को चादर भेंट कर विदाई दी। मंदिर कमेटी अध्यक्ष रमेश यादव ने मुख्य अतिथि लाल सिंह कौशल को टोपी शॉल व स्मृतिचिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही उन्होंने मेले में पधारे देवी देवताओं, उनके साथ आए हुए देवलुओं तथा मेले में उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत व आभार प्रकट किया।

इस अवसर पर मुख्यातिथि लाल सिंह कौशल ने मेले के सफल आयोजन के लिए मेला समिति को बधाई दी। मुख्य अतिथि ने मेला समिति को मंदिर परिषद में बन रहे सराय भवन के लिए तीन लाख व शौचालय निर्माण के लिए दो लाख 20 हजार रुपए प्रदेश सरकार की ओर से प्रदान करवाने का आश्वासन दिया। (अनंत ज्ञान)



देव मिलन का दृश्य।

### कबड्डी में कृष्णा एकेडमी बिलासपुर विजेता

**मेले** में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता का खिताब कृष्णा एकेडमी बिलासपुर के नाम रहा जबकि हाटेश्वरी स्पोर्ट्स सेंटर हटगढ़ की टीम उप विजेता रही। म्यूजिकल चेयर में महिला मंडल चुनाहन प्रथम जबकि हाटेश्वरी महिला मंडल पाली की टीम उपविजेता रही। इस अवसर पर कांग्रेस एससी विभाग के अध्यक्ष सिद्धू राम भारद्वाज, स्थानीय पंचायत प्रधान पंकज चौधरी, उप प्रधान नीरज गुप्ता सचिव लेखराज, मंदिर के पुजारी सोहन सिंह, मंदिर कमेटी महासचिव मस्तराम व कोषाध्यक्ष कृष्ण चंद्र फौजी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।



विजेताओं को सम्मानित करते हुए।

# बरसात की आहट से ही धंसने लगा पंडोह हाईवे

**अनंत ज्ञान, पंडोह**

चंडीगढ़-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग मंडी से पंडोह के बीच फोर-लेन निर्माण कार्य विवादित तो रहा है साथ ही दुर्घटनाओं में कई लोगों मौत का कारण भी बना है। पिछली बरसात में इस सड़क मार्ग ने चालकों व आम लोगों को खून के आंसु रूलाया था।

बावजूद इसके न तो जिला प्रशासन और ना ही एन एच ए आई ने कोई सबक लिया। अब बरसात की आहट से चार मील के पास निर्माण कंपनी द्वारा निर्मित लाखों का डंगा धंस गया है। वाहन चालक व आम लोग भयभीत हैं। यह डंगा कभी भी गिर सकता है। बरसात में डंगा गिर जाने से सड़क मार्ग फिर से बाधित हो सकता है। यह ऐसा प्वाइंट है कि यहां से वैकल्पिक सड़क मार्ग निकालना असंभव जैसा है।



धंसा हुआ सड़क मार्ग।

लाखों रुपए की लागत से इस डंगे का निर्माण किया गया था। परिणामस्वरूप सड़क मार्ग में बड़ी-बड़ी दरारें साफ दिखाई दे रहीं हैं। जो केएमसी कम्पनी व एन एच ए आई की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान हैं। यह स्थान वाहनों के कलपुर्जों पर भी भारी पड़ रहा है। तथा हादसे का अंदेशा निरंतर बना हुआ है। एक दिन में सड़क मार्ग 4-4 घंटे के लिए बंद करते हुए आम लोगों को परेशान किया जाता रहा है।

पिछली बरसात में भी यहां पर सड़क धंसने से निर्माण कम्पनी की पोल खुली थी। बड़े लम्बे समय बाद यह डंगा निर्मित होने से दो तरफा वाहनों की आवाजाही हो सकी थी। यह घटिया निर्माण सामग्री व नाममात्र एनएचएआई की निगरानी का परिणाम है। इस बारे में कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर राज शेखर ने कहा कि डंगा धंस रहा है। जहां पर सड़क धंस रही है, वहां पर टारिंग की लेयर डाली जा रही है। डंगे में आई दरारों के कारणों को ढूंढकर उसके स्थायी समाधान की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### आभा कार्ड में दर्ज होगा आपका स्वास्थ्य रिकॉर्ड

**राजेश शर्मा, ऊना।** आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट प्रत्येक व्यक्ति का बनेगा। जिसका अधार कार्ड बना है, उसका आभा कार्ड भी बनेगा। इस कार्ड का उद्देश्य सब लोगों के स्वास्थ्य रिकॉर्ड को रखना है। अभी तक ऊना में 4 लाख 35 हजार लोगों के आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट बन चुके हैं। अभी तक एक लाख 20 हजार लोगों के कार्ड बनने के लिए रहते है। स्वास्थ्य विभाग ने जारी एडवाइजरी में कहा है कि जिन लोगों के आधार कार्ड मोबाइल नंबर से लिंक नही हैं, वे अपने नजदीकी लोक मित्र केंद्र मे जाकर अपना आधार कार्ड मोबाइल नंबर से लिंक करवा लें, ताकि वे अपना आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (आभा) बना सकें। अधिक जानकारी के लिए जिला नोडल अधिकारी दीपक चब्बा के मोबाइल नंबर 9882487364 पर संपर्क कर सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

### पंचायत समिति बंगाणा का बजट पारित



बंगाणा पंचायत समिति की बैठक में उपस्थित सदस्य।

**राजेश ठाकुर, बंगाणा।** पंचायत समिति बंगाणा की बैठक मंगलवार को पंचायत समिति कार्यालय में अध्यक्ष देवराज शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में वर्ष 2024-25 का बजट पारित किया गया। बैठक में बंगाणा में एक लाइब्रेरी, बंगाणा बाजार में जो सरकारी भूमि है, उसके ऊपर छोटी दुकानें बनाने का प्रस्ताव, गोविंद सागर झील के तट पर एक रेन शेड, गोविंद सागर झील के पत्तनों की 11 जून को नीलामी भी की जाएगी, इसके लिए जल्द ही नियमावली जारी की जाएगी, का प्रस्ताव पारित हुआ। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने अपनी-अपनी मांगों को सभा पटल पर रखा। इस मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष कृष्ण पाल शर्मा, खंड विकास अधिकारी सुभाष अत्री, पंचायत सब निरीक्षक विजय कुमार, लेखाकार विजय कुमार, पंचायत समिति उपाध्यक्ष जमीत सिंह, सदस्य राजेंद्र सिंह, राजेंद्र राणा, सौरभ, अनीता, कमलजीत कौर, ललिता कुमारी, सीमा देवी, अचछरो बीबी, राज कुमार, त्रिशला देवी, प्रकाश चंद, राज कुमार, जोगिंद्र देव आर्य समेत अन्य उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### एसबीआई ने हवन यज्ञ कर मनाया स्थापना दिवस



एसबीआई गगरेट शाखा में बैंक के 69वें स्थापना दिवस पर हवन यज्ञ किया गया।

**सन्नी पुरी, गगरेट।** भारतीय स्टेट बैंक की गगरेट शाखा में बैंक का 69वां स्थापना दिवस सनातन परंपरा के साथ हवन यज्ञ में आहूतियां डालकर मनाया गया। गगरेट शाखा के मुख्य प्रबंधक रवि अरोड़ा ने बैंक स्टाफ के साथ हवन यज्ञ में भाग लेकर बैंक की समृद्धि की कामना करने के साथ बैंक के उपभोक्ताओं की समृद्धि की भी कामना की। इस दौरान उपभोक्ताओं के साथ केक काटकर भारतीय स्टेट बैंक के स्थापना दिवस की खुशी को साझा किया गया। भारतीय स्टेट बैंक की गगरेट शाखा के मुख्य प्रबंधक रवि अरोड़ा ने बताया कि स्टेट बैंक उपभोक्ताओं को सुविधाजनक व बेहतर सेवाएं देने के लिए प्रयासरत है और बैंक के उपभोक्ता बेहतर सेवाएं पा सकें, इसके लिए हर स्तर पर निगरानी हो रही है। आपके सपनों का घर हो या फिर चौपहिया वाहन लेने की इच्छा, आपकी सब इच्छाओं की पूर्ति की कुंजी एसबीआई ही है। रूफटाप सोलर योजना के लिए वे बैंक से आसान शर्तों पर ऋण हासिल कर अपने बिजली के बिल की भी बचत कर सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

### पूर्व विधायक चैतन्य ने नवगठित कमेटी को दी बधाई



**विवेक शर्मा, अंब।** द बड़ोह भद्रकाली कृषि सेवा सरकारी सभा समिति की प्रबंधन समिति के चुनाव का आयोजन सोमवार को किया गया। इसमें सभा सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभा में चार वार्ड के सदस्यों का चुनाव जहां निर्विरोध हुआ, वहीं, पांच वार्डों के लिए वोटिंग हुई। चुने गए सदस्यों ने बाद में सिकंदर सिंह को प्रधान व मुकेश कुमार को उपप्रधान की कमान सौंपी। सभा सचिव राहुल लखनपाल ने बताया कि चुनाव अधिकारी नरेंद्र पाल खंड निरीक्षण सरकारी सभाएं अशोक कुमार व उमेश शर्मा की देखरेख में संपन्न हुए चुनाव में वार्ड नंबर एक से मास्टर जयदेव सिंह, वार्ड नंबर 2 से प्रदीप कुमार, वार्ड नंबर 4 से सुरेंद्र कुमार, वार्ड नंबर 9 से जोगिंद्र सिंह निर्विरोध सदस्य चुने गए। वार्ड नंबर 3 में कैप्टन यशपाल सिंह टपरियल 102 मतों से विजयी रहे। वार्ड नंबर 5 में सिकंदर सिंह 122 मतों से विजयी रहे। वार्ड नंबर 6 में मुकेश कुमार 88 मतों से विजयी रहे। वार्ड नंबर 7 में बलदेव सिंह 91 में मतों से विजयी रहे। वार्ड नंबर 8 में धर्मेंद्र कुमार 83 मतों से विजयी रहे। सभा के पूर्व अध्यक्ष सरबजीत सिंह, ग्राम पंचायत प्रधान दलविंदर सिंह बबली, पूर्व विधायक चैतन्य शर्मा ने नवगठित सभा को बधाई की। (अनंत ज्ञान)

### बारिश ने खोली गडकरी के विभाग की पोल

**एसएस गौतम, बद्दी।** बरसात की पहली बारिश ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के विभाग की पोल खोल कर रख दी है। बद्दी से नालागढ़ तक केंद्र सरकार ने 17 किलोमीटर के दायरे में फोरलेन बनाने का काम शुरू किया हुआ है। सड़क बनाने वाली पटेल एंड कंपनी ने इस दौरान इस मार्ग को बनाने के लिए जो प्लान बनाया, वह पूरी तरह फेल हो गया। बद्दी ट्रैफिक लाइट चौक, जहां एनएच ने निर्माणाधीन फोरलेन पर नाली नहीं बनाई, जिससे पंकज शर्मा के घरों में पानी चला गया, वहीं रमन कौशल की खेती वाली जमीन भी लबालब हो गई। वहीं, पानी की उचित निकासी न होने से बरसाती पानी महाराणा प्रताप के वांशिदे विवेक इंदीवर के घर में चला गया और उनके घर व बसेरा गेस्ट हाऊस की दीवार को नुकसान पहुंचा है। एनएच दो साल में निर्माणाधीन हाईवे पर अभी तक नालियां ही नहीं बनाया पाया जिससे किसानों व स्थानीय कालोनियों में पानी घुस रहा है और लोगों को परेशानियां झेलनी पड़ रही हैं। (अनंत ज्ञान)

# अतिक्रमण से हर कोई परेशान

## लोगों ने की प्रशासन से समस्या से छुटकारा दिलवाने की अपील





दुकान से बाहर सजाया गया सामान (दाएं) सब्जी विक्रेता ने फुटपाथ पर सजाई सब्जियां जो कि राहगीरों के लिए परेशाना का सबब बन रही हैं।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा के तहत बंगाणा बाजार में फुटपाथ पर दुकानें सजाने वाले दुकानदार बाज नहीं आ रहे हैं। दुकानदार दुकान का सामान सड़क तक लगा दे रहे हैं, ऐसे में राहगीरों को चलना-फिरना मुश्किल हो गया। दिन-प्रतिदिन दुकानदारों का अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है। फुटपाथ पर दुकानदार दुकान का सामान रख देते हैं। पहले भी कई बार दुकानदारों को बोला गया है कि वे अपना सामान सड़क तक न फैलाएं लेकिन फिर भी कुछ दुकानदार नहीं मानते हैं और वे अपना सामान जैसे सब्जी, मनियारी, करियाना आदि सड़क तक फैला रहे हैं।

**लोगों ने दी चेतावनी, कहा-नहीं तो होगा धरना-प्रदर्शन**

राह चलते राहगीरों और स्थानीय लोगों में अर्पण, शिखा शर्मा, रमन राणा, सुभाष, विपुल, साहिल, सीमा देवी, गुलशन कुमारी, राहुल, शिवम आदि ने प्रशासन से मांग की है कि वे फुटपाथ को जल्द से जल्द खाली करवाए, अन्यथा बाजार में धरना प्रदर्शन किया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# देहरा, नालागढ़ और हमीरपुर में भाजपा का होगा सूपड़ा साफ : कांग्रेस

**राजेश शर्मा, ऊना**



कामरेड जगत राम शर्मा व अन्य।

राष्ट्रीय इंटक के संगठन सचिव व प्रदेश के इंटक के महासचिव कामरेड जगतराम शर्मा ने प्रेस वार्ता की। इसमें उन्होंने स्पष्ट किया कि इंटक की पल-पल की रिपोर्ट के मुताबिक कांग्रेस पार्टी जीत रही है देहरा में एकतरफा कमलेश ठाकुर की जीत होगी। नालागढ़ और हमीरपुर से भी कांग्रेसी प्रत्याशी भारी बहुमत से जीत हासिल करेंगे। कामरेड जगत राम ने कहा कि हिमाचल प्रदेश कर्मचारी प्रधान देश है, जहां पर कर्मचारी, मजदूर, किसान मध्यम वर्ग छोटे व्यापारी सभी कांग्रेस को ही समर्थन करते हैं और उन्होंने आगे बताया कि पिछले उपचुनाव में भी कांग्रेस के 4 ही प्रत्याशी विजय हुए और इस बार भी कांग्रेस के ही प्रत्याशी विजय होंगे।

जगतराम ने अपनी बात को स्पष्ट करते हुए बताया कि जिन लोगों ने लोकसभा चुनाव में भाजपा को वोट डाली, वे अब पछता रहे हैं अपनी भूल को सुधार करने के लिए कांग्रेस की तरफ आ रहे है। राहुल गांधी अब किसान, मजदूर और कर्मचारियों के समर्थन से ही समर्थन लेकर लोकसभा के विपक्ष के नेता बने हैं और बहुत बड़ी शक्ति से किसानों, मजदूरों आम विद्यार्थियों, आम लोगों की आवाज बुलंद करते हैं।

जगत राम ने बताया कि आने वाले दिनों में पंजाब इंटरक के नेता भी हिमाचल में चुनाव के संदर्भ में आएंगे और राष्ट्रीय इंटक अध्यक्ष डॉक्टर जी संजीवा रेड्डी और राष्ट्रीय महासचिव संजय सिंह ने पूरे हिमाचल के लोगों के लिए आह्वान कर दिया कि सभी लोगों को साथ लेकर इंटक के प्रत्याशियों का समर्थन करें क्योंकि आने वाला भविष्य कांग्रेस के हाथों में ही कर्मचारी और मजदूर किसानों का हित सुरक्षित है। (अनंत ज्ञान)

# बरसात के मौसम में डेंगू-मलेरिया होने की सबसे अधिक आशंका

**अभिषेक कुमार, ऊना**

डेंगू से बचाव को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने जागरूकता अभियान शुरू कर दिया है। अभियान को आशा वर्कर्स के माध्यम से हर घर तक पहुंचाने का काम किया जाएगा। इसके अलावा स्वास्थ्य खंड अधिकारियों को भी अपने-अपने क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम चलाने और उपचार संबंधित सभी व्यवस्थाओं को पूरा करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एसके वर्मा ने कहा की डेंगू को लेकर लोगों को जागरूक करने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने कमर कस ली है। बरसात के दौरान डेंगू के मामले बढ़ने की आशंका अधिक रहती है।

**विभाग ने सभी खंड स्वास्थ्य अधिकारियों को जारी किए निर्देश**

इस अभियान के तहत डेंगू के लक्षणों, बचाव और इलाज के बारे में जानकारी प्रदान करने के लिए आशा वर्कर्स और आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाएगा। अभियान के तहत जनता को मच्छरों के ब्रीडिंग स्थलों की सफाई रखने, मलेरिया के लक्षणों को पहचानने और उपचार के लिए स्वस्थ व्यवहार को बढ़ावा देने के लिए संदेश पहुंचाने का कार्य किया जाएगा।

डेंगू से बचाव के लिए पंचायतों के सहयोग से गांवों, तालाबों और अन्य स्थानों पर जहां पानी जमा है, वहां छिड़काव भी किया जाएगा।

**क्या हैं डेंगू के लक्षण**

डेंगू के लक्षणों में चक्कर आना, सांस फूलना, उल्टी, सर्दी के साथ बुखार आदि शामिल हैं। कई बार व्यक्ति बेहोश भी हो जाता है। डेंगू से बचाव के लिए अपने आसपास पानी जमा न होने दें। पानी से भरे गड्ढों में मिट्टी भर दें। टायरों को बिखरे न रहने दें। पानी के सभी बर्तनों, टंकियों को ढक कर रखें। मलेरिया के लक्षण दिखने पर निजी स्वास्थ्य केंद्रों में अपनी स्वास्थ्य जांच करवाएं। डेंगू को लेकर स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से सतर्क है। लोगों को आशा वर्कर्स के माध्यम से डेंगू से बचाव को लेकर जागरूक किया जा रहा है। अगर किसी व्यक्ति को डेंगू के लक्षण महसूस होते हैं, तो वह नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र में जाकर उपचार जरूर करवाए।

# रायपुर मैदान में क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



राजा महिंद्र पॉल मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता के शुभारंभ पर मुख्यातिथि और अन्य गणमान्य।

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के अधीन आते रायपुर मैदान में राजा महिंद्र पॉल मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज बड़ी ही धूमधाम से हुआ, जिस में बतौर मुख्यातिथि ऊना नगर के संस्थापक के वंशज बाबा अमरजोत सिंह बेदी ने क्रिकेट कप खेलने आई टीमों के साथ परिचय कर व टास करा कर टूर्नामेंट की शुरुआत की। इस मौके पर उन्होंने सभी टीमों का स्वागत किया व अपने संबोधन में कहा कि इस परिवार के साथ मेरे बहुत पुराना संबंध है और लगातार ये समाज कल्याण के लिए कार्य करते आ रहे हैं। वहीं, राजा शिवेंद्र पॉल टिक्का की तारीफ करते हुए कहा कि इन्होंने इस तरह का कार्यक्रम आयोजित कर एक नई मिसाल दी है तथा इस प्रकार के और आयोजन होने चाहिएं।

वहीं, इस टूर्नामेंट के आयोजक राजा शिवेंद्र पाल टीका ने बताया कि यह टूर्नामेंट मैं अपने दादा जी की याद में करवा रहा हूं। 4 जुलाई को उनका जन्मदिन है और हमने इस टूर्नामेंट को 2, 3 व 4 जुलाई को करवाने का फैसला लिया था और आज से इस टूर्नामेंट का आगाज किया गया है। उन्होंने कहा हर साल 2 से 4 जुलाई को इसी प्रकार का आयोजन किया जाएगा, ताकि युवाओं को आगे बढ़ने का मौका मिले। उन्होंने टूर्नामेंट के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि हमारे पास इस टूर्नामेंट में खेलने के लिए लगभग 52 टीमों ने आवेदन किया था, जिस में से 32 टीमों का चयन किया गया था। पहले और दूसरे दिन लीग मैच आयोजित होंगे व अंतिम दिन 4 जुलाई को क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल व लंच के उपरांत फाइनल मैच करवाया जाएगा।

फाइनल मैच में भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व खिलाड़ी मुख्यातिथि के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाएंगे। वहीं, उन्होंने बताया कि 8 ओवर का हर एक मैच निर्धारित किया गया है। जीतने वाली टीम को 31 हजार व रनरअप टीम को 21 हजार का इनाम कमेटी द्वारा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हर मैच में मेन ऑफ द मैच प्लेयर भी निकाला जाएगा। उन्होंने कहा कि मेन ऑफ द सीरीज वाले खिलाड़ी को विशेष पुरस्कार से नवाजा जाएगा।

उन्होंने आज हुए मैचों की जानकारी देते हुए बताया कि पहला मैच एमसी पार्क ऊना व प्रोइयां इलेवन के बीच हुआ। इसमें प्रोइया इलेवन ने जीत दर्ज की, वहीं दूसरा दोबड़ व खुरवाईं के बीच हुए जिस में खुरवाईं ने बाजी मारी, तीसरा मैच कोलका ओर ड़ोहक के बीच हुआ, जिसमें ड़ोहक ने जीत दर्ज की। इस मौके पंचायत समिति बंगाणा के सदस्य जोगिंद्र देव आर्य, बाल कृष्ण डोगरा, पूर्ण चंद ठाकुर, राजेश कुमार, साहिल सिंह राणा, गजेंद्र सिंह राणा, मनीष कुमार, विजय कुमार, अभय पराशर, संजीव कुमार बीओ रामगढ़ धार उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# एमएसपी से 30 प्रतिशत अधिक लाभ पर शराब बेची तो होगी कार्रवाई : डोगरा

**अनंत ज्ञान, ऊना।** उपायुक्त राज्य कर व आबकारी ऊना विनोद सिंह डोगरा ने बताया कि ऊना जिले में शराब की खुदरा दुकानों एल-2 अथवा एल-14 पर निर्धारित एमएसपी 30 प्रतिशत से अधिक शुल्क लिए जाने पर 8 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनकी जांच पड़ताल उपरांत आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। डोगरा ने बताया कि गत वर्ष तक शराब का अधिकतम बिक्री मूल्य यानी एमआरपी निर्धारित किया जाता रहा है, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 में सरकार द्वारा शराब का न्यूनतम बिक्री मूल्य यानि एमएसपी निर्धारित किया गया है। वार्षिक आबकारी घोषणाएं 2024-25 की शर्त संख्या 10.37 के अनुसार शराब विक्रेता एमएसपी पर 30 प्रतिशत तक ही लाभ ले सकता है।

उन्होंने बताया है कि यदि कोई एल-2 अथवा एल-14 शराब विक्रेता एमएसपी से 30 प्रतिशत से ज्यादा शुल्क लेता या बिना होलोग्राम शराब बेचते हुए पाया जाता है तो विभाग के मोबाइल नंबर 9736661553, कार्यालय के दूरभाष नंबर 01975-226088 या ई-मेल पर संपर्क किया जा सकता है।



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल चुनाव प्रचार करते हुए।

# बीबीएन में अराजकता के माहौल को शांत करवाने के लिए भाजपा को जिताना जरूरी : बिंदल

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने नालागढ़ विधानसभा उपचुनाव में प्रचार के दौरान कहा कि भाजपा और कांग्रेस के प्रत्याशियों में तुलना करें कि कौन सा उम्मीदवार आपके लिए अच्छा है, जो हर समय आप के साथ आपके सुख-दुख में खड़ा रहे। बिंदल ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी केएल ठाकुर आपका जांचा परखा हुआ है, जिस पर कोई आरोप नहीं, दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी का उम्मीदवार है, जिसको सभी जानते हैं कि किस प्रवृत्ति का है।

नालागढ़ में पिछले डेढ़ साल में इस सरकार के संरक्षण में नशे का कारोबार, अवैध खनन का कारोबार किस प्रकार फैला, यह आपको बताने की आवश्यकता नहीं है। उद्योगों में वसूली के साथ-साथ भय का माहौल बना हुआ है। इस अराजकता के माहौल को शांत करने के लिए भाजपा के प्रत्याशी को जिताना जरूरी है, अब फैसला आप लोगों ने करना है। मैंने हलके में कई स्थानों का दौरा किया और लोगों से भी मिला, लेकिन जिस प्रकार भाजपा प्रत्याशी को मिल रहा अपार समर्थन उससे साफ जाहिर हो गया कि केएल ठाकुर की जीत निश्चित है। बिंदल ने मंगलवार को नालागढ़ के एकदिवसीय दौरे के दौरान उपरली साई (चढ़ोग), नेरली, डोली, सुन्ना, जबाखड़, धर्माणा, गदोन्र, बकौंटा, बड्डु, गुनाहा, रामशहर आदि स्थानों पर संबोधित किया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक लखविंद्र राणा ने कहा कि पूरे नालागढ़ विधानसभा हलके में भाजपा की लहर है।

# 13 जुलाई को आयोजित होगी ग्राम सभा की विशेष बैठक : डीसी

**अनंत ज्ञान, ऊना**

सभी गांवों को खुले में शौच मुक्त एवं मॉडल बनाने के लिए नियम बनाए गए हैं, जिसमें ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन, ग्रे वाटर प्रबंधन, जैव विखंडनीय कचरा प्रबंधन और प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन जैसे विभिन्न प्रमुख घटकों के कार्यान्विन को शामिल किया गया है।

**गांव को खुले से शौच मुक्त एवं मॉडल बनाने को लेकर होगी विशेष चर्चा**

इसी संदर्भ में जिला ऊना की सभी गांवों को खुले से शौच मुक्त एवं मॉडल घोषित करने के उद्देश्य से समस्त ग्राम पंचायतों में 13 जुलाई को ग्राम सभा की विशेष बैठक आयोजित की जा रही है। उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन के दिशा-निर्देशों के तहत किसी गांव को खुले में शौच मुक्त एवं मॉडल घोषित करने से पहले ग्राम सभा का प्रस्ताव अनिवार्य है। प्रदेश के अधिकतर गांवों ने खुले में शौच मुक्त मॉडल बनने के लिए आवश्यक प्रोटोकाल को पूरा कर लिया है। उन्होंने सभी ग्रामीणों से इस बैठक में भाग लेने का आह्वान किया ताकि लक्ष्य को पूरा किया जा सके।

# मानसून के चलते विभाग ने रद्द की माइनिंग लीज

**अभिषेक कुमार, ऊना**

खनन विभाग द्वारा मानसून सीजन को ध्यान में रखते हुए एक जुलाई से लेकर 15 सितंबर तक जिला ऊना की रिवर बैड वाली सभी खनन लीज को सस्पेंड कर दिया है। इसके साथ ही विभाग द्वारा सभी स्टोन क्रशर मालिकों को लिखित आदेश भी जारी कर दिए गए हैं। हालांकि जिला के तमाम नदी-नालों में खनन करने के लिए दी गई लीज तुरंत प्रभाव से रद्द कर दी गई है, जबकि जिला के पहाड़ी क्षेत्र के लिए यह आदेश लागू नहीं होगा।

मानसून सीजन को ध्यान में रखते हुए खनन विभाग द्वारा जिला भर के नदी-नालों में आवंटित की गई माइनिंग लीज को तुरंत प्रभाव से अढ़ाई महीने के लिए रद्द कर दिया है। जिले भर में स्थापित किए गए स्टोन क्रशर उद्योगों के प्रबंधकों और मालिकों को लिखित आदेश जारी करते हुए इसकी अलग से सूचना भी जारी कर दी गई है। जिला खनन अधिकारी नीरज कांत ने बताया कि एक जुलाई से लेकर 15 सितंबर तक प्रतिवर्ष खनन पट्टों को रद्द किया जाता है। साल भर नदी-नालों में खनन के बाद मानसून का सीजन रेस्टोरेशन के लिए अहम माना जाता है। इसी के चलते यह आदेश जारी कर दिए गए हैं।

**ऊंचाई वाले और पहाड़ी क्षेत्रों को इस आदेश से रखा गया है अलग**

उन्होंने कहा कि इन आदेशों के बाद एक जुलाई से 15 सितंबर तक कोई भी व्यक्ति यदि नदी-नालों में खनन करता हुआ पाया जाता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। हालांकि जिला के ढलान वाले क्षेत्रों में ये आदेश लागू नहीं होंगे। मानसून सीजन में किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए ऊंचाई वाले और पहाड़ी क्षेत्रों को पूरी तरह से इस आदेश से अलग रखा गया है। (अनंत ज्ञान)

**बैठक** बाल विकास परियोजना अधिकारियों व पर्यवेक्षकों के साथ की चर्चा

# 4 अक्तूबर तक चलेंगे मिशन शक्ति योजना के शिविर

**राजेश शर्मा, ऊना**

जिला कल्याण भवन के कॉन्फ्रेंस हॉल में मंगलवार को जिला स्तरीय बैठक का आयोजन जिला कार्यक्रम अधिकारी नरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में मिशन शक्ति योजना के तहत आयोजित किए जा रहे 100 दिवसीय शिविरों की कार्य योजना पर समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारियों व पर्यवेक्षकों के साथ विस्तापूर्वक चर्चा की गई।



जिला कार्यक्रम अधिकारी कर्मचारियों के साथ बैठक करते हुए।

जिला कार्यक्रम अधिकारी नरेंद्र कुमार ने बताया कि मिशन शक्ति योजना के तहत आयोजित किए जा रहे शिविर 4 अक्तूबर तक चलेंगे जिसमें महिला व बाल विकास विभाग द्वारा जन भागीदारी द्वारा महिलाओं से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' व प्रधानमंत्री मात्रु वंदना योजना की जानकारी सभी लोगों तक पहुंचाने के लिए विशेष ड्राइव आयोजित किए जाएंगे।

इसके अतिरिक्त सीडब्ल्यूसी की अध्यक्ष मीनाक्षी राणा ने महिलाओं से संबंधित कानूनों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह कानून एक जुलाई 2024 से पूरे भारत में लागू किए गए हैं। घरेलू हिंसा एक्ट 2005 व यौन शोषण से लेकर मॉब लिंचिंग तक के लिए कानून होने के बाद कई धाराएं और सजा के प्रावधान में बदलाब की विस्तृत जानकारी दी।

भारतीय नया संहिता 2023 में चेन स्नेचिंग के संबंधित में मिलने वाली सजा के बारे में बताया गया तथा नए अपराधिक कानूनों में एसिड हमलों में मिलने वाले दंड संबंधित जानकारी दी। कार्यशाला में जिला कार्यक्रम अधिकारी ऊना नरिंद्र कुमार, बाल विकास परियोजना अधिकारी ऊना कुलदीप सिंह दयाल, बाल विकास परियोजना अधिकारी धुंदला, रुपेश कुमार तोमर, चेयरपर्सन बाल कल्याण समिति मिनाक्षी राणा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

**31 अगस्त तक चलेगा स्टॉप डायरिया कैंपेन**

जिला कार्यक्रम अधिकारी नरेंद्र कुमार ने बताया कि स्टॉप डायरिया कैंपेन एक जुलाई से 31 अगस्त तक चलाया जा रहा है। इसमें बच्चों में डायरिया की रोकथाम के लिए जागरूक शिविरों में साफ-सफाई के बारे में जानकारी देना जैसे कि साफ पानी, हाथ धोना, साफ खाना जैसे कार्यप्रणाली को अपनाने के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। बाल विकास परियोजना अधिकारी ऊना कुलदीप सिंह दयाल ने समस्त वृत्त पर्यवेक्षकों को लोगों को जलजनित बीमारियों से बचाव के लिए जागरूक करने को कहा।


**कार्यालय ग्राम पंचायत भैणी खड्डु**
**विकास खंड हरोली, जिला ऊना (हि.प्र.)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भैणी खड्डु विकास खंड हरोली, जिला ऊना (हि.प्र.) वित्त वर्ष 2024-25 के लिए मनरेगा व अन्य कार्यों के लिए सामग्री निविदाएं आमंत्रित करती है विक्रेताओं से अनुरोध है कि वह निम्नलिखित अनुसार अपनी/फर्मों अतः निविदा भरकर दिनांक 04.07.2024 को सायं 5 बजे तक ग्राम पंचायत भैणी खड्डु के कार्यालय में जमा करवाएं यह भी सूचित किया जाता है कि फर्मों /विक्रेताओं के पैन नंबर/ टी नंबर व पेपर ब्लैक की लैबोटेरी टेस्टिंग रिपोर्ट अनिवार्य है क्रय की जाने वाली एस.जीः-सामग्री का ब्यौरा निम्न प्रकार है।

सरिया आई.जी. चादर बैल्डिंग तार टायल, ईंट पक्की प्रति ईंट, प्रति किलोग्राम 40,60,80 एमएम प्रति पीस- स्टील एंगल प्रति स्टील के दरवाजे खिड़की रोशनदान, प्रति किलोग्राम एम प्रति घन मीटर, 10,20,40एमएम धुला रेता बजरा क्रैशर बजरी, फार्म सहित, वाटर, मिक्कर मशीन प्रति दिन, शटरिंग प्रति वर्ग फुट, सामग्री प्रति पीस रेता स्वां नदी बजरा लोकल ट्रिप सीमेंट किराया हरोली से प्रति चक्कर स्टोन डस्ट मिटटी भर्ती प्रति ट्राली मिक्सचर प्रति दिन टैंक प्रति टैंक रंग रोवन, पीबीसी प्रति पीस, बिजली बाइंडिंग सामग्री, पाइप, जीआई सॉकेट रोल व यूनियन मोहर बंद निविदाएं दिनांक 05.07.2024 को सुबह 11 बजे निविदादाता व उसे अधिकृत व्यक्ति एवं पंचायत के समक्ष खोली जाएगी। पंचायत को निविदा को बिना कारण रद्द व स्वीकार करने का अधिकार है।

प्रधान/सचिव
ग्राम पंचायत भैणी खड्डु
विकास खंड हरोली, जिला ऊना (हि.प्र.)

## न्यूज ब्रीफ

### घायल बैल की पट्टी कर कमाया पुण्य

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** पार्वती कला मंच के कार्यकर्ताओं की रेस्क्यू टीम ने छोड़े गए मेवेशियों में जो कि सरसाड़ी में संडूक किनारे पड़े थे। किसी अज्ञात गाड़ी ने सड़क के किनारे एक सोए बैल के पैर के ऊपर गाड़ी चढ़ा दी और पैर तोड़ दिया है। पार्वती कला मंच की टीम को जब यह पता चला, तो कला मंच की टीम उसे बैल की देखभाल के लिए रवाना हुई। कला मंच की रेस्क्यू टीम ने मवेशी को पकड़ा और उसकी टूटी हड्डी में प्लास्टर लगा दिया और दवाई लगाकर मवेशी के पैर की दुरुस्ती कर नेक कार्य किया। बेल के पांव के ऊपर गाड़ी किसने चढ़ाई इसका पता नहीं चल पाया। कला मंच के सदस्यों ने प्रशासन पर सरकार से आग्रह किया है कि इस तरह की दुर्घटनाओं पर अंकुश लगना चाहिए। आवारा छोड़े हुए पशुओं के लिए गोसदन खोले या फिर सड़कों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं, ताकि ऐसी हरकत करने वालों को सजा मिल सके। उपप्रधान दिलेराम, पुजारी सेवक रामराज, मुकेश, चंद्रपाल का कहना है सड़क पर छोड़े मवेशियों का कोई दोष नहीं है क्योंकि दोष तो उन लोगों का है, जिन्होंने इनको आवारा छोड़ा हुआ है। (अनंत ज्ञान)

### कृषि विकास सिंचाई संघ के प्रधान बने संजय

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू।** कृषि विकास उठाऊ सिंचाई संघ बशौणा की रविवार को कुल्लू अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के प्रधान अमर ठाकुर की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें संघ की नई कार्यकारिणी के चुनाव भी करवाए गए। इसके लिए अमर चंद ठाकुर को चुनाव अधिकारी और गेहर सिंह ठाकुर को सहायक चुनाव अधिकारी नियुक्त किया। कृषि विकास उठाऊ सिंचाई संघ बशौणा का संजय ठाकुर को प्रधान चुना गया। वरिष्ठ उपप्रधान हरदयाल, महासचिव जितेंद्र सिंह, अतिरिक्त महासचिव देशराज को बनाया गया। वित्त सचिव पन्ना लाल, लेखा निरीक्षक चेतन सिंह, प्रेस सचिव डीके शर्मा, कार्यालय सचिव बुधराम, उपाध्यक्ष शिव दयाल और योगराज, गेहर सिंह, चुनी लाल, रमेश, अमर चंद आदि को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया। मदन लाल, सालगी राम, यान सिंह, राजेंद्र, खेम चंद, चेतन सिंह को वार्ड सदस्य चुना गया। कृषि विकास उठाऊ सिंचाई संघ बशौणा के प्रधान के नवनिर्वाचित प्रधान संजय ने कहा कि किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### स्थानीय उत्पादों की लगाई प्रदर्शनी

**कमलेश वर्मा, केलांग।** भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ लिमिटेड (ट्राइफेड), जनजातीय कार्य मंत्रालय के सौजन्य से जिला लाहौल-स्पीति के उदयपुर अंबेदकर भवन में मेले का अयोजन किया गया। ट्राइफेड के डायरेक्टर सुदर्शन जस्पा बतौर मुख्यातिथि उपस्थित हुए। इस दौरान घाटी के 50 स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने भाग लिया। उन्होंने अपने स्थानीय उत्पादों की हस्तशिल्प उत्पाद, ऊनि वस्त्र, चादरु, थोबी, ऊनि जुराबें, दस्ताने, गुरणु, गुच्छी, काला जीरा व जोलणु सहित अन्य स्थानीय उत्पाद की प्रदर्शनी लगाई। ट्राइफेड के निदेशक सुदर्शन जस्पा ने बताया कि ट्राइफेड भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर की सहकारी संस्था है। देश के विभिन्न जनजातीय क्षेत्रों के स्थानीय उत्पादों की ब्रांडिंग मार्केटिंग राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर करते हैं, ताकि समृद्ध जनजातीय संस्कृति को विलुप्त होने से बचाया जा सके और लोगों की आर्थिकी सुदृढ़ हो सके। सरकार की ओर से सभी को आत्मनिर्भर बनाने की राह पर यह कदम उठाए जा रहे हैं, जिससे सेल्फ हेल्प ग्रुप उत्पादों का उचित मूल्य पर बेचकर आत्मनिर्भर बन सके। ट्राइफेड की ओर से समय-समय पर देश भर के अलग-अलग राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में आदि बाजार, आदि महोत्स्व जैसे व्यापार मेले व प्रदर्शनियों का आयोजन किया जाता है, जिसमें जनजातीय कारीगरों का ट्राइफेड की ओर से ही सारा खर्चा उठाया जाता है। इससे कारीगरों को अपने उत्पाद के लिए बड़ा बाजार मिलता है। उन्होंने सभी को इस प्रकार के आयोजनों का भरपूर लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। ट्राइफेड की ओर से स्थानीय उत्पादों के सर्वसहमति से मूल्य भी निर्धारित किए गए। (अनंत ज्ञान)

# हलाण-2 और कटराई पंचायतें नहीं करवा पा रहीं मैदान खाली

## मैदान बना पार्किंग स्थल, चारों ओर फैली गंदगी, दोनों पंचायतें नहीं कर रहीं कार्रवाई, लोगों को असुविधा का करना पड़ रहा सामना

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

कुल्लू और मनाली के बीच स्थित पतलीकूहल कस्बा बढ़ी तेजी से व्यापारिक क्षेत्र बनता जा रहा है। कुल्लू से मनाली तक राजमार्ग के बनने के बाद पतलीकूहल में कई लोग व्यापार करने की और आकर्षित हो रहे हैं।

पतलीकूहल के पुराने बाजार को बचाने के लिए राजमार्ग को पतलीकूहल के बाहर से निकाला गया है, जिसके चलते लोग अब पतलीकूहल की पुरानी सड़कों पर गाड़ियों को पार्क कर रहे हैं, जिससे लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने पतलीकूहल में स्थित एकमात्र खेल मैदान को ही लंबे समय से पार्किंग का अड्डा बना रखा है। मैदान में पार्किंग के चलते स्थानीय बच्चे खेल नहीं पा रहे हैं। पार्किंग के चलते ही शाम को अभिभावक भी अपने बच्चों के साथ घूम नहीं पा रहे हैं। पंचायत द्वारा आराम के लिए लगाए यह


पतलीकूहल स्थित खेल मैदान में पार्क किए गए वाहन।

बैंच शोपीस की भूमिका बखूबी निभा रहे हैं। मैदान में पार्किंग के चलते जगह-जगह गंदगी के ढेर लग चुके हैं, लेकिन मैदान के लिए लड़ने वाली हलाण-2 और कटराई पंचायतों को मैदान की साफ-सफाई की कोई परवाह नहीं है। वैसे तो दोनों पंचायत अपने-अपने क्षेत्र में खंड विकास अधिकारी के कहने पर सफाई का विशेष ध्यान रख रही हैं, लेकिन इस मैदान की दोनों पंचायतों को कोई परवाह नहीं है। इस मैदान में पार्किंग का यह कोई पहला मामला नहीं है, इससे पहले भी कई बार इस मैदान को प्रशासन के आदेश के बाद खाली करवाया गया है। मैदान में बार-बार लोगों की ओर से पार्किंग करना दोनों पंचायतों की नाकामी को दर्शाता है। कटराईं पंचायत हर वर्ष इस मैदान को व्यापारिक गतिविधि के लिए डोम लगाने को देती है, जिसके बदले पंचायत को मोटी रकम अदा की जाती है, लेकिन खेद की बात है कि इस मैदान पर उन पैसों से किसी प्रकार की मरम्मत नहीं की जाती। पार्किंग और डोम के करण मैदान के फर्श पर बिछाई गई कंकरीट उखड़ गई है, लेकिन पंचायतों को बच्चों के खेल अभ्यास से कोई लेना देना नहीं है।

इस मैदान को व्यापारिक गतिविधियों के लिए बिलकुल भी प्रयोग न किया जाए क्योंकि पतलीकूहल में यह एकमात्र मैदान है और इस मैदान पर बच्चे अपनी खेलो का अभ्यास करते हैं। लोगों का कहना है कि प्रशासन को पंचायतों को शीघ्र मैदान खाली करवाने का आदेश देना चाहिए। (अनंत ज्ञान)

> हमने पहले भी दो बार मैदान में वाहन पार्क करने वालों से आग्रह किया है कि अपने वाहनों को मैदान से बाहर निकाल लें, लेकिन अभी भी मैदान में वाहन पार्क किए जा रहे हैं। अब पंचायत वाहन मालिकों को एक सप्ताह का समय देती है यदि इस दौरान वाहन नहीं हटाए जाते हैं, तो मैदान में गेट लगाकर इसे बंद किया जाएगा। पंचायत नहीं चाहती कि बच्चों के खेल अभ्यास में किसी प्रकार का व्यवधान पड़े इसलिए हलाण पंचायत मैदान को किसी व्यापारिक संस्था को नहीं देगी।
> **सीमा देवी, प्रधान ग्राम पंचायत हलाण-2।**

> मामला मेरे ध्यान में है, मैदान को खराब नहीं होने दिया जाएगा। मैदान का शीघ्र ही मौका किया जाएगा उसके बाद आगामी कार्रवाई अमल में लाए जाएगी।
> **विकास शुक्ला**
> **एसडीएम कुल्लू।**

## सब्जी मंडी पतलीकूहल में अच्छे दामों में बिक रहा प्लम, नाशपाती

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

पतलीकूहल सब्जी मंडी में प्लम के साथ नाशपाती के सीजन की भी शुरुआत हो चुकी है। पतलीकूहल के साथ लगते क्षेत्रों में प्लम के साथ नाशपाती तुड़ान ने भी जोर पकड़ लिया है।

जून में कम बारिश के चलते इस बार नाशपाती का आकार अच्छा नहीं बन पाया है। फिर भी बागवानों ने नाशपाती की तुड़ान शुरू कर दी है। आने वाले दिनों में मंडियों में नाशपाती की भी ज्यादा खेप आने की संभावना है। वहीं, पतलीकूहल सब्जी मंडी में सुबह से ही बागवान अपने उत्पाद बेचने के लिए पहुंच रहे हैं और प्लम के साथ नाशपाती ने भी दस्तक देना शुरू कर दिया है। कुल्लू, मनाली के मध्य स्थित पतलीकूहल सब्जी मंडी की शॉप नंबर-11 के आढ़ती अजय ने कहा कि मंगलवार को



प्लम 20 से 70 रुपए और नाशपाती 30 से 100 रुपए प्रति किलो तक बिक रही है। पतलीकूहल सब्जी मंडी के अध्यक्ष कुंज लाल ठाकुर का कहना है कि बागवानों को प्लम और नाशपाती के अच्छे दाम मिलने से लोगों की आर्थिकी बढी है। वहीं, 20 जुलाई के करीब सेब भी सब्जी मंडी में पहुंचना शुरू हो जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## शिविर में दो नए दिव्यांग पहचाने

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

जिला रेडक्रॉस अध्यक्ष एवं डीसी जिला कुल्लू तोरुल एस रवीश ने बताया कि जिला रेडक्रॉस कुल्लू द्वारा संचालित आदर्श जिला दिव्यांगता पुनर्वास केंद्र के माध्यम से विकास खंड कुल्लू की पंचायत खड़ीहार व शिलीराजगिरी में दिव्यांगता पुनर्वास आकलन शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर में 26 दिव्यांगजनों का पंजीकरण हुआ । इस शिविर में 25 ऐसे दिव्यांगजन पाए गए, जिनकी दिव्यांगता का आकलन मेडिकल बोर्ड से हो चुका है तथा उनकी दिव्यांगता को दृष्टिगत उनकी पुनर्वास आवश्यकताओं का आकलन करते हुए 10 व्यक्तियों को सहायक उपकरण के लिए पात्र पाय गए तथा उनके मौके पर केस तैयार किए गए। पांच व्यक्तियों को स्वयं रोजगार ऋण के लिए चिन्हित किया गया। छह व्यक्तियों की ऑडियोमेट्री करके उनकी सुनने की


खड़ीहार व शिलीराजगिरी पंचायत में दिव्यांगता पुनर्वास शिविर में चैकअप करते हुए।

क्षमता का आकलन किया गया तथा उनमें से एक व्यक्ति को इस माह के आखिरी शनिवार को मेडिकल बोर्ड के सम्मुख प्रस्तुत होने का सुझाव दिया गया। उपरोक्त शिविर में दो नए दिव्यांग की पहचान की गई तथा उन्हें मेडिकल बोर्ड से दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी करने की विस्तृत जानकारी देते हुए उन्हें इसी माह के आखिरी शनिवार को मेडिकल बोर्ड के सम्मुख प्रस्तुत होने का सुझाव दिया गया। इन शिवरों में स्थानीय निवासी, खड़ी हार व शिलीराजगिरी पंचायत के प्रधान, उपप्रधान, पंचायत सदस्यों, आशा वर्कर्स व आंगनबाड़ी वर्कर्स ने भी भाग लिया। (अनंत ज्ञान)

## छह जुलाई को दिव्यांगता शिविर

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** चिकित्सा अधीक्षक क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू डॉ. नरेश ने कहा कि क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में छह जुलाई को दिव्यांगता शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सा अधिकारी अपनी सेवा देंगे। दिव्यांगता शिविर में एमडी मेडिसिन डॉ. कल्याण ठाकुर, डॉ. नेहा वर्मा व डॉ. नितीश कुमार, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. संतुष्ट शर्मा, एमएस आंख, नाक, गला विशेषज्ञ एमएस डॉ. सुमित वालिया व डॉ. दीपशिखा एमएस शल्य चिकित्सा, डॉ. सम्राट चटर्जी, एमएस नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. ऋचा शर्मा, एमडी शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. तेनजिन मेंटोक व डॉ. रब्लीन कौर अपनी सेवाएं देंगे। (अनंत ज्ञान)

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

**सूचना**

**मैं निर्मला देवी** पुत्री श्री मंगल चंद निवासी गांव गदेरनी डा. क्लाथ तहसील मनाली, जिला कुल्लू (हि. प्र.) बयान करती हूं कि मेरे जन्म प्रमाण पत्र में मेरा नाम सोमा देवी है जोकि गलत है। मेरा सही नाम निर्मला देवी है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जानें, सभी संबंधित नोट करें।

## अभय मुद्रा को अभयदान देते हिंदुत्व को सावधान रहना होगा : विवेक शर्मा

**आर मोहन चौहान, सोलन**

**बोले- राजनीतिक दलों को इस पर अपना रुख करना चाहिए स्पष्ट**

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विवेक शर्मा ने लोकसभा चर्चा के बयान पर प्रहार करते हुए कहा कि परिवर्तित भ्रमित हिंदू की पुत्री की मुस्लिम से शादी के पश्चात उत्पन्न संतान का विदेशी महिला से विवाह व तत्पश्चात उससे पैदा हुई संतान का सनातन और हिंदुओं को हिंसक बताना कितना तर्कसंगत है।



यह विचारणीय विषय है। भारतीय राजनीति में सर्वोत्तम पदों पर बैठे हुए राजनीतिक दलों के सभी राजनीतिज्ञों को इस पर अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए। विशेष कर उन सभी दलों को जो इस समय देश की संसद में विपक्ष में हैं क्या हिंदू सच में हिंसक हैं? क्योंकि इस अहिंसा के नाम पर हम एक विभाजन देख चुके हैं। उसमें हिंदू बहन, बेटियों की इज्जत लूटते देख हम कटी हुई लाशों से भरी रेल गाड़ियां देख चुके हैं।

हिंदुत्व के नाम पर अनेक बार अनेक वीरों को अपमानित होते देख चुके हैं। अभय मुद्रा की बात करने वाले यह समझ लें कि अभी तक भारतवर्ष के लोग कांग्रेस को अभयदान देते रहे थे, लेकिन अब राष्ट्रभक्तों को विचार करने की आवश्यकता है। अगर एक धर्म विशेष वर्ग को खुश करने के लिए हिंदुत्व को गाली देने पर आ गई है, तो अंजाम के लिए उन्हें तैयार भी रहना होगा। (अनंत ज्ञान)

## एरोमॉडलिंग में जरी स्कूल विजेता

**अनंत ज्ञान, सैंज**

नेशनल कैडेट कोर की यूनिट-एक एचपी एयर स्क्वाड्रन कुल्लू के दस दिवसीय शिविर में भाग ले रहे सैकडों कैडेट ने इस कैंप में अलग-अलग विषयों की पढ़ाई करने के साथ-साथ ड्रिल व पीटी कक्षाएं भी लगाईं। करीब 15 संस्थानों के कैडेट ने नाउ गांव तक ट्रैकिंग की, वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया, जिसमें यूनिट के कमांडिंग ऑफिसर ग्रुप कैप्टन एसके शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

कार्यक्रम में पधारने पर एनसीसी अधिकारी सहित यूनिट के सभी कर्मचारियों व सभी कैडेट ने कमांडिंग अधिकारी का इस्तकबाल किया। एनसीसी ऑफिसर राम लाल शर्मा ने मुख्यातिथि के समक्ष शिविर की



विस्तृत रिपोर्ट पेश की तथा सभी संस्थानों के कैडेट ने रंगारंग कार्यक्रम पेश किए। समारोह में विभिन्न शैक्षणिक, खेल व सांस्कृतिक प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विजेता व उपविजेता टीमों को पुरस्कृत किया गया, जिसमें जूनियर वर्ग ड्रिल स्पर्धा में जवाहर नवोदय स्कूल बंदरोल विजेता तथा पीएमश्री सीसे स्कूल सैंज ने उपविजेता का खिताब हासिल किया। सीनियर वर्ग में कुल्लू कॉलेज विजेता तथा वल्लभ राजकीय कॉलेज मंडी उपविजेता बना। एरोमॉडलिंग में सीसे स्कूल जरी विजेता तथा पीएमश्री सीसे स्कूल सैंज उपविजेता, ग्रुप डांस सीनियर में कुल्लू कॉलेज व मंडी कॉलेज तथा जूनियर वर्ग में एलएमएस कलैहली व पीएमश्री सीसे स्कूल सैंज क्रमश: विजेता व उपविजेता बने।

इसी तरह वॉलीबाल के सीनियर वर्ग में बल्लभ कॉलेज मंडी विजेता तथा कुल्लू कॉलेज उपविजेता, जूनियर वर्ग में डीएवी मनाली व पीएमश्री सीसे स्कूल सैंज तथा खो-खो में सीसे स्कूल पनारसा व डीएवी स्कूल मंडी ने विजेता व उपविजेता बनने का गौरव हासिल किया। इस दौरान बेहतर प्रबंधन के लिए सीसे स्कूल पनारसा को तथा अनुशासन में सीसे स्कूल ढालपुर कुल्लू को पुरस्कृत किया। (अनंत ज्ञान)

## लारजी के इन क्षेत्रों में आज बिजली ठप

**सैंज।** राज्य बिजली परिषद उपमंडल लारजी के तहत बुधवार को 11केवी व 33केवी बिजली लाइन की मरम्मत एवं रखरखाव के लिए लारजी तथा आसपास के दर्जनों गांवों में प्रात: नौ से सायं छह बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। बिजली उपमंडल लारजी के सहायक अभियंता मनमोहन चंदेल ने कहा कि 33 केवी सब स्टेशन के उचित रखरखाव एवं मरम्मत के लिए सैंज घाटी की पंचायत तलाड़ा, लारजी व औट के अतिरिक्त पंजाई क्षेत्र के थलौट, बसाण में प्रात: नौ से सायं छह बजे तक बिजली आपूर्ति ठप रहेगी। उन्होंने आम जनता एवं पंचायत प्रतिनिधियों से 33 केवी तथा 11 केवी लाइन की मरम्मत के दौरान विभाग का सहयोग करने की अपील की है।




## कुंगश स्कूल में नवाजे विजेता खिलाड़ी

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुंगश के विद्यार्थियों का खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में बहुत अच्छा प्रदर्शन रहा, जिसमें स्टूडेंट्स ने विभिन्न वर्ग की प्रतियोगिताओं में दमखम दिखाया और अनेक खिताब अपने नाम किए।

कुंगश स्कूल से विभिन्न वर्ग के 18 खिलाडियों का जिले के लिए चयन हुआ है, जिनमें 10 खिलाड़ी वॉलीबाल में, कबड्डी में आठ तथा खो-खो में दो खिलाड़ी चयनित हुए हैं। स्कूल प्रवक्ता उमाशंकर दीक्षित


खेलकूद प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली कुंगश स्कूल के स्टूडेंट्स की टीम।

ने बताया कि इस सराहनीय प्रदर्शन के लिए सभी प्रतिभागियों का स्कूल प्रांगण में पधारने पर भव्य स्वागत किया गया और स्कूल प्रशासन की ओर से प्रार्थना सभा में उन्हें सम्मानित किया गया। छात्रा वर्ग की अंडर-19 स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता दलाश में संपन्न हुई, जिसमें कबड्डी और वॉलीबाल में कुंगश टीम का अच्छा प्रदर्शन रहा। (अनंत ज्ञान)

## ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग प्रशिक्षुओं के रोजगार की बढ़ रही मांग

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

ऑटोमोबाइल की दुनिया में काबिल युवाओं के लिए रोजगार के सैकड़ों अवसर प्रदान किए जा रहे हैं।



इसी कड़ी में राजकीय बहुतकनीकी कुल्लू के डिप्लोमा के प्रशिक्षुओं की इस बार के शैक्षणिक सत्र में मल्टीनेशनल कंपनी में मांग बढ़ रही है। संस्थान के ट्रेनिंग व प्लेसमेंट अफसर एवं ऑटो मोबाइल विभाग के विभागाध्यक्ष विवेक सिंह ने बताया कि यहां के पात्र प्रशिक्षुओं को मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (4.5 लाख), मंजुश्री टेक्नोपैक लिमिटेड (2.8 लाख प्रति वर्ष), आनंद गेब्रियल इंडिया लिमिटेड (2.05 लाख), भारत गियर्स लिमिटेड फरीदाबाद (1.70 लाख) ने प्लेसमेंट की है। विवेक ने मारुति सुजुकी में चयनित एक छात्र, मंजुश्री टेक्नोपैक में पांच छात्र, गैब्रियल इंडिया लिमिटेड में दो छात्र और भारत गियर्स में आठ छात्रों को ऑफर लैटर प्रदान किए। (अनंत ज्ञान)

**मोर्चा**

## मनाली मंडल के भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा के लिए मांग रहे वोट, ग्रामीण क्षेत्रों में संभाला मोर्चा

# भाजपाइयों ने प्रत्याशी की जीत को हमीरपुर में डाला डेरा

**कमलेश वर्मा, मनाली**

हिमाचल के तीन विधानसभा उपचुनावों में प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने को मोर्चा संभाल लिया है। भाजपा के कार्यकर्ता हर मतदान केंद्र से संपर्क कर प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने में कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

मनाली मंडल के कार्यकर्ता भी पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर के नेतृत्व में हमीरपुर उपचुनाव में दिन-रात एक कर भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा के पक्ष में प्रचार-प्रसार में जुटे हुए हैं। एक ओर पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर दो सप्ताह से हमीरपुर मेंडटे हुए हैं, तो


मनाली मंडल के कार्यकर्ता हमीरपुर उपचुनाव में दिन-रात एक कर भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा के पक्ष में प्रचार-प्रसार में जुटे।

दूसरी ओर हिमाचल प्रदेश नगर निगम व नगर निकाय फेडरेशन के अध्यक्ष चमन कपूर अपनी टीम के साथ प्रचार करते हुए आशीष शर्मा के लिए वोट मांग रहे हैं। प्रदेश नगर निगम व नगर निकाय फेडरेशन के अध्यक्ष चमन कपूर ने बताया कि उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र में मोर्चा संभाला हुआ है। चमन कपूर ने कहा कि हमीरपुर भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा की जीत को सुनिश्चित करने में जुटे हुए हैं। हमीरपुर में भाजपा कार्यकर्ता बूथ स्तर पर जुटा हुआ है। उन्होंने कहा कि लहर भाजपा के पक्ष में है, जिसे देखते हुए आशीष की जीत निश्चित है। कांग्रेस सरकार के नकारात्मक रवैये से स्थानीय जनता में भारी रोष है। वह मनाली के साथियों के साथ प्रचार-प्रसार में जुटे हुए हैं। हमीरपुर को जनता प्रदेश के मुख्यमंत्री के तनाशाई व अनदेखी से परेशान है। कपूर ने कहा कि भाजपा उप चुनाव में सभी तीनों सीट पर जीत दर्ज करेंगे। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### नाहन रोजगार कार्यालय में 10 को कैंपस इंटरव्यू

**एसपी जैरथ, नाहन।** जिला रोजगार अधिकारी सिरमौर जगदीश कुमार ने बताया कि जिला रोजगार कार्यालय नाहन की ओर से मैसर्ज दि प्लैनेट एजुकेशन सोसायटी पांवटा साहिब में 18 पद भरे जाएंगे, जिसके लिए 10 जुलाई को प्रातः 11 बजे कैंपस इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा। मैसर्ज दि प्लैनेट एजुकेशन सोसायटी में केबिन क्रू ट्रेनर, आईटी ट्रेनर, इलेक्ट्रिकल ट्रेनर, टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी ट्रेनर, सेंटर मैनेजर, रिसेप्शनिस्ट सोशल मीडिया एग्जीक्यूटिव, प्रोग्राम को-ऑर्डिनेटर, बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर, अकाउंट एग्जीक्यूटिव, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, असिस्टेंट मैनेजर, पैरामेडिकल ट्रेनर व सेवादार के पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता 10वीं व 12वीं मेडिकल, बीए, बीएससी, बीकॉम, बीसीए व बीएससी नर्सिंग रखी गई है। इन पदों को भरे जाने के लिए आयु सीमा 18-45 वर्ष रखी गई है तथा कार्य अनुभव के आधार पर 10500 से 35000 रुपए का वेतनमान दिया जाएगा। अभ्यर्थी अपने साथ दो पासपोर्ट साइज फोटो, मूल प्रमाण-पत्र, बायोडाटा व अनुभव प्रमाण-पत्र यदि हो तो अवश्य साथ लाएं। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय दूरभाष नंबर 01702-222274 पर संपर्क कर सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

### शारीरिक व्यायाम से ज्यादा जरूरी शुद्ध सात्विक आहार

**बबीएन।** बद्दी में चल रहे योग शिविर के पांचवें दिन योग भारती हिमाचल के संस्थापक श्रीनिवास मूर्ति ने योग साधकों को बिना दवाई के स्वस्थ जीवन व्यतीत करने के आसान तरीके सुझाए, जिसे मन के संकल्प के साथ हर कोई कर सकता है और निरोगी जीवन जी सकता है। शारीरिक व्यायाम, योगासन से ज्यादा महत्वपूर्ण शुद्ध और सात्विक आहार ग्रहण करना है क्योंकि आजकल अधिकतर लोग बाहर का खाना, फास्ट फूड, जंक फूड, डिब्बा बंद भोजन खाना ज्यादा पसंद करते हैं, जो कि पूरी तरह से तामस्कि आहार माना जाता है। यह भोजन केवल शरीर को ही बिमार नहीं करता, बल्कि मन को भी अशांत करता है और अशांत मन कभी भी स्वस्थ शरीर का निर्माण नहीं रख सकता। इस दौरान योगिंग जोगिंग, सूर्य नमस्कार अलग-अलग बिमारियों के लिए विभिन्न प्रकार के आसन और अंत में प्राणायाम तथा ध्यान के साथ योग शिविर का समापन किया। (अनंत ज्ञान)

### 15 जुलाई तक करवाएं फसल का बीमा

**आर मोहन चौहान, सोलन।** सोलन में फसलों का बीमा करवाने के लिए पुर्नोत्थान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना क्रियान्वित की जा रही है। मक्की व धान की फसल का बीमा करवाने की अंतिम तिथि 15 जुलाई निर्धारित की गई है। यह जनाकारी कार्यकारी कृषि उपनिदेशक सोलन डॉ. सीमा कंसल ने दी। उन्होंने बताया कि टमाटर की फसल का बीमा करवाने की अंतिम तिथि 31 जुलाइ निर्धारित की गई है। इच्छुक किसान फसलों का बीमा अपने नजदीकी लोकमित्र केंद्र के माध्यम से करवा सकते हैं। किसान अपनी जमाबंदी, आधार कार्ड, बैंक पास बुक, बिजाई प्रमाण पत्र आदि लेकर लोकमित्र केंद्रों में जाकर बीमा करवा सकते हैं। किसान ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से भी फसल आवेदन कर सकते हैं। मक्की व धान की फसल के लिए 60 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर बीमित राशि निर्धारित की गई है। मक्की तथा धान की फसल का बीमा करवाने के लिए किसानों को 96 रुपए प्रति बीघा प्रीमियम राशि अदा करनी होगी। टमाटर की फसल के लिए दो लाख रुपए प्रति हेक्टेयर बीमित राशि निर्धारित की गई है। किसानों को टमाटर की फसल के लिए 800 रुपए प्रति बीघा प्रीमियम राशि अदा करनी होगी। ऋणी किसानों के लिए यह योजना ऐच्छिक की गई है। उन्होंने आग्रह किया कि किसान अपनी मक्की, धान व टमाटर की फसल का बीमा करवाएं, ताकि फसलों का नुकसान होने की स्थिति में उन्हें कृषि बीमा कंपनियों से मुआवजा मिल सके। (अनंत ज्ञान)

### प्रथम स्तरीय मतगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**आर मोहन चौहान, सोलन।** 51-नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव के दृष्टिगत मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक तथा माइक्रो पर्यवेक्षक के लिए मतगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मतगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त अजय कुमार यादव ने की। अजय ने इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों के साथ भारत चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप मतगणना से संबंधित जानकारी साझा की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी व कर्मचारी मतदान प्रक्रिया से संबंधित सभी नियमों एवं निर्देशों के बारे में समुचित जानकारी प्राप्त कर लें। साथ ही मतगणना के कार्य के लिए पूरी गंभीरता और सजगता के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करें। प्रथम चरण की मतगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम में लगभग 50 मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक तथा माइक्रो पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर तहसीलदार निर्वाचन उषा चौहान, नायब तहसीलदार दीवान सिंह ठाकुर, अधीक्षक बाबू राम चौहान सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

### केंद्र के शहरी कार्य मंत्रालय ने किया राजगढ़ का दौरा

**रविदत्त भारद्वाज, नाहन।** केंद्र सरकार के आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय का एक दल राजगढ़ पहुंचा। इस दल ने शहर के लिए शहरी सुधार के कार्याकल्प योजना के तहत अटल मिशन-दो (एएमयू आरटी-दो) के अंतर्गत निर्माणाधीन उठाऊ पेयजल योजना का निरीक्षण किया। जल शक्ति विभाग ने शहर के लिए भारत यह उठाऊ पेयजल योजना सरकार के आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय के सौजन्य प्रारंभ की गई शहरी सुधार के कायाकल्प के लिए अटल मिशन-दो के तहत छह करोड़ रुपए से बनने वाली उठाऊ पेयजल योजना का निर्माण कार्य तीव्र गति से जारी है, जिसके पूरा हो जाने पर राजगढ़ शहर में सातों दिन चौबीसों घंटे पेयजल उपलब्ध रहेगा। इस योजना के कार्य की प्रगति के निरीक्षण के लिए भारत सरकार के आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय के केंद्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य पर्यावरण और इंजीनियरिंग संगठन के दल ने दौरा किया। यह जानकारी देते हुए शहरी सुधार के कार्यकल्प के लिए अटल मिशन-2 के हिमाचल के नोडल अधिकारी राकेश चौसर ने बताया कि इस दल में चैत्रा देवूर सहायक सलाहकार तथा मुग्धा गुप्ता व अरित्रादास राष्ट्रीय राज्य समन्वयक शामिल रहे। उन्होंने योजना निर्माण स्थल जाकर कार्यों का निरीक्षण किया। (अनंत ज्ञान)

### रोटरी क्लब पांवटा की सामाजिक सेवाएं बेहतर

**हेमराज राणा, पांवटा साहिब।** रोटरी क्लब अपनी सेवाओं और सामाजिक कार्यों के लिए प्रदेश व देश-भर में जाना जाता है। रोटरी क्लब पांवटा साहिब द्वारा प्रोजेक्ट के रूप में विभिन्न कार्य किए जाते हैं। इस प्रकार रोटरी क्लब पांवटा साहिब ने इस वित्त वर्ष में दो सौ से अधिक के प्रोजेक्ट को पूरा किया अर्थात सैकड़ों सामाजिक कार्यों को पूरा करने में सफलता हासिल की। अनेक क्षेत्रों में निशुल्क मेडिकल कैंप लगवाए, जिसमें सैकड़ों जरूरतमंद लोगों को लाभ मिला। इनमें अनेक जरूरतमंदों को व्हील चेयर भी रोटरी क्लब वितरित करता आ रहा है। तो वहीं अनेक क्षेत्रों में आंखों के मुफ्त कैंप, रक्तदान शिविर जैसे पुनीत कार्य रोटरी क्लब पांवटा करती आ रही है। वहीं, विभिन्न स्कूलों में इस भीषण गर्मी में कूलर, पंखे, ऑ रो इत्यादि को वितरित करके अनेक स्कूलों में इस प्रकार के सामाजिक कार्यों को करने में अहम भूमिका निभा रही है। वहीं, दूसरी ओर रोटरी क्लब पांवटा साहिब विभिन्न क्षेत्रों में पेड़-पौधे रोपने में अपनी टीम के साथ सराहनीय कार्य कर रही है। रोटरी क्लब में जिस प्रकार जोन में क्षेत्र को विभाजित किया जाता है। (अनंत ज्ञान)

### रंजन बने रेजिडेंट वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष



**आर मोहन चौहान, सोलन।** रेजिडेंट वेलफेयर सोसायटी हाउसिंग बोर्ड कालोनी फेज-2 सोलन ने जनरल हाउस का आयोजन किया। इसमें वार्षिक विवरण प्रस्तुत कर आगामी रणनीति तय की गई। सर्वसम्मति से पारित हुआ कि नई कार्यकारिणी के गठन के इंजीनियर अजय गुप्ता को पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया जाए। चुनाव में सर्वसम्मति से रंजन महाजन को फिर से अध्यक्ष चुना गया। इसी तरह सीनियर वाइस प्रेसिडेंट वीपी जसरा, वाइस प्रेसिडेंट एसके गुप्ता, महासचिव एसके गुलाटी, ज्वाइंट सेक्रेटरी अशोक कुमार गुप्ता, ओर्गनाइसिंग सेक्रेटरी यशपाल मदान और अन्य कार्यकारिणी सदस्य में डॉ. बीके भारद्वाज, अजय गुप्ता, डॉ. बीरबल विज, डॉ. घनश्याम अग्रवाल और कमल चौहान चुने गए। नई कार्यकारिणी ने कालोनी की ज्वलंत समस्याओं पर चिंतन किया और इसके निराकरण के लिए प्रस्ताव पारित कर रूपरेखा बनाई। इस अवसर पर सोसायटी के दिवंगत सदस्यों को और उनके द्वारा दिए गए योगदान के लिए उन्हें याद किया गया। (अनंत ज्ञान)

## जल शक्ति विभाग को आई पाइपलाइन मरम्मत की याद, नगर निगम हुआ सतर्क

# आईटीआई एरिया छोड़ नहीं हुई पेयजल आपूर्ति

**आर मोहन चौहान, सोलन**

सरकार और प्रशासन चाहे तो कुछ भी संभव है जरूरत बस समय पर कार्रवाई की है।

शहर में पेयजल समस्या को लेकर जिला प्रशासन की तरफ से देर से ही सही संबंधित विभागों को दिए गए दिशा-निर्देश कारगर साबित होते नजर आ रहे हैं। डीसी सोलन मनमोहन शर्मा के निर्देश का असर जल शक्ति विभाग और नगर निगम पर देखने को मिला है। जल शक्ति विभाग को गिरि पेयजल योजना की लिफ्टिंग पाइप लाइन की लीकेज को ठीक करने की याद आई, तो नगर निगम के अधिकारियों ने फिल्ड में उतरकर पानी कनेक्शन की धांधलियों को उजागर कर दिया। इससे पानी की कालाबाजारी में संलिप्त लोगों के भी हाथ पांव फूल गए। नगर निगम टीम ने आईटीआई एरिया स्थित सरकारी आवासीय कॉलोनी में अवैध तरीके से लगाए तीन कनेक्शन को उजागर किया। निगम अधिकारियों के साथ मौजूद रही वार्ड-दो की पार्षद सुषमा भी यह देख हैरान रह गई। निगम टीम ने मुख्य पाइप लाइन से जोड़े गए कनेक्शन बंद कर दिए।

इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि शहर की प्राइवेट कॉलोनियों के क्या हाल होंगे। (अनंत ज्ञान)



सोलन में टैंकर से पानी भरते लोग।

सोलन में सरकारी आवास के लिए जोड़े अवैध कनेक्शन।

### शहर में नहीं हुई सप्लाई

गिरि पेयजल योजना की लिफ्टिंग पाइप लाइन के लीकेज प्वाइंट्स की मरम्मत के चलते मंगलवार को सोलन शहर के लिए पानी लिफ्ट नहीं हुआ। इसके चलते नगर निगम ने आईटीआई एरिया की लाइन को छोड़कर पूरे शहर में पानी की सप्लाई नहीं की, जिससे लोगों को एक बार फिर से टैंकर और बारिश के पानी पर निर्भर रहना पड़ा। यदि सब कुछ ठीक रहा तो आने वाले दिनों में पानी की आपूर्ति में आवश्यक सुधार होगा।

### पानी की धांधली को लेकर कमेटी का गठन



नगर निगम सोलन की आयुक्त एकता कापटा ने कहा कि पानी की अनियमित सप्लाई और अवैध कनेक्शन, जरूरत से अधिक स्टोरेज और जरूरत से अधिक कनेक्शन, बिना मीटर के कनेक्शन का पता लगाने के लिए एक कमेटी का गठन किया गया है, जिसकी अगुवाई एसडीओ और जेई कर रहे हैं। कमेटी को 15 दिन के अंदर स्टेटस रिपोर्ट देने को कहा गया है। यह कमेटी शहर में मुख्य पाइपों से लिए अवैध कनेक्शन और एक या दो से अधिक कनेक्शन के अलावा लीकेज ओवरफ्लो होती टंकियों पर नजर रखेगी। आयुक्त ने कहा कि पानी की बर्बादी को रोकने के लिए सभी कीमेन को ओवर फ्लोर की टंकियों के चालान करने के लिए अधिकृत किया गया है।

## झाड़माजरी में आफत बनकर बरसी पहली बरसात कई दुकानों व घरों में पानी

**बीबीएन।** मौसम की पहली बरसात बस स्टैंड झाड़माजरी के दुकानदारों के लिए इस बार फिर आफत बन कर आई। मंगलवार को सुबह करीब साढ़े सात बजे हुई बारिश का पानी करीब एक दर्जन दुकानों में घुस गया, जिससे दुकानों में रखा सामान भी खराब हुआ। बस स्टैंड में यह समस्या पिछले कई सालों से चली आ रही है हर बार दुकानदार परेशान होते हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती।



दुकानों में नीतीश के ढाबे, एयरटेल कार्यालय, नीतीश ज्वेलर, डॉक्टर बिल्लू, रहमान टेलर, सीए का दफ्तर आदि कई दुकानों में पानी घुस गया। दुकानदारों ने बताया कि उनके आगे एक लोक निर्माण विभाग ने नाली बना रखी है, जिसे कभी शायद ही साफ किया हो। विभाग भी बरसात में जब पानी दुकानों में घुसता है फिर विभाग की नींद खुलती है, तब नालियां साफ होती हैं। लोक निर्माण विभाग और बीबीएनडीए की कार्यप्रणाली को लेकर रोष व्याप्त है। धर्मपाल बंसल ने बताया कि उनके घर के आगे से जो नाली जाती है, वह बंद रहती है। हर बार यह समस्या रहती है, जिसके चलते करीब दो माह पहले ही विभाग को सूचित भी किया, लेकिन कोई भी सुनने को तैयार नहीं है।

## पानी की किल्लत को लेकर सीपीआई ने अतिरिक्त आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

**आर मोहन चौहान, सोलन**

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) क्षेत्रीय कमेटी सोलन का एक प्रतिनिधिमंडल अतिरिक्त आयुक्त नगर निगम सोलन से मिला और वर्तमान में सोलन शहर में पानी की किल्लत के चलते स्थानीय जनता को पेश आ रही समस्याओं के बारे में ज्ञापन सौंपा।



भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी निगम की अतिरिक्त आयुक्त को ज्ञापन सौंपते हुए।

वर्तमान में स्थिति यह है कि शहर में कई जगह केवल सप्ताह में एक बार पानी की आपूर्ति की जा रही है। यह पानी की अनुपलब्धता शहर के निवासियों के लिए अत्यधिक कठिनाइयों का कारण बन रही है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी क्षेत्रीय कमेटी सोलन के सचिव राकेश कुमार ने कहा कि शहर की जनता के समक्ष पानी की किल्लत के कारण रोजमर्रा के कार्यों में बाधा आ रही है। यह स्थिति स्वच्छता, स्वास्थ्य और सामान्य जीवन स्तर पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही है। पार्टी का यह मानना है कि पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करना नगर निगम की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इस संबंध में त्वरित कदम उठाए जाने की आवश्यकता है। परंतु नगर निगम में चुने गए प्रतिनिधि अपने इस पूरे कार्यकाल में जनता की समस्याओं को दरकिनार करते हुए मात्र जोड़ तोड़ की राजनीति करने में व्यस्त हैं। ऐसे में शहर की जनता अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रही है और पानी, सड़क, स्वच्छता जैसी अपनी मूलभूत समस्याओं का भी हल नहीं करवा पा रही है। ऐसे में इस ज्ञापन के माध्यम से पार्टी ने नगर निगम प्रशासन के समक्ष निम्नलिखित मांगें उठाई। इसमें पानी की आपूर्ति को नियमित करने के लिए तत्काल उपाय किए जाएं, ताकि प्रत्येक घर को पर्याप्त पानी मिल सके। पानी की आपूर्ति के लिए नए स्रोतों की खोज और उपयोग किया जाए। जल संग्रहण और प्रबंधन प्रणाली को सुधारने के लिए दीर्घकालिक योजना बनाई जाए। (अनंत ज्ञान)

## अग्निवीर परीक्षा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण 8 से

**आर मोहन चौहान, सोलन।** एक एयरमैन सिलेक्शन सेंटर एयर फोर्स स्टेशन अंबाला के विंग कमांडर एसवीजी रेड्डी ने भारतीय वायु सेना में अग्निवीर वायु के तहत हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, जम्मू एवं कश्मीर तथा लद्दाख के युवाओं के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया आठ से 28 जुलाई तक जारी रहेगी। विंग कमांडर एसवीजी रेड्डी ने बताया कि पात्र उम्मीदवार 8 प्रात: 11 से 28 जुलाई की रात्रि 11 बजे तक भारतीय वायु सेना में अग्निवीर वायु चयन परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। पंजीकरण के लिए वेबपोर्टल https://agnipathvayu.cdac.in का उपयोग किया जा सकता है। भारतीय वायु सेना में अग्निवीर वायु के लिए ऑनलाईन परीक्षा 18 अक्तबूर से आरंभ होगी। उन्होंने कहा कि 3 जुलाई, 2004 से 3 जनवरी, 2008 के मध्य जन्मे उम्मीदवार इस परीक्षा के लिए पात्र हैं। विंग कमांडर ने कहा कि पात्र उम्मीदवार इस संबंध में पूरी जानकारी https://agnipathvayu.cdac.in पर प्राप्त कर सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

## मुख्यमंत्री को देहरा की नहीं, अपनी पत्नी की चिंता : प्रताप सिंह रावत

**एसपी जैरथ, नाहन**

सिरमौर भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने मीडिया को जारी बयान करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को देहरा के विकास की चिंता कम है और अपनी पत्नी की चिंता ज्यादा है।



रावत ने बताया कि यदि आपको देहरा के विकास की चिंता होती, तो आपने आज तक क्यों नहीं किया देहरा का विकास। आप मुख्यमंत्री की आड़ पर अपनी पत्नी कमलेश ठाकुर को विधायक बनाकर पेंशन लगाना चाहते हैं, लेकिन देहरा की जनता बहुत जागरूक है उनको पता है कि हमने अपना विधायक किसको बनाना है। रावत ने मुख्यमंत्री सुक्खू से सवाल करते हुए पूछा कि आपको देहरा के किसी कांग्रेसी नेता या कार्यकर्ता पर भरोसा नहीं था, जो आपको अपनी पत्नी से विधायक का चुनाव लड़वाना पड़ा। आपने कांग्रेस पार्टी के नेताओं तथा कार्यकर्ताओं की भावना को ठेस पहुंचाई है। हर नेता तथा कार्यकर्ता पार्टी का इसलिए काम करता है कि कभी मुझे भी चुनाव लड़ने का मौका मिलेगा, लेकिन आपने नेताओं तथा कार्यकर्ताओं को वोट देने तक ही सीमित कर दिया है।

इसका खामियाजा आपको इस विधानसभा उपचुनाव में अवश्य ही भुगतना पड़ेगा। भाजपा तीनों विधानसभा उपचुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री जयराम, पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल के नेतृत्व में जीत दर्ज करेगी। (अनंत ज्ञान)

## बीबीएन में बिगड़ा माहौल खौफ के साये में जी रही जनता

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

प्रदेश के प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र बद्दी में आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के बुलंद होते हौसलों ने इलाकावासियों का सुख-चैन छीन लिया है। अवैध हथियारों संग लोगों की चहलकदमी की घटनाएं क्षेत्र में बिगड़ते माहौल को बखूबी बयां कर रही हैं।

हालात यह हैं कि जनता खौफ के साये में जी रही है और खाकी बेदम साबित हो रही है, जिस तरह पुरानी रंजिश की वजह से दिनदहाड़े बद्दी में फायरिंग हुई यह सब औद्योगिक नगरी में बिगड़ते माहौल की तरफ इशारा कर रही है। अब जब दून के पड़ोसी हलके नालागढ़ में चुनाव आचार संहिता लगी है और पुलिस प्रशासन चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के दावे करता नहीं थक रहा, ऐसे हालात में सरेआम हथियार लेकर घूम रहे लोगों द्वारा अंजाम दी गई फायरिंग की इस वारदात से कानून व्यवस्था पर भी सवाल उठने लाजिमी हैं। बीबीएन में बिना रोक-टोक के लोग अवैध हथियार ला रहे हैं, ऐसे लोगों पर पुलिस की नजर नहीं है। बीबीएन में गोलीकांड की यह कोई पहली घटना नहीं है, इससे पूर्व भी घटनाएं हुई हैं। (अनंत ज्ञान)

### जल्द शुरू करेंगे अभियान

डीएसपी बद्दी लखवीर सिंह ने बताया कि इस औद्योगिक क्षेत्र में अनधिकृत हथियारों का पता लगाने के लिए जल्द ही एक विशेष अभियान शुरू किया जाएगा।

## बिजली बिल जमा नहीं करवाए तो कटेंगे कनेक्शन

**रघुवंशी, अर्की।** उपमंडल के सहायक अभियंता नीरज कुमार कतना ने समस्त बिजली उपभोक्ताओं से अपील की है कि जिन उपभोक्ताओं ने अभी तक अपने बिजली बिल जमा नहीं करवाए हैं, वे जल्द अपना बकाया बिल जमा कर दें। बिजली बिल जमा करने की अंतिम तिथि छह जुलाई निर्धारित की गई है। अगर इस तिथि तक बिल जमा नहीं किए जाते हैं, तो बिजली आपूर्ति बिना किसी पूर्व सूचना के काट दी जाएगी। सहायक अभियंता ने बताया कि समय पर बिल जमा न होने से उपभोक्ताओं को असुविधा का सामना करना पड़ सकता है, इसलिए समय रहते ही अपने बिलों का भुगतान सुनिश्चित करें। (अनंत ज्ञान)

## नगर परिषद की दो टूक, 10 जुलाई तक पॉलीथिन के इस्तेमाल को करें बंद

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

हिमाचल प्रदेश के 80 फीसदी शहरों में पॉलीथिन का इस्तेमाल बंद हो चुका है, लेकिन औद्योगिक शहर बद्दी व नालागढ़ शहर अब भी इस परेशानी से जूझ रहा है।

यहां अब भी सब्जी मंडियों व रेहड़ी बाजार के पास पर्याप्त मात्रा में बाहरी राज्यों व शहरों से पॉलीथिन की खेप निरंतर पहुंच रही है। इस पॉलीथिन से जहां पर्यावरण पर विपरीत असर पड़ रहा है, वहीं यह बरसातों के मौसम में अब सीवरेज नेटवर्क व ड्रेनेज सिस्टम को भी प्रभावित कर रहा है। प्लास्टिक के कारण अब शहर की नालियां व चैंबर ब्लॉक होने लगे हैं, जिससे नगर परिषद सहित जल शक्ति विभाग की परेशानियां बढ़ने लगी हैं। नगर परिषद ने अब इसके लिए शहर के व्यापारियों व रेहड़ी-फड़ी संचालकों को एक अल्टीमेटम जारी किया है। नगर परिषद ने शहरवासियों को दो टूक कहा है कि वह 10 जुलाई तक पॉलीथिन के इस्तेमाल को बंद कर दें और इसे शहर से दूर ले जाएं। (अनंत ज्ञान)

### 10 के बाद नगर परिषद करेगी चालान

नगर परिषद अब 10 के बाद शहर में पॉलीथिन के चालान करना शुरू कर देगी। नगर परिषद बद्दी के कार्यकारी अधिकारी ललित ने कहा कि नगर परिषद ने कई बार पॉलीथिन इस्तेमाल करने के निर्देश जारी किए हैं। शहर के लोग पर्यावरण नुकसान को लेकर सजग नहीं हो रहे हैं। अब व्यापारियों, रेहड़ी-फड़ी संचालकों सहित लोगों को भी आग्रह किया जा रहा है कि आगामी 10 के बाद पॉलीथिन का इस्तेमाल कर रहे व्यक्ति का चालान किया जाएगा।

## शूलिनी में इंस्पायर विज्ञान शिविर शुरू

**आर मोहन चौहान, सोलन**

भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) की ओर से प्रायोजित पांच दिवसीय इनोवेशन इन साइंस परस्यूट फॉर इंस्पायर रिसर्च (इंस्पायर) शिविर मंगलवार विश्वविद्यालय परिसर में शुरू हुआ।



शूलिनी विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय द्वारा आयोजित इस शिविर का उद्देश्य कक्षा 11 और 12 के छात्रों के बीच वैज्ञानिक जिज्ञासा को प्रेरित और पोषित करना है। इंस्पायर विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग की एक प्रमुख योजना है, जिसे विज्ञान के प्रति युवा प्रतिभाओं को आकर्षित करने के लिए डिजाइन किया गया है। प्राथमिक उद्देश्य प्रख्यात वैज्ञानिकों के साथ जुड़ने और वैज्ञानिक खोज के रोमांच का अनुभव करने का अवसर प्रदान करके भारत के युवाओं में वैज्ञानिक अनुसंधान के प्रति जुनून जगाना है। यह योजना दसवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं में शीर्ष एक प्रतिशत छात्रों को लक्षित करती है और उन्हें ग्यारहवीं कक्षा और उससे आगे विज्ञान को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करती है। उद्घाटन भाषण के दौरान, विज्ञान संकाय के डीन प्रो. सुनील पुरी ने छात्रों को उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा, आप देश का भविष्य हैं। (अनंत ज्ञान)

## सफलता प्राप्त करने के लिए दी महत्वपूर्ण जानकारी

**आशीष, दाड़लाघाट।** आईटीआई दाड़लाघाट में एक व्यक्तित्व विकास सत्र का आयोजन हुआ, जिसमें प्रमुख उद्योग उद्यमी और मोटिवेशनल स्पीकर हेमेंद्र सेलेरिया ने प्रशिक्षुओं को जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण सीखें दीं। सेलेरिया ने इस सत्र में व्यक्तिगत विकास के लिए आवश्यक योग्यताओं के बारे में बताया, साथ ही नौकरी कौशलों को बढ़ावा देने के उपायों पर भी विचार किया। इस सत्र में सेलेरिया ने उद्यमिता और संघटनात्मक कौशलों के महत्व को उजागर किया, जिससे छात्रों को व्यक्तिगत और पेशेवर विकास में सहायता मिली। (अनंत ज्ञान)

## अर्की में चरणबद्ध तरीके से अंडरग्राउंड की जाएंगी नालियां

**रघुवंशी, अर्की**

नगर पंचायत अर्की की बैठक अध्यक्ष अनुज गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में शहर के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में निर्णय लिया कि शहर की सभी नालियों को चरणबद्ध तरीके से अंडरग्राउंड किया जाएगा।

इसके लिए सभी पार्षदों के साथ जुलाई माह में शहर के सभी वार्डों का दौरा किया जाएगा, जिससे भविष्य में शहर को सुंदर और व्यवस्थित बनाने में मदद मिलेगी। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि बीपीएल परिवारों का दोबारा सर्वेक्षण करने के लिए प्रदेश शहरी विभाग से मांग की जाएगी, ताकि जो लोग सालों से सर्वेक्षण न होने के कारण छूट गए हैं, उन्हें इसका लाभ मिल सके। नगर पंचायत अर्की को नगर परिषद बनाने के लिए प्रदेश सरकार से आग्रह किया जाएगा, जिसकी औपचारिकताएं लगभग पूरी हो चुकी हैं। शहर में पार्किंग और पार्कों के निर्माण के लिए संभावनाएं तलाशी जाएंगी और उन्हें बनाने के प्रयास किए जाएंगे। शहर में गीले और सूखे-कूड़े को हर घर से एकत्रित करने के साथ-साथ उसके बकाया शुल्क को भी एकत्रित किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

**व्यवस्था**

## एसपी बद्दी से मिला प्रतिनिधिमंडल, ज्ञापन सौंपकर कानून व्यवस्था को पटरी पर लाने की लगाई गुहार

# बीबीएन में बिगड़ती कानून व्यवस्था पर भाजपा ने उठाई आवाज

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

बीबीएन में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर जहां भाजपा ने प्रदेश सरकार व दून विधायक पर निशाना साधते हुए एसपी बद्दी को ज्ञापन सौंपकर कानून व्यवस्था को पटरी पर लाने की गुहार लगाई है।

जिला भाजपा सचिव गुरमेल चौधरी की अगुवाई में वरिष्ठ भाजपा नेता कैप्टन डीआर चंदेल, पूर्व नप अध्यक्ष उर्मिला चौधरी, डॉक्टर श्रीकांत शर्मा समेत प्रतिनिधिमंडल ने एसपी बद्दी ईल्मा अफरोज से मुलाकात कर उन्हें लिखित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने कहा कि बीबीएन में लॉ एंड आर्डर पटरी से उतर गया है। गली चौबारों, दुकानों व खोखों में अवैध शराब बिक रही है। शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में चोरी और स्नेचिंग की वारदातों को खुलेआम अंजाम दिया जा रहा है।



एसपी बद्दी से कानून व्यवस्था को लेकर मुलाकात करता हुआ प्रतिनिधिमंडल।

रात के अंधेरे में खुलेआम अवैध खनन हो रहा है और माफिया के पीले पंजे ने नदी, नालों और शामलात भूमि को छलनी करके रख दिया है, जबकि नशा माफिया, शराब माफिया, चिट्टा माफिया में पुलिस और कानून का कोई खौफ नहीं है। वरिष्ठ भाजपा नेता कैप्टन डीआर चंदेल व डॉक्टर श्रीकांत शर्मा ने कहा कि बद्दी में अवैध गतिविधियों खासकर शराब, नशा व खनन माफिया पर दून विधायक राम कुमार चौधरी का आशीर्वाद है, जिसके चलते दिन व दिन यहां माहौल खराब हो रहा है। (अनंत ज्ञान)

### नहीं हुआ सुधार तो देंगे धरना : गुरमेल

ज्ञापन के माध्यम से जहां भाजपा ने कानून व्यवस्था को जल्द पटरी पर लाने की गुहार लगाई, वहीं सीधे तौर पर कहा कि अगर हालात नहीं सुधरे, तो उन्हें बद्दी में सड़कों पर उतरकर धरना-प्रदर्शन को मजबूर होना पड़ेगा। एसपी बद्दी को ज्ञापन सौंपने के उपरांत एक लिखित शिकायत प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, डीजीपी शिमला व डीसी सोलन को भेजकर कानून व्यवस्था को पटरी पर लाने की गुहार लगाई है। इस मौके पर गुरमेल चौधरी के साथ कैप्टन डीआर चंदेल, उर्मिला चौधरी, डॉक्टर श्रीकांत शर्मा, पूर्व पार्षद तरसेम चौधरी, भाजयुमो नेता संजीव ठाकुर, युवा भाजपा नेता मनु पंडित समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

अनंत ज्ञान
सुपर मॉल डिस्प्ले क्लासिफाइड
छोटा विज्ञापन बड़ा व्यापार
फिक्स साइज

| Size | Rate |
|---|---|
| 3x4 cm | Rs. 300 |
| 4x4 cm | Rs. 400 |
| 5x4 cm | Rs. 500 |

विज्ञापन के लिए संपर्क करें
शिमला : 94180-00783 कुल्लू : 97360-75360 बिलासपुर : 82191-97014
सोलन : 70187-16514 हमीरपुर : 94180-03422 धर्मशाला : 70188-16794
मंडी : 94189-80288 ऊना : 98163-96500 चंबा : 94186-03787

# जिम्बाब्वे दौरे के लिए टीम इंडिया रवाना

## छह जुलाई से खेली जाएगी पांच मैचों की अंतरराष्ट्रीय टी-20 सीरीज

**एजेंसी, नई दिल्ली**

शुभमन गिल की अगुवाई वाली दूसरी पंक्ति की भारतीय टीम जिम्बाब्वे के खिलाफ पांच टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज के लिए मंगलवार को अफ्रीकी देश के लिए रवाना हो गई। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर कई भारतीय क्रिकेटरों और कोच वीवीएस लक्ष्मण के जिम्बाब्वे के लिए रवाना होने की तस्वीरें साझा कीं।

जिम्बाब्वे दौरे के लिए भारतीय टीम में चार सलामी बल्लेबाज शामिल हैं, जिनमें यशस्वी जायसवाल, जो टी-20 विश्व कप जीतने वाली टीम का हिस्सा थे, शुभमन गिल, रुतुराज गायकवाड़ और अभिषेक शर्मा शामिल हैं। पूरी संभावना है कि गिल और जायसवाल शनिवार को हरारे में होने वाले पहले टी-20 मैच में बल्लेबाजी की शुरुआत करेंगे।



जिम्बाब्वे के खिलाफ दौरे के लिए रवाना होते कोच वीवीएस लक्ष्मण, अभिषेक शर्मा, रुतुराज गायकवाड, मुकेश कुमार, खलील अहमद और रवि बिश्नोई।

### पहले दो टी-20 के लिए सुदर्शन, जितेश और राणा भारतीय टीम में

**साई** सुदर्शन, जितेश शर्मा और हर्षित राणा को संजू सैमसन, शिवम दुबे और यशस्वी जायसवाल के विकल्प के तौर पर मंगलवार को जिम्बाब्वे के खिलाफ टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट सीरीजके शुरुआती दो मुकाबलों के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया। भारत छह जुलाई से सीरीज खेलेगा। टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम में शामिल दुबे, सैमसन, और जायसवाल को जिम्बाब्वे जाने वाली टीम से जुड़ना था, लेकिन तूफान बेरिल के कारण वे बारबडोस में फंसे हुए हैं।

रोहित शर्मा, विराट कोहली और रवींद्र जडेजा के संन्यास के बाद, जिम्बाब्वे में होने वाली सीरीज भारत के टी-20 भविष्य की झलक पेश करेगी। टी-20 विश्व कप के सभी स्टैंडबाय (गिल, तेज गेंदबाज आवेश खान, खलील अहमद और फिनिशर रिंकू सिंह के साथ-साथ संजू सैमसन और यशस्वी जायसवाल) जिम्बाब्वे दौरे का हिस्सा हैं। यह सीरीज पूरी तरह से हरारे में आयोजित की जाएगी।

### तूफान 'बेरिल' के कारण बारबाडोस में हवाई अड्डा बंद

**भारतीय क्रिकेट टीम फंसी**

**ब्रिजटाउन।** टी-20 विश्व कप विजेता भारतीय क्रिकेट टीम श्रेणी 4 के तूफान के आने के बाद कैरेबियाई द्वीप समूह बारबाडोस के ब्रिजटाउन में फंसी हुई है, जिसके कारण लॉकडाउन लगा दिया गया है। उड़ानें रद्द कर दी गई हैं, जिससे टीम के प्रस्थान में देरी हो रही है। तूफान बेरिल के कारण रविवार से बारबाडोस और पड़ोसी द्वीपों में तेज हवाएं चल रही हैं और बारिश हो रही है। देश में बिजली और पानी की आपूर्ति भी प्रभावित हुई है। फिलहाल, भारतीय टीम बारबाडोस के एक होटल में ठहरे हुई हैं, क्योंकि मुख्य अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा बंद है।

## न्यूज ब्रीफ

### इंग्लिश काउंटी में भारतीय बल्लेबाज फेल

**लंदन।** बाएं हाथ के युवा बल्लेबाज साई सुदर्शन और अनुभवी पृथ्वी शॉ मौजूदा इंग्लिश काउंटी सत्र में क्रमशः सरे और नॉर्थम्पटनशर की ओर से बड़ी पारियां खेलने में नाकाम रहे। ये दोनों ही खिलाड़ी अपनी काउंटी टीम की ओर से दूसरे सत्र में खेल रहे हैं। एसेक्स के खिलाफ द ओवल में अपने घरेलू मैदान पर खेलते हुए सरे ने पहली पारी में 262 रन बनाए। घरेलू क्रिकेट में तमिलनाडु के लिए सामान्यतः शीर्ष क्रम में खेलने वाले सुदर्शन ने छठे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 47 गेंद में दो चौकों की मदद से 14 रन बनाए। सुदर्शन ने अभी दूसरी पारी में बल्लेबाजी नहीं की है। नॉर्थम्पटनशर और ससेक्स के बीच एक अन्य मुकाबले में आक्रामक बल्लेबाज पृथ्वी ने दो पारियों में 13 चौके लगाए लेकिन बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे। पृथ्वी ने पहली पारी में 22 गेंद में सात चौकों की मदद से 31 रन बनाए जबकि दूसरी पारी में 41 गेंद में छह चौकों से 37 रन जोड़े।



### नाडा मेरा करियर खत्म करना चाहता : बजरंग

**नई दिल्ली।** पहलवान बजरंग पुनिया ने आरोप लगाया कि खामियों को उजागर करने के कारण राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) उनके करियर को खत्म करना चाहता है। नाडा ने 23 अप्रैल को टोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता पूनिया को निलंबित कर दिया था चूंकि उन्होंने 10 मार्च को सोनीपत में हुए चयन ट्रायल के दौरान डोप टेस्ट के लिये नमूने नहीं दिए थे। डोपिंग रोधी अनुशासनात्मक पैनल (एडीडीपी) से हालांकि बजरंग को राहत मिल गई थी, लेकिन नाडा ने 24 जून को बजरंग को दूसरी बार निलंबित कर दिया था। एडीडीपी ने पहला निलंबन इस आधार पर हटा दिया था कि नाडा ने पहलवान को औपचारिक नोटिस देकर आधिकारिक तौर पर उस पर डोपिंग का आरोप नहीं लगाया था। इसके बाद नाडा ने उन्हें नोटिस जारी किया और उन्हें फिर से निलंबित कर दिया। बजरंग ने एक्स पर लिखा ''यह दर्शाता है कि नाडा मुझे कैसे निशाना बना रहा है, वे नहीं चाहते कि मैं किसी भी कीमत पर कुश्ती जारी रखू।''



### मुनरो ने ब्रिस्बेन हीट के साथ करार बढ़ाया

**ब्रिस्बेन।** बिग बैश लीग (बीबीएल) टीम ब्रिसबेन हीट ने न्यूजीलैंड के पूर्व बल्लेबाज कोलिन मुनरो के साथ दो सत्रों के लिए दोबारा करार किया है। न्यूजीलैंड की टी-20 विश्व कप टीम में जगह नहीं बना पाने के बाद इस वर्ष की शुरुआत में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने वाले मुनरो ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में 428 टी-20 मैच खेले हैं और 141.25 के स्ट्राइक रेट से 10,961 रन बनाए हैं, जिसमें पांच शतक और 67 अर्धशतक शामिल हैं। 37 वर्षीय खिलाड़ी हीट के साथ अपने तीसरे सीजन के लिए तैयार हैं और नए नियमों के तहत साइन किए जाने वाले बीबीएल के चौथे खिलाड़ी हैं, जो प्रत्येक क्लब को विदेशी खिलाड़ी ड्राफ्ट से पहले बहु-वर्षीय सौदे पर एक अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी को साइन करने की अनुमति देता है।



### फ्रांस यूरो-2024 के क्वार्टर फाइनल में

**डसेलडोर्फ (जर्मनी)।** रेंडल कोलो मुआनी के शॉट पर आत्मघाती गोल से फ्रांस ने बेल्जियम को 1-0 से हराकर यूरो 2024 फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। दो दिग्गज पड़ोसी टीमों और दुनिया की दूसरे (फ्रांस) तथा तीसरे (बेल्जियम) नंबर की टीमों के बीच हुआ यह प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबला उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा और मैच में सिर्फ एक गोल हो पाया। दूसरे हाफ में स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में उतरे मुआनी ने 85वें मिनट मे तेज शॉट मारा, जो बेल्जियम के डिफेंडर यान वर्टोनगेन से टकराकर गोलकीपर कोएन केस्टील्स के ऊपर से गोल में चला गया।

### डूरंड कप 27 जुलाई से 31 अगस्त तक

**कोलकाता।** भारतीय फुटबॉल के घरेलू सत्र का पहला टूर्नामेंट डूरंड कप 27 जुलाई से 31 अगस्त तक चार स्थानों पर आयोजित किया जाएगा, जिसमें इंडियन सुपर लीग, आई-लीग और अन्य आमंत्रण टीमें प्रतिस्पर्धा करेंगी। एशिया के सबसे पुराने टूर्नामेंट के 133वें सत्र में राउंड-रॉबिन लीग और नॉकआउट प्रारूप में 43 मैच खेले जाएंगे, जिसमें शुरुआती और फाइनल मुकाबला कोलकाता के प्रतिष्ठित विवेकानंद युवा भारती क्रीडांगन (साल्टलेक स्टेडियम) में खेला जाएगा। टूर्नामेंट में 24 टीमें भाग लेंगी, जिन्हें छह ग्रुप में बांटा गया है। हर ग्रुप की शीर्ष टीम के साथ अगली दो सर्वश्रेष्ठ टीमें क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी।

### विंबलडन में सिर्फ युगल मुकाबले खेलेंगे मर्रे

**लंदन।** दो बार के विंबलडन टेनिस चैंपियन एंडी मरे ऑल इंग्लैंड क्लब पर अंतिम बार उतरते हुए सिर्फ युगल मुकाबलों में खेलेंगे। मर्रे की एक हफ्ते से कुछ अधिक समय पहले पीठ की सर्जरी हुई है और मंगलवार को उन्होंने एकल मुकाबलों से हटने का फैसला किया। 37 साल के मर्रे ने सेंटर कोर्ट पर टॉमस मैकेक के खिलाफ मुकाबले से कुछ घंटों पहले एकल वर्ग से हटने का फैसला किया। मर्रे की प्रबंधन टीम ने एक बयान में कहा, ''दुर्भाग्य से, एक सप्ताह पहले ही अपने ऑपरेशन के बाद से उबरने की प्रक्रिया पर कड़ी मेहनत करने के बावजूद, एंडी ने इस साल एकल नहीं खेलने का बहुत कठिन निर्णय लिया है।''



### प्रज्ञानानंदा के सामने डेनियल की चुनौती

**बुकारेस्ट (रोमानिया)।** ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा और डी. गुकेश सुपरबेट क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट में एक दिन के विश्राम के बाद जब छठे दौर के अपने-अपने मुकाबल में उतरेंगे तो तालिका में शीर्ष पर पहुंचने के लिए उन्हें आखिरी के चार दौर में अपने खेल के स्तर को और ऊंचा उठाना होगा। नौ दौर के टूर्नामेंट में पांच दौर के बाद दोनों भारतीय तीन-तीन अंकों के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं। अमेरिका के फैबियानो कारूआना उनसे आधा अंक आगे तालिका में शीर्ष पर है। फ्रांस के अलिरेजा फिरोजा और मैक्सिम वाचिएर-लाग्रेव, रूस के इयान नेपोम्नियाचची और अमेरिक के वेस्ले सो 2.5 अंकों के साथ चौथे स्थान पर हैं। यह चारों खिलाड़ी नीदरलैंड के अनीश गिरी और उजबेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव से आधा अंक आगे हैं। स्थानीय खिलाड़ी डीक बोगदान-डेनियल 1.5 अंकों के साथ तालिका में सबसे नीचे हैं। प्रज्ञानानंदा टूर्नामेंट में अब तक अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में नाकाम रहे है और बेहतर स्थिति में होने के बावजूद उन्होंने कुछ मुकाबलों को ड्रॉ खेला है। छठे दौर में उनके सामने रोमानिया के बोगदान-डेनियल की चुनौती होगी। प्रज्ञानानंदा को इस मुकाबले में जीत का दावेदार माना जा रहा है क्योंकि वह सफेद मोहरों के साथ खेलेंगे। विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर गुकेश के सामने छठे दौर में वाचिएर-लाग्रेव की चुनौती होगी। इस दौर में गुकेश काले मोहरों से खेलेंगे।



# बोलीविया को हराकर पनामा कोपा अमेरिका के क्वार्टर फाइनल में

**एजेंसी, ओरलैंडो**

पनामा ग्रुप-सी मैच में बोलीविया को 3-1 से हराकर दूसरे स्थान पर रहते हुए पहली बार कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने में सफल रहा। पनामा क्वार्टर फाइनल में ग्रुप-डी के विजेता से भिड़ेगा जो ब्राजील या कोलंबिया हो सकता है।

जोस फजार्डो ने लगातार दूसरे मैच में गोल दागते हुए 22वें मिनट में पनामा को बढ़त दिलाई। ब्रूनो मिरांडा ने 69वें मिनट में बोलीविया को बराबरी दिला दी।

एडवर्डो गुइरेरो ने 79वें मिनट में पनामा को 2-1 की बढ़त दिलाई, जबकि सेजार यानिस ने इंजरी टाइम के पहले मिनट में एक और गोल दागकर टीम की 3-1 से जीत सुनिश्चित की। डेनमार्क के कोच थॉमस क्रिस्टियनसन के मार्गदर्शन में पनामा की टीम सिर्फ दूसरी बार कोपा अमेरिका टूर्नामेंट में खेल रही है। ब्राजील की रैफरी एडिना आल्वेस और उनकी सहायक ब्राजील की नेउजा बैक और कोलंबिया की मेरी ब्लांको कोपा अमेरिका टूर्नामेंट में मैदानी अधिकारी की भूमिका निभाने वाली सभी महिला अधिकारियों की पहली तिकड़ी बनी।



मुकाबले के दौरान बोलीविया और पनामा के खिलाड़ी।

## द्रविड़ ने पूरी भारतीय टीम का आभार जताया

**नई दिल्ली।** आईसीसी टी-20 विश्व कप जीतने और भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच के रूप में अपने कार्यकाल के समापन के बाद, महान क्रिकेटर राहुल द्रविड़ ने खिताब जीतने वाली टीम के सामने अपना अंतिम भाषण दिया, और उन्हें उनके समय और योगदान के लिए धन्यवाद दिया।



टी-20 विश्व कप खिताब जीतने के बाद, द्रविड़ का भारत के मुख्य कोच के रूप में कार्यकाल समाप्त हो गया है। गौतम गंभीर और डब्ल्यूवी रमन को पुरुष टीम के मुख्य कोच पद का अगला दावेदार माना जा रहा है। नया मुख्य कोच जुलाई के अंत में श्रीलंका दौरे के दौरान कार्यभार संभालेगा।

## मैं इस जीत के हर पल को जीना चाहता हूं : रोहित

**एजेंसी, ब्रिजटाउन (बारबडोस)**

रोहित शर्मा टी-20 विश्व कप के विजयी कप्तान के टूर्नामेंट के बाद के फोटो शूट के लिए जब यहां समुद्र तट की ओर बढ़े तो उन्होंने ट्रॉफी को एक नवजात शिशु की तरह पकड़ रखा था, एक शांत मुस्कान उनके चेहरे से हटने का नाम नहीं ले रही थी और वह विश्व चैंपियन होने के अहसास से सराबोर थे। आखिर भारतीय टीम ने एक दशक से अधिक समय तक विफल रहने के बाद अंततः विश्व कप जीता।

रोहित ने कहा, ''यह अवास्तविक लगता है। यह एक सपने जैसा लगता है। ऐसा लगता है कि यह हुआ ही नहीं है। हालांकि यह हुआ है, लेकिन ऐसा लगता है कि यह हुआ ही नहीं है।'' रोहित ने कहा, ''पिछली रात हमने अच्छा समय बिताया, हमने तड़के तक टीम के साथियों के साथ खूब मस्ती की।''



वह मुस्कुराने से खुद को नहीं रोक पाए और फिर थोड़े भावुक हो गए। उन्होंने कहा, ''मैं कहूंगा कि मैं ठीक से सो नहीं पाया, लेकिन मुझे इससे कोई फर्फ नहीं पड़ता। मेरे पास वापस जाकर सोने के लिए बहुत समय है। मैं इस पल को जीना चाहता हूं, हर मिनट, हर सेकेंड जो बीत रहा है और मैं इसका पूरा फायदा उठाने की कोशिश करूंगा।''

# सुमित नागल विंबलडन के पहले दौर से ही बाहर

**एजेंसी, लंदन**

भारत के शीर्ष एकल टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने 44 सहज गलतियां की और विंबलडन के पहले दौर में सर्बिया के मियोमिर केकमानोविच के खिलाफ चार सेट में हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गए। पुरुष एकल के मुख्य ड्रॉ में पहली बार हिस्सा ले रहे नागल को दो घंटे 38 मिनट तक चले मुकाबले में 2-6, 6-3, 3-6, 4-6 से हार का सामना करना पड़ा।



दुनिया के 53वें नंबर के खिलाड़ी केकमानोविच के खिलाफ नागल ने एक सेट जीता। भारत के 72वीं रैंकिंग वाले 26 वर्षीय खिलाड़ी ने 47 विनर भी लगाए, लेकिन कुल मिलाकर उन्हें घास के कोर्ट पर संघर्ष करना पड़ा। अंत में नागल केकमानोविच के 122 अंक के मुकाबले केवल 104 अंक ही जुटा पाए। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके नागल पांच साल में विंबलडन पुरुष एकल मुख्य ड्रॉ का मैच खेलने वाले पहले भारतीय हैं। प्रजनेश गुणेश्वरन 2019 में पहले दौर से बाहर हो गए थे। नागल का मौजूदा सत्र शानदार रहा है। उन्होंने इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के मुख्य ड्रॉ के लिए भी क्वालीफाई किया था।

उन्होंने शुरुआती दौर में कजाखस्तान के 31वें वरीय एलेक्जेंडर बुब्लिक को हराया था और 35 साल में किसी ग्रैंडस्लैम में वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को हराने वाले पहले भारतीय पुरुष टेनिस खिलाड़ी बने थे।

# अलकराज का विंबलडन में जीत से आगाज

## पहले दौर में क्वालीफायर लाजल को 7-6 (3), 7-5, 6-2 से दी मात

**एजेंसी, लंदन**

गत चैंपियन कार्लोस अल्कराज ने विंबलडन के पहले दौर में यहां क्वालीफायर मार्क लाजल पर सीधे सेटों में 7-6 (3), 7-5, 6-2 जीत दर्ज की। विश्व रैंकिंग में 269वें स्थान पर काबिज खिलाड़ी लाजल ने हालांकि शुरुआती दो सेट में स्पेन के खिलाड़ी को कड़ी टक्कर दी। तीसरी वरीयता प्राप्त 21 साल के अल्काराज ने भी माना कि एस्तोनिया के खिलाड़ी ने उन्हें 'आश्चर्यचकित' किया।

पुरुष एकल के अन्य मैचों में पांचवीं वरीयता प्राप्त डेनियल मेदवेदेव ने अलेक्जेंडर कोवासिक को 6-3, 6-4, 6-2 से और 8वीं वरीयता प्राप्त कैस्पर रुड ने एलेक्स बोल्ट को 7-6 (2), 6-4, 6-4 से हराया।

गैर-वरीयता प्राप्त कनाडा के डेनिस शापोवालोव ने 19वें नंबर के खिलाड़ी निकोलस जैरी को 6-1, 7-5, 6-4 से हराया। मारिया सक्कारी ने महिला एकल के अपने शुरुआती मुकाबले में मेकार्टनी केसलर 6-3, 6-1 से आसानी से शिकस्त दी।



### नाओमी ओसाका ने विंबलडन में छह साल में पहली बार जीत दर्ज की



**नाओमी** ओसाका ने विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट में छह साल में पहली जीत दर्ज की जब वह डियाने पैरी को हराकर महिला एकल के दूसरे दौर में जगह बनाने में सफल रहीं। आसोका पांच साल विंबलडन में खेली भी नहीं।

बारह महीने पहले आसोका अपनी बेटी शाई के जन्म के कारण टूर का हिस्सा भी नहीं थी। उनकी बेटी मंगलवार को एक साल की हुई। आसोका ने पहले दौर के कड़े मुकाबले में पैरी को 6-1, 1-6, 6-4 से हराया। जनवरी में टूर पर वापसी से पूर्व 15 महीने तक बाहर रहीं ओसाका की विश्व रैंकिंग इस समय 113 है जबकि वह दुनिया की नंबर-1 खिलाड़ी रह चुकी हैं।

# विश्व चैंपियनशिप मैच में गुकेश सिंगापुर में देंगे लिरेन को चुनौती

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत के शतरंज स्टार डी गुकेश और मौजूदा चैम्पियन चीन के डिंग लिरेन के बीच 2024 विश्व चैम्पियनशिप मुकाबले की मेजबानी सिंगापुर करेगा। फिडे ने यह घोषणा की। इसके मायने हैं कि गुकेश दिल्ली या चेन्नई में यह मुकाबला नहीं खेल सकेंगे चूंकि भारत के ये दोनों शहर सिंगापुर से पिछड़ गए। अढ़ाई मिलियन डॉलर (लगभग 21 करोड़ रुपए) पुरस्कार राशि वाला यह मुकाबला 20 नवंबर से 15 दिसंबर के बीच होगा।

तमिलनाडु सरकार और अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) ने विश्व शतरंज संस्था फिडे को मेजबानी अलग-अलग बोलियां सौंपी थीं। फिडे ने एक विज्ञप्ति में कहा ,''सिंगापुर सरकार से समर्थन के साथ सिंगापुर शतरंज महासंघ ने फिडे विश्व चैम्पियनशिप मैच 2024 की मेजबानी हासिल की है। सभी दावेदारों की समीक्षा, आयोजन स्थलों, सुविधाओं, कार्यक्रम और मौकों की समीक्षा के बाद अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ ने सिंगापुर को चुना है।''

गुकेश ने कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट जीतकर सबसे कम उम्र के विश्व चैलेंजर बनकर इतिहास रचा था। उन्होंने महान गैरी कास्परोव के 40 साल पुराने रिकॉर्ड को अपने नाम किया था।

### भारत को नहीं मिली मेजबानी



**यूरो-2024** निर्धारित समय तक दोनों टीमें नहीं कर सकी गोल, शूटआउट से हुआ फैसला

# स्लोवेनिया को हराकर पुर्तगाल क्वार्टर फाइनल में

**एजेंसी, बर्लिन**

पुर्तगाल ने फ्रैंकफर्ट के ड्यूश-बैंक-पार्क में यूरो-2024 के अंतिम 16 मैच में स्लोवेनिया को पेनल्टी शूटआउट में 3-0 से हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। पुर्तगाल की इस जीत के हीरो गोलकीपर डिओगो कोस्टा रहे, जिन्होंने शूटआउट में तीन पेनल्टी बचाए। पुर्तगाल ने मैच की शुरुआत से ही गेंद पर कब्जा जमाया और शुरुआती चरणों में स्लोवेनिया को पीछे धकेल दिया।

हालांकि, इसके बावजूद पुर्तगाली टीम को अपने दबदबे को गोल में बदलने के लिए संघर्ष करना पड़ा। तय समय तक कोई भी गोल नहीं होने से मैच पेनल्टी शूटआउट में चला गया। रोनाल्डो ने शूटआउट में गोल कर पुर्तगाल का खाता खोला। इसके बाद गोलकीपर डिओगो कोस्टा ने फिर अकेले ही पुर्तगाल को आगे बढ़ने में मदद की और जोसिप इलिसिक, जुरे बाल्कोवेक और बेंजामिन वर्बिक की पेनल्टी गोल को बचा लिया। बर्नार्डो सिल्वा ने इसके बाद अपनी सफल पेनल्टी से पुर्तगाल की जीत पक्की कर दी। अब अंतिम 8 में पुर्तगाल का सामना हैम्बर्ग के वोक्सपार्कस्टेडियन में फ्रांस से होगा।



पेनल्टी शूटआउट में स्लोवेनिया के खिलाफ गोल का बचाव करता पुर्तगाल का गोलकीपर डिओगो कोस्टा।

### स्कोर कार्ड

| पुर्तगाल | | स्लोवेनिया |
|---|---|---|
| 20 | शॉट | 10 |
| 06 | लक्ष्य पर शॉट | 02 |
| 72% | नियंत्रण | 28% |
| 770 | पास | 306 |
| 12 | फाऊल | 19 |
| 01 | येलो कॉर्ड | 05 |
| 00 | रेड कॉर्ड | 00 |
| 04 | ऑफ साइड | 06 |
| 11 | कार्नर | 04 |

## न्यूज ब्रीफ

### हरियाणा में चलती मालगाड़ी से गिरे कंटेनर

**करनाल।** हरियाणा के करनाल में मंगलवार सुबह तरावड़ी रेलवे स्टेशन के पास चलती मालगाड़ी से करीब 10 कंटेनर गिर गए। कंटेनर गिरने की वजह से बिजली लाइन और रेलवे ट्रैक को नुकसान पहुंचा है। रेलवे अधिकारियों ने दिल्ली से अमृतसर के बीच चलने वाली ट्रेनों का संचालन रोक दिया है। ये हादसा तरावड़ी में रेलवे ट्रैक पर हुआ। रेलवे ट्रैक पर चलती मालगाड़ी के 8 कंटेनर गिर गए। हादसे के बाद दोनों तरफ की ट्रेनों को रुकवा दिया गया है। पुलिस और रेलवे विभाग की टीम मौके पर पहुंची हुई। इस हादसे रेलवे ट्रैक और बिजली के खंभे बाधित हुए हैं। करनाल के तरावड़ी में रेलवे विभाग की टीम ने बाधित हुए ट्रैक को ठीक करने का काम शुरू कर दिया है।

### 10 लाख के 2 इनामी नक्सलियों ने किया समर्पण

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में पुलिस को मंगलवार को बड़ी सफलता मिली जब 10 लाख के दो इनामी नक्सलियों ने समर्पण किया। सुकमा जिलें में सक्रिय पांच-पांच लाख रुपये के इनामी महिला माओवादी सहित दो हाडर्कोर नक्सलियों ने पुलिस एवं सीआरपीएफ के अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पित महिला माओवादी लगभग 22-23 वर्ष एवं पुरुष माओवादी लगभग 14-15 वर्षों तक माओवादी संगठन में सक्रिय रहकर कई बड़ी-बड़ी माओवादी घटनाओं को अंजाम दिया था।

### वंशप्रीत को भारतीय टीम में चुने जाने पर दी बधाई



**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष जतिंदर पाल मल्होत्रा और प्रदेश महासचिव हुकम चंद ने खुड्डा अली शेर के कमलजीत सिंह के बेटे वंशप्रीत सिंह थिंद से मुलाकात कर उन्हें सीनियर पुरुष रोलर डर्बी में विश्व कप के लिए भारतीय टीम में चुने जाने बधाई दी। इस अवसर मल्होत्रा ने कहा कि वंशप्रीत चंडीगढ़ को गौरवान्वित किया है। मल्होत्रा ने आश्वासन दिया कि हम हर प्रकार की मदद करने के लिए तैयार हैं। (अनंत ज्ञान)

### मुनि गौरवानंद गिरि की पुण्यतिथि पर किया सत्संग



**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़।** भगवान की लीला गायन और लीला श्रवण से हृदय में प्रेम जागृत होता है। सत्य मानिए कि जीव संसार में सभीकुछ प्राप्त कर सकता है परंतु विशुद्ध प्रेम प्राप्त करना संसार में नितांत दुर्लभ विषय है।जैसे जैसे जीव भगवान की मंगल मई लीलाओं का चिंतन करता है और दृढ़ता पूर्वक प्रभु के नाम का स्मरण करता है तो धीरे धीरे हृदय की दुर्भावनाओं का नाश होने लगता है और चित्त प्रेम युक्त होकर प्रभु के योग्य हो जाता है। यह प्रवचन सेक्टर 23 डी स्थित श्री महावीर मंदिर मुनि सभा में ब्रह्मलीन श्री सतगुरु देव श्री श्री 108 श्री मुनि गौरवानंद गिरि जी महाराज की 37वीं पुण्य बरसी समारोह के उपलक्ष्य पर पठानकोट से आए कथा व्यास अतुल कृष्ण शास्त्री ने श्रद्धालुओं को दिए। (अनंत ज्ञान)

### भारत-थाईलैंड का संयुक्त सैन्य अभ्यास शुरू

**नई दिल्ली।** भारत और थाईलैंड की सेनाओं के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'मैत्री' थाईलैंड के टाक प्रांत के फोर्ट वाचिराप्रकन में शुरू हो गया है, जो 15 जुलाई तक चलेगा। अभ्यास के 13वें संस्करण में भाग लेने के लिए भारतीय सेना की टुकड़ी सोमवार को थाईलैंड रवाना हुई थी। इसी अभ्यास का पिछला संस्करण सितंबर, 2019 में मेघालय के उमरोई में हुआ था। इस सैन्य अभ्यास में भाग लेने गई भारतीय सेना की टुकड़ी में 76 कर्मी हैं। लद्दाख स्काउट्स की एक बटालियन के साथ-साथ अन्य शाखाओं और सेवाओं के कर्मी भाग ले रहे हैं। रॉयल थाईलैंड आर्मी की टुकड़ी में भी 76 कर्मी शामिल हैं, जिनमें मुख्य रूप से 4 डिवीजन की 14 इन्फेंट्री रेजिमेंट की पहली बटालियन से हैं। मैत्री अभ्यास का उद्देश्य भारत और थाईलैंड के बीच सैन्य सहयोग को प्रोत्साहन देना है।

### 22 करोड़ की कोकीन के साथ विदेशी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीमा शुल्क अधिकारियों ने कैमरून के एक व्यक्ति को 22 करोड़ रुपए की कोकीन की तस्करी के आरोप में दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया है। सीमा शुल्क विभाग ने जारी बयान में कहा कि यात्री और उसके सामान की तलाशी के दौरान 70 कैप्सूल बरामद किए गए जिनमें सफेद रंग के पाउडर जैसा पदार्थ था। कैप्सूल में 1,472.5 ग्राम सफेद पाउडर जैसा पदार्थ मिला, जो कोकीन थी, जिसकी कीमत 22.09 करोड़ रुपये है।

### असम में बाढ़, वायुसेना ने 13 लोग बचाए

**गुवाहाटी।** असम में बाढ़ से गंभीर स्थिति बनी हुई है। बाढ़ से 6.5 लाख से अधिक लोग जूझ रहे हैं। भारतीय वायुसेना (आईएएफ) ने बाढ़ से गंभीर रूप से प्रभावित डिब्रूगढ़ जिले में फंसे 13 मछुआरों को बचाया है। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) ने भारतीय वायुसेना से डिब्रूगढ़ के हटिया अली में, बाढ़ के पानी में फंसे मछुआरों को बचाने का अनुरोध किया। एएसडीएमए ने भारतीय वायुसेना से फंसे हुए 13 मछुआरों को हेलिकॉप्टर की मदद से निकालने का अनुरोध किया। इसका सारा खर्च एएसडीएमए की ओर से वहन किया जाएगा।

### अनंतनाग में आग से 10 घर और 8 दुकानें जलीं



**अनंतनाग।** दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग में आग लगने की घटना में दस रिहायशी घर और आठ दुकानें जलकर राख हो गईं। सोमवार देर रात को एक रिहायशी घर में आग लग गई और यह तेजी से आस-पास के घरों में भी फैल गई जिससे दस घरों को भारी नुकसान पहुंचा। उन्होंने बताया कि इस घटना में आठ दुकानें भी जलकर राख हो गईं। उन्होंने बताया कि आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है। इस बीच अधिकारी नुकसान का आकलन करने के लिए मौके पर पहुंच गए हैं।

### तृणमूल नेता अराबुल को मिली जमानत

**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने हत्या के मामले में गिरफ्तार तृणमूल नेता अराबुल इस्लाम को जमानत दे दी है। न्यायमूर्ति अरिजीत बनर्जी और न्यायमूर्ति प्रसेनजीत विश्वास की खंडपीठ ने मंगलवार को जमानत दी। इससे पहले अराबुल को नौ अन्य मामलों में जमानत मिल चुकी है। भांगड़ का पूर्व विधायक अब जेल से रिहा होंगे। अराबुल को आठ फरवरी को गिरफ्तार किया गया था। तृणमूल नेता पर हत्या के अलावा सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने, आग्नेयास्त्रों से सामूहिक हमला करने की धाराएं लगाई गई हैं।

### भारत के साथ हमारे संबंध मजबूत हुए: अमेरिका



**वाशिंगटन।** अमेरिकी विदेश विभाग के उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच संबंध पहले से और अधिक मजबूत हुए हैं। भारत चाहे ईरान और रूस के साथ संबंधों को आगे बढ़ा रहा है, लेकिन अमेरिका कई प्रमुख क्षेत्रों में विशेष रूप से आर्थिक संबंधों और सुरक्षा सहयोग में उसके (भारत) साथ अपने संबंधों को मजबूत कर रहा है। पटेल ने कहा कि भारत एक ऐसा देश है, जिसके साथ हम कई प्रमुख क्षेत्रों में अपने संबंधों को गहरा कर रहे हैं, खासकर जब यह हमारे आर्थिक संबंधों और सुरक्षा सहयोग को मजबूत करने से संबंधित है।

# राहुल के बयान पर गुजरात में बवाल भाजपा-कांग्रेस कार्यकर्ताओं में झड़प

**एजेंसी, अहमदाबाद**

लोकसभा में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के हिंदुओं पर दिए गए बयान को लेकर गुजरात में बवाल बढ़ता रहा है। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा रात में दफ्तर पर धावा बोला गया था। इसके बाद कांग्रेस ने खुलकर सामने आकर हमला करने की चुनौती थी।

शाम होते-होते बीजेपी युवा मोर्चा के कार्यकर्ता अहमदाबाद स्थित राजीव भवन पर जुट गए। पुलिस की मौजूदगी में पहले कांग्रेस और बीजेपी के कार्यकर्ताओं के बीच नारेबाजी हुई। इसके बाद देखते ही देखते झड़प हो गई। पुलिस ने किसी तरह से स्थिति को संभाला। इस दौरान कुछ पत्थर कांग्रेस दफ्तर की तरफ फेंके गए। कांग्रेस और बीजेपी कार्यकर्ताओं के बीच सीधी झड़प उस वक्त पर हुई जब लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन चल रहा था।



आपस में भिड़ते कांग्रेस और भाजपा के कार्यकर्ता।

अहमदाबाद में राजीव भवन के बाहर कांग्रेस और बीजेपी कार्यकताओं के बीच नारेबाजी और झड़प को लेकर अहमदाबाद पुलिस ने कुछ कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया है।

डिप्टी एसपी शिवम वर्मा पूरी घटना की जांच की जा रही है। इसमें पता लगाया जा रहा है कि इतनी बड़ी संख्या पत्थर कहां से आ गए?

### राहुल गांधी की हरकतें कॉलेज छात्र जैसी : उमा

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा की वरिष्ठ नेता उमा भारती ने राहुल गांधी के बयान पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा है कि हिंदू या तो हिंसा के शिकार हुए हैं या हिंसा का सामना किया है। संसद में राहुल गांधी का व्यवहार एवं भाषण विपक्ष के नेता की तरह नहीं, किसी कॉलेज के खल छात्र नेता की तरह था।

### संजय राउत ने किया राहुल का समर्थन



**मुंबई।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की संसद में की गई टिप्पणी से इन दिनों देश की सियासत गरमाई हुई है। एक ओर जहां बीजेपी राहुल गांधी से माफी की मांग कर रही है तो दूसरी ओर शिवसेना राहुल गांधी के समर्थन में उतर आई है। शिवसेना यूबीटी के नेता संजय राउत ने मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि सोमवार को राहुल गांधी ने कहा कि हिंदुत्व भाजपा के बराबर नहीं है। हिंदुत्व नफरत फैलाने को बढ़ावा नहीं देता है। हम भाजपा द्वारा चित्रित नकली हिंदुत्व के साथ नहीं हैं। उन्होंने कहा कि राहुल ने हिंदुओं के बारे में कुछ भी गलत नहीं कहा। जो लोग खुद को हिंदू मानते हैं, उन्हें फिर से भाषण सुनना चाहिए।

## आरटीओ ऑफिस के पास हो कॉमन सर्विस सेंटर की व्यवस्था : धामी



**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को सचिवालय में परिवहन विभाग की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि यह सुनिश्चत किया जाए कि लोगों को लाइसेंस के लिए आवेदन करने और स्लॉट मिलने में परेशानी न हो। आरटीओ ऑफिस के आसपास कॉमन सर्विस सेंटर की व्यवस्था की जाए।

मुख्यमंत्री ने शासन के वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समय-समय पर जन सुविधाओं से जुड़े कार्यालयों का औचक निरीक्षण करें। उन्होंने कहा कि सभी विभाग पिछले तीन सालों में किये गये 10 महत्वपूर्ण कार्यों और जुलाई 2026 तक विभागों को 10-10 कौन से महत्वपूर्ण कार्य पूर्ण करने हैं, इसका स्पष्ट ब्यौरा उपलब्ध करवाएं।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि बेहतर एवं सुगम नागरिक केंद्रित सेवाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। ऑनलाइन सेवाओं को व्यावहारिक बनाने की दिशा में और प्रयास किये जाने, सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को निरंतर जागरूक किये जाने, ऑनलाईन माध्यम से चालान की प्रक्रियाओं पर अधिक ध्यान दिये जाने के साथ यातायात के नियमों का अनुपालन सुनिश्चत किए जाने के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिये, उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के लिए सभी संबंधित विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने, परिवहन निगम की बसों के बेड़े के सुदृढ़ीकरण पर विशेष ध्यान दिए जाने को कहा। (अनंत ज्ञान)

## सांसद इंजीनियर राशिद पांच जुलाई को लेंगे पद की शपथ

**अशोक ठाकुर, जम्मू**

बारामुला में लोकसभा चुनाव जीत चुके इंजीनियर राशिद को सांसद के रूप में शपथ लेने की अनुमति अदालत से मिल गई है। वह पांच जुलाई को शपथ लेंगे। जम्मू कश्मीर के बारामुला में लोकसभा चुनाव जीत चुके इंजीनियर राशिद को सांसद के रूप में शपथ लेने की अनुमति अदालत से मिल गई है। वह पांच जुलाई को शपथ लेंगे। दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने रशीद को पैरोल दे दी है।



वह अभी तिहाड़ जेल में बंद है। जेल में रहते हुए ही उन्होंने चुनाव लड़ा था राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने सोमवार को रशीद के शपथ लेने पर सहमति दी। इसके बाद मंगलवार को उन्हें पैरोल मिल गई है। उन्हें अनुमति कुछ शर्तों के साथ दी गई है, जिनमें से मीडिया से बातचीत न करना भी शामिल है। राशिद ने शपथ लेने और अपने संसदीय कार्यों को करने के लिए अंतरिम जमानत या वैकल्पिक रूप से हिरासत में पैरोल की मांग करते हुए अदालत का रुख किया था। अदालत ने 22 जून को मामले को स्थगित कर दिया था और एनआईए से अपना जवाब दाखिल करने को कहा था। इंजीनियर राशिद के नाम से मशहूर शेख अब्दुल राशिद आतंकी फंडिंग मामले में 2019 से तिहाड़ जेल में बंद है। जेल में रहकर ही उन्होंने उत्तरी कश्मीर की बारामुला सीट से चुनाव लड़ा था और उमर अब्दुल्ला और सज्जाद लोन को हराया था। (अनंत ज्ञान)

### चंडीगढ़ में हुई झमाझम बारिश



**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़।** मंगलवार को चंडीगढ़ में मानसून की एंट्री हुई। सुबह लगभग दो घंटे झमाझम तेज बरसात हुई। मानसून की पहली बारिश शहर के कई जख्म दे गई है। सिर्फ दो घंटे की बारिश से कई जगह नुकसान हुआ है। मंगलवार को मानसून की पहली बारिश ने बीते साल की यादें ताजा कर दी हैं। लोगों को पुराने दिन याद आ गए हैं। गत ह्य12 जुलाई से लगातार 3 दिन शहर में भारी बरसात हुई थी। शहर की अधिकांश सड़कें पानी से लबालब थी। कई पुल बह गए थे और सड़कें टूट गई थीं। सेक्टर-19 की पालिका बाजार की दुकानों में पानी भर गया था। (अनंत ज्ञान)

## चंडीगढ़ के 42 स्कूलों में 11वीं कक्षा के 11,412 विद्यार्थियों ने लिया दाखिला

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

शहर के 42 सीनियर सेकेंडरी स्कूलों में 11वीं कक्षा की 13,875 सीटों पर 11,412 विद्यार्थियों को पहली काउंसलिंग के तहत दाखिला मिल गया है। 2,463 सीटें अभी खाली हैं। इन सीटों पर दाखिले के लिए दूसरी काउंसलिंग आयोजित की जाएगी। इसमें उन बच्चों को प्रवेश के लिए मौका मिलेगा, जिनका नाम पहली प्रोविजनल सूची में नहीं था।

शिक्षा विभाग 10 जुलाई तक दूसरी काउंसलिंग को लेकर जानकारी जारी कर सकता है। कुल सीटों पर विभाग द्वारा जारी की स्कूल आवंटन सूची में विद्यार्थियों को 12,491 सीटें आवंटित की गईं। स्कूल-संकाय आवंटन सूची में से 1079 विद्यार्थियों का दाखिला नहीं हुआ या वह दस्तावेज सत्यापन करने स्कूल नहीं पहुंचे। मानविकी की 7,060 सीटों में 5,841 विद्यार्थियों का दाखिला हुआ है और 1,219 सीटें खाली बची हैं।



सभी संकायों में से खाली सीटों की सबसे अधिक संख्या मानविकी में है। नॉन मेडिकल की 2,090 सीटों में से 1,814 पर दाखिला हो चुका है, 276 खाली हैं। मेडिकल में 990 सीटों में से 916 भर गई हैं और 74 खाली हैं। कॉमर्स की 1980 में से 1767 पर दाखिला हो चुका है और 213 खाली बची हैं।

कौशल कोर्स की 1755 सीटें हैं, जिनमें से 1074 पर विद्यार्थी दाखिला ले चुके हैं और 681 खाली हैं। स्कूल शिक्षा निदेशक हरसुहिंदर पाल सिंह बराड़ ने बताया कि वह जल्द ही दूसरी काउंसलिंग के लिए तिथि निर्धारित करेंगे। (अनंत ज्ञान)

## अब जलवायु परिवर्तन को नहीं किया जा सकता नजरअंदाज : सीजेआई

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**हरित जीवनशैली पर दिया जोर**



भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ ने मंगलवार को दैनिक जीवन में हरित जीवनशैली को शामिल करने पर जोर दिया। यह बात सीजेआई चंद्रचूड़ ने नई दिल्ली में कड़कड़डूमा, शास्त्री पार्क और रोहिणी में तीन न्यायालय भवनों की आधारशिला रखने के बाद समारोह को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि अब जलवायु परिवर्तन को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। सीजेआई ने राजधानी में हाल ही में एक ही दिन में दो हीटवेव और उसके बाद हुई रिकॉर्ड तोड़ बारिश का जिक्र किया। इस साल दिल्ली में सबसे ज्यादा गर्मी दर्ज की गई।

हमारे बुनियादी ढांचे में वह वास्तविकता झलकनी चाहिए जिसमें हम रहते हैं। जलवायु परिवर्तन को अब और नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। एक महत्वपूर्ण कदम हमारे दैनिक जीवन में हरित जीवनशैली को शामिल करना है, जिसमें कार्बन उत्सर्जन को कम करना शामिल है। सीजेआई ने कहा कि उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि जीआरआईएचए-रेटेड ये नई अदालती इमारतें हीट आइलैंड शमन और पर्यावरण पदचिह्न को कम करने पर ध्यान केंद्रित करेंगी।

ग्रीन रेटेड इंटीग्रेटेड हैबिटेट असेसमेंट (जीआरआईएचए)- एक रेटिंग टूल जो लोगों को कुछ राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकार्य पर्यावरणीय मानदंडों के आधार पर अपने भवन के प्रदर्शन का आकलन करने में मदद करता है। उन्होंने कहा कि सभी इमारतों की तरह न्यायालय परिसर भी सिर्फ ईंटों और कंक्रीट से नहीं बने होते। वे उम्मीदों से बने होते हैं।

### सेबी ने अमेरिकी कंपनी हिंडनबर्ग को भेजा नोटिस

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने अमेरिकी वित्तीय शोध कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च को कारण बताओ नोटिस भेजा है। यह नोटिस अडाणी समूह के शेयरों पर दांव लगाने के कथित उल्लंघन पर जारी किया है। अडाणी समूह पर स्टॉक मैनिपुलेशन करने का आरोप लगाया गया था। हिंडनबर्ग रिसर्च ने सेबी का नोटिस मिलने की जानकारी दी है। उसने नोटिस पर नाराजगी जाहिर की है। हिंडनबर्ग ने कहा कि भ्रष्टाचार और धोखाधड़ी को उजागर करने वालों को चुप कराने की कोशिश की जा रही है। उल्लेखनीय है कि अडाणी समूह की कंपनियों पर शेयरों में हेराफेरी का आरोप लगाने के बाद समूह की कंपनियों और निवेशको बड़ा नुकसान हुआ था।

## कुपवाड़ा में हथियार और गोला बारूद का जखीरा बरामद



**एजेंसी, कुपवाड़ा**

**कुपवाड़ा** जिले के दारपोरा क्रालपोरा के नंगरी वन क्षेत्र में तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने मंगलवार को हथियारों, गोला-बारूद और विस्फोटकों का एक बड़ा जखीरा बरामद किया है।

कुपवाड़ा पुलिस ने सेना और बीएसएफ के सहयोग से कुपवाड़ा के दारपोरा क्रालपोरा के नंगरी वन क्षेत्र में एक संयुक्त तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान सुरक्षाबलों ने हथियारों, गोला-बारूद और विस्फोटकों का एक बड़ा जखीरा बरामद किया। जब्त किए गए हथियारों में 8 एके मैगजीन, 445 जिंदा एके राउंड, 1 पिस्तौल, 3 पिस्तौल मैगजीन, 13 जिंदा पिस्तौल राउंड और 1 हथगोला हैं।

## केन्या में प्रदर्शन से अब तक 39 लोगों की मौत, 361 जख्मी

**एएनआई, नैरोबी**

**केन्या** में नई कर वृद्धि के खिलाफ सरकार विरोधी प्रदर्शनों में अब तक 39 लोगों की जान चली गई। एएनआई के मुताबिक, प्रदर्शनकारियों ने केन्या में इस सप्ताह एक नए दौर के विरोध प्रदर्शन के लिए कमर कस ली है। केन्या नेशनल कमीशन ऑन ह्यूमन राइट्स (केएनसीएचआर) ने मृतकों की संख्या की घोषणा की।

केएनसीएचआर के रिकॉर्ड के मुताबिक केन्या में देशव्यापी कर कानून के विरोध प्रदर्शनों के संबंध में 39 लोग मारे गए हैं और 361 घायल हुए हैं।

### बृज भूषण की याचिका पर सुनवाई स्थगित

**नई दिल्ली।** राऊज एवेन्यू कोर्ट ने मंगलवार को सेक्शुअल हैरेसमेंट केस में बृज भूषण शरण सिंह की याचिका पर सुनवाई स्थगित कर दी है। इस याचिका में उन्होंने विदेश यात्रा पर रोक लगाने वाले डॉक्यूमेंट्स मांगे थे, लेकिन इस सुनवाई पर पब्लिक प्रॉसिक्यूटर मौजूद नहीं थे, इसलिए सुनवाई 11 जुलाई को होगी।

## एएसआई ने भोजशाला सर्वेक्षण की रिपोर्ट पेश करने को मांगी चार हफ्तों की मोहलत

**एजेंसी, मध्य प्रदेश**

**मध्यप्रदेश** में धार के भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद परिसर के सर्वेक्षण की रिपोर्ट पेश करने के लिए चार हफ्तों की मोहलत की मांग करते हुए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में मंगलवार को अर्जी दायर की। अर्जी में दलील दी कि हैदराबाद के राष्ट्रीय भू-भौतिकीय अनुसंधान संस्थान ने इस विवादित परिसर के 'ग्राउंड पेनेट्रेटिंग रडार -ज्योग्राफिक इन्फर्मेशन सिस्टम' सर्वेक्षण के दौरान जमा किए गए विशाल डाटा का अध्ययन करके अंतिम रिपोर्ट पेश करने के लिए एएसआई से तीन हफ्ते का समय मांगा है। हाईकोर्ट की इंदौर पीठ के आदेश के मुताबिक, एएसआई को भोजशाला परिसर के सर्वेक्षण की संपूर्ण रिपोर्ट दो जुलाई तक पेश करनी थी। एएसआई की मंगलवार को पेश ताजा अर्जी पर उच्च न्यायालय में वीरवार को सुनवाई हो सकती है।

**इजाफा** कृषि और इंडस्ट्री क्षेत्र में उपयोग किए जाने वाले कमर्शियल वाहनों की मांग में भी वृद्धि

## भारत के ऑटो सेक्टर में तेजी, बिक्री बढ़ी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारतीय** अर्थव्यवस्था के तेज गति से आगे बढ़ने के कारण ऑटो सेक्टर में तेजी बनी हुई है। इसके कारण दोपहिया, कारों और कमर्शियल वाहनों की बिक्री में इजाफा हो रहा है। ऑटो सेक्टर से जुड़े लोगों के मुताबिक, एसयूवी सेगमेंट में नए लांच होने के कारण यात्री वाहनों की ब्रिकी बढ़ रही है। वहीं, ग्रामीण इलाकों की आय बढ़ने की वजह से दोपहिया वाहनों की ब्रिकी में इजाफा हुआ है।



कृषि और इंडस्ट्री क्षेत्र में उपयोग किए जाने वाले कमर्शियल वाहनों की मांग में भी इजाफा हुआ है, जो कि दिखाता है कि देश में आर्थिक गतिविधियां बढ़ी हैं। टाटा मोटर्स की कमर्शियल इकाई की ओर से जून 2024 में 15,224 (घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर) वाहनों की ब्रिकी की गई। यह आंकड़ा जून 2023 में 14,770 पर था। वित्त वर्ष 25 की पहली तिमाही में कुल 41,974 वाहनों की ब्रिकी हुई है। यह वित्त वर्ष 24 में समान अवधि में 36,577 था। देश की सबसे बड़ी कार विक्रेता कंपनी मारुति की भी जून 2024 में सालाना आधार पर बिक्री 3 प्रतिशत से बढ़कर 1,37,160 यूनिट्स हो गई है, जो कि जून 2023 में 1,33,037 यूनिट्स थी। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में कंपनी की बिक्री सालाना आधार पर 1.2 प्रतिशत बढ़कर 4,19,114 यूनिट्स हो गई है। यात्री वाहन कंपनी हुंडई की बिक्री में भी इजाफा हुआ है। कैलेंडर वर्ष 2024 की पहली छमाही में कंपनी की ब्रिकी में सालाना आधार पर 5.68 प्रतिशत की बढ़त हुई है। घरेलू बिक्री का 66 प्रतिशत हिस्सा एसयूवी की बिक्री से आया है।

## गाजा में इसराइली हवाई हमले पांच फिलिस्तीनियों की मौत

**एजेंसी, गाजा**



इसराइली सेना ने गाजा शहर में एक सभा पर हवाई हमले किए। इसमें पांच फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। इसराइली सेना ने गाजा पट्टी के दक्षिण में पूर्वी खान यूनिस के लोगों को तुरंत जगह खाली करने का आग्रह किया है।

फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने समाचार एजेंसी शिन्हुआ को बताया, इसराइली विमानों ने सोमवार को गाजा शहर के अल-जला स्ट्रीट पर एकत्र हुए लोगों को निशाना बनाया। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में हवाई हमले के बाद लोग जमीन पर लेटे हुए दिखाई दे रहे हैं। हवाई हमले में पांच लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। सभी को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। यह हमला तब हुआ जब इसराइली सैन्य प्रवक्ता अविचाई अद्राई ने एक्स पर एक पोस्ट में खान यूनिस के पूर्व के इलाकों में रहने वाले निवासियों और विस्थापित लोगों से तुरंत मानवीय क्षेत्र में जाने का आग्रह किया।